






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 262

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 06 जुलाई, 2024


# भारतवंशी ऋषि सुनक हारे

## सुनक ने किंग चार्ल्स को इस्तीफा सौंपा, 200 साल में कंजर्वेटिव पार्टी की सबसे बड़ी हार, कीर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बनेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लंदन

तारीख 25 अक्टूबर 2022, ऋषि सुनक 10 डाउनिंग स्ट्रीट यानी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री आवास में पत्नी और कुत्ते के साथ पहला कदम रखते हैं। उन्हें पार्टी की अंतर्कलह की वजह से प्रधानमंत्री की कुर्सी मिली थी। ठीक 620 दिन बाद 5 जून 2024 को सुनक लंदन की उसी 10 डाउनिंग स्ट्रीट से अपने परिवार के साथ बाहर आकर अपनी हार कबूल करेंगे। उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को 14 साल बाद चुनाव में हार मिली है। इसकी वजह पार्टी की उसी अंतर्कलह को बताया जा रहा है जो उन्हें सत्ता में लाई थी। चुनाव से पहले ही सरकार में इस्तीफों की झड़ी लग गई थी। साल भर में 3 मंत्रियों और 78 सांसदों ने इस्तीफा देकर चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। लगातार 14 साल से सत्ता में रही कंजर्वेटिव पार्टी की हालत ऐसी कैसे हुई, सुनक ने पीएम रहते क्या गलतियां कीं जो पार्टी को इतनी करारी हार झेलनी पड़ी। सुनक और स्टार्मर दोनों ने अपनी-अपनी सीटों पर जीत हासिल की है। सुनक ने रिचमंड एंड नॉर्थलर्टन सीट से जीत दर्ज की।



### ऐतिहासिक जीत पर पीएम मोदी ने कीर स्टार्मर को दी बधाई

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ब्रिटेन के आम चुनाव में उल्लेखनीय जीत के लिए कीर स्टार्मर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मैं सभी क्षेत्रों में भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, आपसी विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए हमारे सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग की आशा करता हूं।

### पीएम मोदी ने की ऋषि सुनक की सराहना

पीएम मोदी ने निवर्तमान प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ब्रिटेन में आपके सराहनीय नेतृत्व और अपने कार्यकाल के दौरान भारत-ब्रिटेन के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए ऋषि सुनक को धन्यवाद। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

### प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक का आखिरी संबोधन

ऋषि सुनक ने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री के रूप में अपना इस्तीफा दे रहा हूं। सबसे पहले मैं आप सभी से माफी मांगना चाहता हूं। आप सभी ने जनादेश दिया है कि ब्रिटेन की सरकार में आवश्यक रूप से बदलाव होना चाहिए। आप लोगों का फैसला बहुत मायने रखता है। मैंने आपका गुस्सा और आपकी निराशा को देखा और इस नुकसान की मैं पूरी तरह से जिम्मेदारी लेता हूं। मैं कंजर्वेटिव पार्टी के उन सभी कार्यकर्ताओं से भी माफी मांगता हूं, जिन्होंने दिन रात एक कर चुनाव प्रचार में जी जान लगा दी। मुझे इस बात का दुख है कि सभी कार्यकर्ताओं ने हमारे देश और हमारे लोगों के लिए मेहनत की लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। उन उन सभी की मेहनत और उनकी सेवाओं के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। इसी के साथ मैं पार्टी प्रमुख के रूप में भी इस्तीफा देता हूं। जब तक मेरे उत्तराधिकारी की तलाश खत्म नहीं होती, मैं तब तब पार्टी प्रमुख बना रहूंगा।'

### मैं कीर स्टारमर को बधाई देता हूं: सुनक

ऋषि सुनक ने आगे कहा, 'जब मैं प्रधानमंत्री बना था तो मैंने आपसे वादा किया था कि देश में आर्थिक स्थिरता लाऊंगा। वादे के मुताबिक देश में आर्थिक स्थिरता लाई गई। हमने वैश्विक स्तर पर भी कई देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया। इसके अलावा वैश्विक मंच पर यूक्रेन की मदद के लिए तमाम कोशिशें भी की। मुझे इन उपलब्धियों पर गर्व है। मेरा मानना है कि हमारा देश और अधिक मजबूत और सुरक्षित हुआ है। अब कीर स्टार्मर देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उनकी सफलताएं, हमारे देश की भी सफलता साबित होगी। मैं अपनी पत्नी अक्षता और मेरी बेटियों को मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद अदा करता हूं। मैं आपके प्रधानमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त हो रहा हूं। ब्रिटेन इस विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश है। हमारी सफलताओं के मुख्य स्रोत ब्रिटेन के नागरिकों का मैं शुक्रगुजार हूं।'

### ऋषि सुनक ने किंग चार्ल्स को इस्तीफा दिया

ऋषि सुनक ने बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स को इस्तीफा सौंप दिया है। चार्ल्स ने इसे स्वीकार भी कर लिया। बकिंघम पैलेस ने इसकी पुष्टि की है। अब थोड़ी देर में किंग लेबर पार्टी के लीडर कीर स्टार्मर को सरकार बनाने का न्योता देंगे। इसके बाद स्टार्मर 10 डाउनिंग स्ट्रीट जाएंगे। वहां से वे जनता को संबोधित करेंगे।

### स्टार्मर की सबसे बड़ी चुनौती इकोनॉमी

कीर स्टार्मर के सामने सबसे बड़ी चुनौती इकोनॉमी को पटरी पर लाने की है। ब्रिटेन के 70 सालों के इतिहास में टैक्स की दरें सबसे अधिक हैं। ब्याज दर 5 प्रतिशत है। देश की विकास दर ठप है। यह चार सालों में 4.3 प्रतिशत से गिरकर 0.1 प्रतिशत पर आ चुकी है। सरकार के पास लोगों पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं।

### इकोनॉमी कैसे ठीक करेंगे नहीं पता...

सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की हार की सबसे बड़ी वजह इकोनॉमी ही रही। इसमें सुनक ने पूछा था कि वे देश की इकोनॉमी को कैसे ठीक करेंगे। इस पर स्टार्मर ने चुप्पी साध ली थी। तब सुनक ने आरोप लगाया था कि स्टार्मर सिर्फ बदलाव की बात करते हैं मगर उनके पास कोई प्लान नहीं है।

### चुनाव में 242 महिलाएं जीतीं

ब्रिटेन की संसद में इस बार सबसे ज्यादा महिला सांसद नजर आने वाली हैं। वोटों की गिनती पूरी होने से पहले ही 242 महिला उम्मीदवार जीत दर्ज कर चुकी हैं। देश में कुल 650 सीटें हैं। यानी अब तक 37 प्रतिशत सीटों पर महिलाओं ने जीत दर्ज की है। इससे पहले 2019 के चुनाव में 220 महिला कैंडिडेंट जीती थीं।

### वर्ल्ड लीडर्स की बधाई

इजराइल-राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग ने कीर स्टार्मर को चुनाव में जीत की बधाई दी। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, इजराइल स्टार्मर के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं। हम नई सरकार के साथ इजराइल के बंधकों की वापसी की कोशिश करेंगे। हम ब्रिटेन और इजराइल की दोस्ती को नए मुकाम पर लेकर जाएंगे।

### सुनक सरकार के कई मंत्रियों की भी हुई हार

साथ ही ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शैप्स, न्याय मंत्री एलेक्स चाक और कैबिनेट मंत्री मिशेल डोनेलन को भी हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि कंजर्वेटिव पार्टी के नेता जेरेमी हंट, जिन्हें कमजोर माना जा रहा था, वह अभी बढ़त बनाए हुए हैं। दक्षिणी इंग्लैंड में कंजर्वेटिव पार्टी को लिबरल डेमोक्रेट्स पार्टी ने तगड़ा झटका दिया है। दक्षिण इंग्लैंड में लिबरल डेमोक्रेट्स पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। दक्षिणपंथी नेता निगेल फराज की पार्टी रिफॉर्म यूके के समर्थन में भी कमी आई है। साथ ही कंजर्वेटिव सरकार में पूर्व मंत्री रहे जॉनी मर्सर भी हार गए। शिक्षा मंत्री गिलियन कीगन को भी हार का सामना करना पड़ा है। संस्कृति मंत्री लूसी फ्रेज़र एली की भी हार हुई है। ब्रिटेन के आम चुनाव के नतीजे घोषित हो चुके हैं। इन नतीजों के अनुसार, लेबर पार्टी ने प्रचंड जीत हासिल की है और 650 में से 411 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी 119 सीटों पर सिमट गई है। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री होंगे। ऋषि सुनक ने पीएम पद से इस्तीफे का एलान कर दिया है, साथ ही उन्होंने कीर स्टार्मर को जीत की बधाई भी दी है।

### लेबर पार्टी के पूर्व लीडर जेरेमी कॉर्बिन जीते

लेबर पार्टी के पूर्व नेता जेरेमी कॉर्बिन ने इस्लिंगटन सीट पर जीत दर्ज की है। वे पिछले 40 साल से यहां के सांसद हैं। कॉर्बिन ने लेबर पार्टी के उम्मीदवार को 24 हजार से ज्यादा वोटों से हराया। वे बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे थे। दरअसल, लेबर पार्टी ने 2020 में उन्हें लीडर के पद से हटा दिया था। पिछले साल मार्च में कीर स्टार्मर ने उन्हें इस्लिंगटन सीट से टिकट देने से मना कर दिया था। इसके बाद उन्हें पार्टी से भी निकाल दिया गया था।

### कंजर्वेटिव को मिली 200 साल की सबसे बड़ी हार

5 जुलाई को आए नतीजों में लेबर पार्टी को अब तक 412 सीटों पर जीत हासिल हुई है। ये लेबर पार्टी के इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत है और कंजर्वेटिव पार्टी को 200 सालों में सबसे बड़ी हार। लेबर पार्टी को इससे पहले इतनी बड़ी जीत साल 1997 में मिली थी। तब उन्हें रिकॉर्ड 418 सीटे हासिल हुई थीं। तब पार्टी की कमान टोनी ब्लेयर के हाथों में थी।

### हमने कर दिखाया यह बदलाव की शुरुआत: कीर स्टार्मर

चुनाव में लेबर पार्टी की जीत के बाद कीर स्टार्मर ने समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हमने कर दिखाया। आप सब ने इसके लिए मेहनत की थी। कैंपेन किए थे, लड़ाई लड़ी थी। आपने देश को बदल दिया है। स्टार्मर ने कहा, जनता ने हमारे पक्ष में मतदान किया। यह बदलाव की शुरुआत है। साढ़े 4 साल तक पार्टी में बदलाव लाने के बाद जनता ने हमें चुना है। हम देश की सेवा के लिए तैयार हैं। यूनाईटेड किंगडम (यूके) का आम चुनाव 4 जुलाई 2024 को हुआ। 6.7 करोड़ की आबादी वाले देश में मतदान केंद्रों में लोगों ने स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक मतदान किया। ये चुनाव यूनाइटेड किंगडम के सभी हिस्सों इंग्लैंड, उत्तरी आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में हुए।




# 2025 में यूपी करेगा मोटो जीपी रेस की मेजबानी

## आईआईडीसी और डोर्ना स्पोर्ट्स एसएल के बीच हुआ समझौता

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

वैश्विक खेल जगत में भारत की दावेदारी को और मजबूत करते हुए प्रदेश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी के चेयरमैन व अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) मनोज कुमार सिंह ने दुनियाभर में सफलतापूर्वक मोटोजीपी रेस का आयोजन कराने वाली स्पोर्ट्स कंपनी डोर्ना स्पोर्ट्स एसएल. की कार्मेलो एजपेलेटा के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस अनुबंध के साथ ही वर्ष 2025 से प्रतिवर्ष मोटोजीपी रेस की मेजबानी करने का अवसर यूपी को मिलेगा। इस अनुबंध के जरिये खेल को बढ़ावा देने के साथ निवेश भी आकर्षित होगा। मोटोजीपी भारत के संचालन के लिए अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति का गठन किया गया है जिसके सदस्य नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, गौतमबुद्धनगर के डीएम और डोर्ना स्पोर्ट्स एस एल के मुख्य खेल अधिकारी होंगे। उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति की सहायता के लिए एक आयोजन समिति भी बनाई जाएगी। समिति में बड़े निवेशक भी इसके सदस्य होंगे। रोमांचक मोटोजीपी रेस ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होगी। इस बारे में मुख्य सचिव व आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मोटोजीपी को यूपी में लाना न सिर्फ राज्य को वैश्विक खेल मंच पर नई पहचान देगा, बल्कि पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी तथा संबंधित क्षेत्रों में विकास भी होगा। आयोजन से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरे मोटो जीपी आयोजन की निगरानी के लिए उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति भी बनाई है।



### नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होगा मोटो जीपी

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में रोमांचक मोटो जीपी रेस का आयोजन किया जाएगा। जो विश्व स्तरीय मोटर स्पोर्ट आयोजित करने के लिए प्रसिद्ध है। डोर्ना के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से, उत्तर प्रदेश का लक्ष्य प्रत्येक मोटो जीपी कार्यक्रम को करना है।

# राहुल से लिपटकर रोए हाथरस हादसे के पीड़ित

## कहा, टेंशन न लो, हम हैं, अब आप हमारा परिवार, मुद्दे को संसद में उठाएंगे

जन एक्सप्रेस । हाथरस

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को हाथरस हादसे के पीड़ितों से मुलाकात की। परिजन उनके गले से लिपटकर रोए। राहुल ने सिर पर हाथ रखकर सांत्वना दी। हाथरस हादसे में मां को खोने वाली वाली एक बच्ची फफक-फफक कर रोने लगी तो राहुल से उसे संभाला और गले लगाया। इस दौरान राहुल जमीन पर बैठकर पीड़ित परिवार से बातचीत करते नजर आए। कहा- बिल्कुल टेंशन न लो, हम आपके साथ हैं। आप सभी मेरा परिवार हैं। हम इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे। राहुल शुक्रवार सुबह 5.40 बजे दिल्ली से रवाना हुए। सड़क मार्ग से सुबह 7 बजे अलीगढ़ के पिलखना गांव पहुंचे।



हादसे में यहां की मंजू देवी और उनके बेटे पंकज की मौत हुई थी। राहुल उनके घर पहुंचे और परिवार से हादसे की जानकारी ली। मंजू देवी की बेटी ने बताया, राहुल सर ने कहा कि पार्टी के लोग आपकी मदद करेंगे। ननद शांति कुमारी ने कहा- हमारी दुनिया वीरान हो गई। हमने राहुल जी से इंसाफ की मांग की है। मैंने उनसे कहा कि साहब कुछ भी हो जाए, दोषी बचने नहीं चाहिए। राहुल जी ने कहा वो पूरी मदद करेंगे। अलीगढ़ में राहुल 1 घंटे तक रहे। यहां 3 पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इसके बाद सुबह 9 बजे हाथरस पहुंचे। यहां ग्रीन पार्क में पार्क में हाथरस हादसे के 4 पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। राहुल हाथरस में आधे घंटे रहे। अलीगढ़ और हाथरस में हादसे के पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद राहुल ने कहा- पीड़ित परिवार दुख में हैं। शॉक्ड हैं। पीड़ितों ने साफ कहा कि प्रशासन की लापरवाही से हादसा हुआ।

### प्रशासन की कमी और लापरवाही से यह हादसा हुआ: राहुल गांधी

हाथरस में मीडिया से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा- मैं सरकार से यही कहना चाहूंगा कि जो मुआवजे का ऐलान किया गया। उसे देने में लापरवाही न हो। साथ ही हादसे के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो, पीड़ितों को न्याय मिले।

# बारिश में सब्जियों की कीमतों को लगी आग, टमाटर प्याज, आलू व हरी सब्जियों की कीमतें हुईं दोगुनी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बारिश का मौसम शुरू हो चुका है और टमाटर, प्याज व आलू जैसी जरूरी सब्जियों की कीमतों में जैसे आग लगी हुई है। पिछले 15 दिनों में थोक मंडियों से लेकर फुटकर बाजार तक कुछ सब्जियों की कीमतों में दोगुने तक का उछाल आया है। आम आदमी की थाली से हरी सब्जियां गायब होने लगी हैं। लोगों के रसोई का बजट बिगड़ने लगा है। फुटकर बाजार में टमाटर 40 से बढ़कर 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। वहीं, 30 रुपये किलो बिकने वाले प्याज का भाव 50 रुपये को पार कर गया है। दुबग्गा, जानकीपुरम और



राजाजीपुरम सब्जी मंडी में सब्जियों की कीमतों की पड़ताल से पता चला कि कुछ सब्जियों के दाम मौसम की मार और कम आवक की वजह से बढ़े हैं। वहीं, आलू-प्याज के दाम थोक मंडी में काफी कम होने के बावजूद फुटकर बाजारों में काफी ज्यादा हैं। थोक मंडियों में हरी व अन्य सब्जियों की कीमतों में 50 प्रतिशत तक का उछाल आया है। मंडी के आढ़तियों और बाजार के जानकारों का कहना है कि जून की तपिश भरी लू और अब बारिश की वजह से हरी सब्जियों के खराब होने से आवक कम हुई है। डिमांड और सप्लाई में अंतर से कीमतों में ये बढ़ोतरी आई है। दुबग्गा सब्जी व्यापारी समिति के महामंत्री शहनाज हुसैन बताते हैं कि इस बार आलू की फसल कम हुई है, आवक भी कम है। इससे इसके दाम चढ़े हैं।

### हल्दी का भी दाम बढ़ा

इधर, किराना बाजार की बात करें तो हल्दी की कीमतें दोगुनी हुई हैं। कुर्सी रोड स्थित किराना दुकानदार अखिलेश वर्मा व ग्राहक नीलेश शुक्ला ने बताया कि 15 दिन पहले 100 रुपये किलो बिकने वाली हल्दी आज 200 रुपये प्रतिकिलो तक पहुंच गई है। हालांकि, अरहर और चने के दाल की कीमतों में मामूली गिरावट से फौरी राहत है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** ओएमआर शीट भी एबीसी नहीं बल्कि मल्टीपल सीरीज में होगी ताकि ओएमआर शीट बदले जाने की आशंका न हो

# अब पेपर लीक नहीं होने देगी योगी सरकार

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** तमाम परीक्षाओं में पेपर लीक होने की घटना को योगी सरकार ने चुनौती के रूप में लिया है। प्रदेश सरकार की नई रणनीति भविष्य में पेपर लीक होने की गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहती। पेपर लीक करने वाला रैकेट कितना ही मजबूत क्यों न हो, अब वह चकमा खा जाएगा। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सरकार ने कई अन्य महत्वपूर्ण कदम भी उठाए हैं। यूपी में पेपर लीक की घटनाओं के बाद योगी सरकार भर्ती परीक्षाओं में बड़ा बदलाव करने जा रही है। योगी सरकार यूपी में भर्ती परीक्षाओं को लेकर नया कानून लाएगी। इसके तहत हर भर्ती के दो अलग-अलग प्रश्न तैयार किए जाएंगे। साथ ही, उनकी प्रिंटिंग भी दो प्रेस में होगी। ओएमआर शीट भी

- हर भर्ती के दो अलग-अलग प्रश्न तैयार किए जाएंगे, उनकी प्रिंटिंग भी दो प्रेस में होगी
- सरकार भविष्य में पेपर लीक होने की गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहती
- पेपर लीक करने वाला रैकेट कितना ही मजबूत क्यों न हो, अब वह चकमा खा जाएगा



एबीसी नहीं बल्कि मल्टीपपल सीरीज में होगी। ताकि ओएमआर शीट बदले जाने की आशंका न हो।

### अफसरों की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई

योगी सरकार ने पेपर लीक की घटनाओं को लेकर नई गाइडलाइन तैयार की है। इसमें पेपर लीक होने से रोकने के लिए प्रश्न पत्र तैयार करने से लेकर छपाई तक की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। साथ ही, परीक्षा निर्धारण को लेकर भी बदलाव किया गया है। इसके अलावा पूरी प्रक्रिया के साथ अफसरों की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। नई गाइडलाइन के मुताबिक, हर भर्ती परीक्षा के प्रत्येक पाली के लिए कम से कम दो प्रश्न पत्र तैयार किए जाएंगे।

### कौन सा प्रश्न पत्र आएगा, परीक्षा शुरू होने से करीब 5 घंटे पहले तय किया जाएगा

दोनों ही प्रश्न पत्र अलग-अलग प्रिंटिंग प्रेस में छापे जाएंगे। कौन सा प्रश्न पत्र उपयोग में लाया जाएगा, इसका निर्धारण परीक्षा शुरू होने से करीब 5 घंटे पहले किया जाएगा।

### प्रश्नों के क्रम तो बदले ही होंगे, उनमें जवाब के विकल्प भी बदले होंगे

प्रश्न पत्र के हर सेट की मल्टीपल अंकों वाली न्यूनतम आठ सीरीज तैयार की जाएगी। एबीसीडी सीरीज में प्रश्न पत्र नहीं होंगे। नकल की आशंका खत्म करने के लिए हर सेट में प्रश्नों के क्रम तो बदले ही होंगे उनमें जवाब के विकल्प भी बदले होंगे।

### आरओ, एआरओ की दोबारा परीक्षाओं से पहले बदलाव

यूपी में पुलिस भर्ती परीक्षा, आरओ, एआरओ जैसी परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। पेपर लीक के बाद दोनों परीक्षाएं रद्द कर दी गई थीं। हालांकि, अभी दोबारा परीक्षाओं की तारीख तय नहीं हो सकी है। इन परीक्षाओं की डेट तय होने से पहले योगी सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में बदलाव कर दिया है।

# फिदायीन हमले की बरसी से पहले अयोध्या में सुरक्षा घेरा सख्त, होटल पर विशेष नजर

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

अयोध्या में हुए फिदायीन हमले की बरसी से पहले अयोध्या के तमाम संवेदनशील इलाकों में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। आतंकी हमले की बरसी से पहले रेड जोन यानी रामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इसके अलावा अयोध्या के अन्य स्थानों पर भी बैरियर लगाकर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय खुफिया तंत्र और पुलिस विभाग के अधिकारी होटल और धर्मशाला में रुकने वाले लोगों पर भी विशेष नजर रख रहे हैं। बता दें कि 5 जुलाई 2005 को राम जन्मभूमि परिसर पर फिदायीन हमला हुआ था। इस वारदात के दौरान हमले में शामिल पांचों आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया था।

# जिलाधिकारी व एसपी ने किया मेला क्षेत्र का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को आषाढ़ मास की अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर मेला क्षेत्र रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग का औचक निरीक्षण कर मेला व्यवस्था को देखा। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस बल एवं पुलिस अधिकारियों, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि अमावस्या मेला को देखते हुए अपने तैनाती स्थल पर भ्रमणशील रहकर मेला को सकुशल संपन्न कराए, किसी भी श्रद्धालुओं को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी से कहा कि संपूर्ण मेला क्षेत्र की साफ सफाई निरंतर कराते रहें। रामघाट निर्मोही अखाडा के पास जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक



ने श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरण किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव आदि मौजूद रहे।

## सपाईयों ने किया पौधरोपण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर अयोजित पी.डी.ए. पौधारोपण सप्ताह के पांचवें दिन सदर विधान सभा के ग्राम कसहाई में पौधा रोपण कर पर्यावरण कों बचाने का संकल्प लिया गया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि हर व्यक्ति को एक पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने में अपना सहयोग देना चाहिए। आज के समय में मानव सबसे ज्यादा पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। व्यक्ति अपनी सुख सुविधाएं बढाने के चक्कर में पर्यावरण का विनाश करता चला जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार हर साल लाखों पौधे सिर्फ कागज में लगाकर खाना पूर्ति कर रही है। थानों, तहसीलों में बिना घूस के कोई काम नहीं हो रहा, अस्पताल सिर्फ रिफर सेंटर बनकर रह गये है। इस मौके पर उपाध्यक्ष लाल बहादुर निषाद, मनीष विश्वकर्मा, अरशद खान, धर्मेंद्र गुप्ता, रामसागर गौतम वर्मा आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया स्काई ग्लास ब्रिज का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

चित्रकूट~ मानिकपुर तहसील के अन्तर्गत वन विभाग के नियंत्रणाधीन तुलसी जल प्रपात के ईको-पर्यटन विकास कार्य के लिए अवलोकन डेक का निर्माण कार्य पवनसुत कांस्ट्रक्शंस द्वारा कराया जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत 3 करोड रूपए है।

अवलोकन डेक के सम्बन्ध में सोशल मीडिया में स्काई ग्लास ब्रिज में दरारें आने के विषय में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने त्वरित संज्ञान लेकर एनके सिंह उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व एवं कृष्ण कुमार अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-1 एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ मौके का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवलोकन डेक का स्ट्रक्चर ठीक पाया गया। वर्तमान समय में वर्षा होने से मि?ट्टी सेटेलमेण्ट होने के कारण अवलोकन डेक के बाहरी सीढी के प्लेटफार्म के पास मिट्टी में मामूली दरारें पायी गयी जो किसी प्रकार का स्ट्रक्चरल फेल्योर नहीं है।

अवलोकन डेक अभी तक वन विभाग को हैड ओवर नहीं हुआ है। जिलाधिकारी ने उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व को निर्देशित किया कि पायी गयी कमियों को ठीक कराये जाय। साथ ही सम्बन्धित फर्म को ब्लैक लिस्टिंग किये जाने की कार्यवाही की जाये।

# प्रत्येक शुक्रवार को दो ग्राम पंचायतों में होगा ग्राम चौपाल का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन के द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकासखण्ड की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल आयोजन कराये जाने के प्राप्त निर्देशों के क्रम में 5 जुलाई से 6 दिसम्बर तक प्रत्येक विकास खण्ड में प्रति शुक्रवार को दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन निर्देशानुसार संपन्न कराया जायेगा।

विकासखण्ड मानिकपुर में चौपाल के लिए नामित जिलास्तरीय अधिकारी उप निदेशक कृषि द्वारा 5 जुलाई को ग्राम पंचायत रामपुर कल्यानगढ, कोटा कन्दैला में, जिला विकास अधिकारी 12 को खिचरी, अमचुर नेरूवा में, उपायुक्त श्रम रोजगार 19 को निही, बघौडा में, जिला पंचायतराज अधिकारी 26 को ऐलहा बढैया, सकरौहां में, मुख्य विकास अधिकारी 2 अगस्त को मनगवां, बराहमाफी में, उप निदेशक कृषि 9 को कौबरा, बम्बिया में, जिला विकास अधिकारी 16 को लौढियामाफी, मऊ गुरदरी में, उपायुक्त श्रम रोजगार 23 को नागर, गौरिया में, जिला पंचायतराज अधिकारी 30 को किहुनिया, कल्याणपुर में, मुख्य विकास अधिकारी 6 सितम्बर को ब्यूर, गढचपा में, उप निदेशक कृषि 13 को कुठिलिहाई, करौहां में, जिला विकास अधिकारी 20 को जारोमाफी, गिदुरहा में, उपायुक्त श्रम रोजगार 27 को ऊँचाडीह, बगदरी में, जिला पंचायतराज अधिकारी 4 अक्टूबर को चुरेह केशरूवा, रानीपुर कल्यागनढ में, मुख्य विकास अधिकारी 11 को देवकली, चर में, जिला विकास अधिकारी 18 को ऐंचवारा, इंटवा डुडैला में, उपायुक्त, श्रम रोजगार 25 को टिकरिया जमुनिहाई, रूखमाबुजुर्ग में, जिला पंचायतराज अधिकारी 1 नवम्बर को पैकौरामाफी, धान में, मुख्य विकास अधिकारी 8 को उडकीमाफी, अहिरा में, उप निदेशक, कृषि 22 को बगरेही, हनुवा में, उपायुक्त, श्रम रोजगार 29 को मगरहाई, कुईं में एवं जिला पंचायतराज अधिकारी 6 दिसम्बर को ग्राम पंचायत अरवारा व ग्राम पंचायत ददरीमाफी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जायेगा।

विकासखण्ड पहाड़ी में उपायुक्त श्रम रोजगार 5 जुलाई को ग्राम पंचायत ओरा, भानपुर में, जिला पंचायत राज अधिकारी 12 को छेछरिहा खुर्द, कंधवनिया में, मुख्य विकास अधिकारी 19 को सिकरीसानी, बाबूपुर में, उप निदेशक कृषि 26 को चैरा, अतरौली में, जिला विकास अधिकारी 2 अगस्त को रायपुर, बेराउर में, उपायुक्त श्रम रोजगार 9 को दरसेंडा, ममसी बुजुर्ग में, जिला पंचायत राज अधिकारी, 16 को गढवारा, अर्जुनपुर में, मुख्य विकास अधिकारी 23 को कलवारा खुर्द, कलवारा बुजुर्ग में, उप निदेशक कृषि 30 को विलास, लमियारी में, जिला विकास अधिकारी 6 सितम्बर को हरदौली, गनीवांप्रसिद्धपुर में, उपायुक्त श्रम रोजगार 13 को देवल, कलवलिया में, जिला पंचायत राज अधिकारी 20 को चकौंध,नोनार में, मुख्य विकास अधिकारी 27 को चांदी, लमियारी में, उप निदेशक कृषि 4 अक्टूबर को बछरन, जमहिल में, जिला विकास अधिकारी 11 को कलवलिया, बक्टा बुजुर्ग में, जिला पंचायत राज अधिकारी 18 को बालापुर खालसा, भुइहरीमाफी में, मुख्य विकास अधिकारी 25 को मोहरवां, चनहट में, उप निदेशक कृषि 1 नवम्बर को सुरवल, सुरसेन में, जिला विकास अधिकारी 8 को देहरूचमाफी, छेछरिहा बुजुर्ग में, उपायुक्त श्रम रोजगार 22 को नॉदी, इटौरा में, मुख्य विकास अधिकारी 29 को खोंपा, भदेदू में एवं उप निदेशक कृषि 6 दिसम्बर को ग्राम पंचायत पहाड़ी बुजुर्ग व ग्राम पंचायत पथरामानी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जायेगा।

विकासखण्ड रामनगर में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा 5 जुलाई को ग्राम पंचायत सुहेल, सिरावल माफी में, मुख्य विकास अधिकारी 12 कोघुनुवां, तीरमऊ में, उप निदेशक कृषि 19 को खजुरिहाकलां, पियरियामाफी में, जिला विकास अधिकारी 26 को इटवां, रामनगर में, उपायुक्त श्रम रोजगार 2 अगस्त को पिपरौंद, बसिंहा में, जिला पंचायत राज अधिकारी 9 को रूपौली, बरूवा में, मुख्य विकास अधिकारी 16 को छीबों, लोधौरा बरेठी में, उप निदेशक कृषि 23 को कटैयाखादर, रगौली में, जिला विकास अधिकारी 30 को अमवां, भखरवार में, उपायुक्त श्रम रोजगार 6 सितम्बर को सिकरी, हन्ना बिनैका में, जिला पंचायत राज अधिकारी 13 को घुरेहटा, उफरौली में, मुख्य विकास अधिकारी 20 को ढढवार, अतरसूई में, उप निदेशक कृषि 27 को भभेट, चोरहा में, जिला विकास अधिकारी 4 अक्टूबर को करौंदीकला, बरिया में, उपायुक्त श्रम रोजगार 11 को नांदिनकुर्मियान, बल्हौरा में, मुख्य विकास अधिकारी 18 को सिंहपुर, रामपुर में उप निदेशक कृषि 25 को रेरूवा, बॉधी में, जिला विकास अधिकारी 1 नवम्बर को देउंधा, पहाड़ी में, उपायुक्त श्रम रोजगार 8 को लौरी, खजुरिहाखुर्द में, जिला पंचायत राज अधिकारी 22 को सुहेल, सिरावल माफी में, उप निदेशक कृषि 29 को घुनुवां, तीरमऊ में एवं जिला विकास अधिकारी 6 दिसम्बर को ग्राम पंचायत खजुरिहाकलां व ग्राम पंचायत पियरियामाफी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जायेगा।

विकासखण्ड मऊ में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 5 जुलाई को ग्राम पंचायत टिकरा, सेसासुबकरा में, उप निदेशक कृषि द्वारा 12 को बरगढ़, तुरगवां में, जिला विकास अधिकारी 19 को गोइयांखुर्द, सेमरा में, उपायुक्त श्रम रोजागर 26 को मुरका, कलचिहा में, जिला पंचायत राज अधिकारी 2 अगस्त को कोलमजरा, हरदीकलां में, मुख्य विकास अधिकारी 9 को कोटवामाफी, डोड़ियामाफी में, उप निदेशक कृषि 16 को चित्रवार, इटहादेवीपुर में, जिला विकास अधिकारी 23 को भिटारी, बोझ में, उपायुक्त श्रम रोजगार 30 को बम्बुरी, मनकुंवार में, जिला पंचायत राज अधिकारी 6 सितम्बर को नीबी, ददरी में, मुख्य विकास अधिकारी 13 को मनका छितैनी, कोनिया में, उप निदेशक कृषि 20 को कटैयाडांड़ी, लपांव में, जिला विकास अधिकारी 27 को गाहुर, रैपुरा में, उपायुक्त श्रम रोजगार 4 अक्टूबर को मण्डौर, चकौर में, जिला पंचायत राज अधिकारी 11 को खोहर, ओबरी में, उप निदेशक कृषि 18 को बियावल, ताड़ी में जिला विकास अधिकारी 25 को रेड़ी भुसौली, सखौंहा में, उपायुक्त श्रम रोजगार 1 नवम्बर को सिकरौं, कोंपा में, जिला पंचायत राज अधिकारी 8 को कोटराखाम्भा, परदवां में, मुख्य विकास अधिकारी 22 को खण्डेहा, मोहनी में, जिला विकास अधिकारी 29 को अहिरी, सुरौंधा में एवं उपायुक्त श्रम रोजगार 6 दिसम्बर को ग्राम पंचायत औंझर व ग्राम पंचायत खपटिहा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जायेगा।

## नीरज शर्मा जिला अधिवक्ता संघ के मीडिया प्रभारी बने

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन (जिला अधिवक्ता संघ) के नव निर्वाचित अध्यक्ष भगवान दास दीक्षित एवं महामंत्री शैलेंद्र सचान ने नीरज शर्मा एडवोकेट को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हमीरपुर का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। इस पर जिले के अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महामंत्री ने नीरज शर्मा एड. को मीडिया प्रभारी नियुक्त करते हुए संगठन के समस्त कार्यक्रम एवं सूचनाओं के मीडिया में यथावत प्रकाशन एवं प्रसारण कराने का दायित्व निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की है। सर्व श्री राघवेन्द्र शरण त्रिपाठी एड., गोविंदराम द्विवेदी एड., रमाकांत पाण्डेय एड., राम सिंह राजपूत एड., ओम प्रकाश द्विवेदी एड., रघुपति शर्मा एड., अजय शर्मा एड., मुबीन एड., पूर्व महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ला एड. आदि अधिवक्ताओं ने नीरज शर्मा एड. के मीडिया प्रभारी बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन्स में किया पौधरोपण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

वृक्षारोपण अभियान के क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पाकड एवं नीम का पौधा लगाया। इस दौरान पुलिस लाइन्स परिसर में क्षेत्राधिकारी लाइन्स, नगर राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण सहित लगभग 100 पुलिस कर्मियों ने 2-2 पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस वर्ष जैसी गर्मी, हीट स्ट्रोक से बचने का एक मात्र उपाय है कि सभी लोग अधिक से अधिक वृक्ष लगायें, जिससे हम अपने आपको तथा अपने आने वाली पीढी को इस प्रकार की गर्मी से बचा सकें। उन्होंने कहा कि आप सब यहां के अतिरिक्त अपने घर पर भी एक वृक्ष अवश्य लगायें, जिससे पर्यावरण का सुरक्षित कर सकें।

## सिटी मजिस्ट्रेट व सीओ ने किया ताजिया जुलूस मार्ग का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । उरई



आगामी दिनों में पड़ने वाले त्यौहार मोहर्रम को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट अजीत जायसवाल व सीओ सिटी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ नगर में निकलने वाले ताजिया जुलूस की गालियों का निरीक्षण किया। दोनों ही अफसरानों ने किसी भी नई परंपरा की शुरुआत पर चेतवानी की बात कही। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि निर्धारित रुट के हिसाब से ही ताजिया निकाले जाए। उन्होंने नगर की गालियों में मकड़जाल के तरह फैले बिजली के तारों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ताजिया निकलने से पहले बिजली बिभाग सभी तारों को साइड में स्थापित कराए। साथ ही नगर पालिका को भी निर्देशित किया कि ताजिया रुट पर जहां भी गड्डे खुदे हुए है। वह सभी गड्डे भी जल्द ही दुरुस्त करा दें। वही सीओ सिटी ने कहा कि पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहे। आगामी त्यौहारो को लेकर अपनी निगरानी बनाएं रखे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि बनाएं रखे। तथा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाई करे। साथ ही ताजिया रुट पर अतिक्रमण किए लोगों को चेतावनी भी दी कि ताजिया जुलूस निकालने से पहले अपना अपना अतिक्रमण हटा ले। इस दौरान ताजियो के मुखिया अकील खान, शिया समुदाय के अध्यक्ष हैदर अब्बास, सेक्रेटरी सदाब हुसैन साहित अन्य ताजियादार उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों में एक की मौत, दूसरा रेफर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कदौरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हमीरपुर जनपद के जलालपुर थाना क्षेत्र के न्योली निवासी प्यारेलाल 50 वर्ष पुत्र भगवती हरदुआ में अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए गुरुवार को आए हुए थे। शादी की रसमें होने के बाद वह बाइक से अपने साथी के साथ लौटकर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक चिनौट झबरा के बीच पहुंची। तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को उरई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने प्यारेलाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को रेफर कर दिया। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंचे।जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### युवक ने किशोरी को घर बुलाकर बनाया हवस का शिकार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच नगर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इसी के साथ आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास भी पुलिस ने तेज कर दिए हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बहाने से घर में बुलाकर नाबालिग किशोरी के साथ आशीष ने दुष्कर्म कर दिया। पीड़ित किशोरी के भाई ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बुधवार की रात आशीष ने उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बहन को बहाने से अपने घर पर बुला लिया। इसके बाद उसने उसे बंधक बनाकर बलपूर्वक उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद बहन ने परिजनों को पूरी घटना के बारे में बताया। मामले को लेकर किशोरी के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। इतना ही नहीं पुलिस टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ने से वृद्ध की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच नगर के मोहल्ला गांधी नगर में अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी रूप सिंह 66 वर्ष पुत्र कामता प्रसाद की गुरुवार की रात अचानक हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ते देख परिवार के लोग उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि वह काफी समय से गंभीर बीमारी से ग्रस्त था, और उनका इलाज भी चल रहा था।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खुदातपुरा में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष ने पति पर हत्या करने का आरोप लगाया है। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खुदातपुरा निवासी दिनेश सिंह राजावत पुत्र स्व. जगरूप सिंह राजावत की 35 वर्षीय पत्नी आशा देवी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।महिला ने फांसी जब लगाई उसका पति खेत पर गया था और बूढी सास सो रही थी। किसी काम घर पहुंचे पड़ोसियों ने महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा और उन्होंने जानकारी उसके पति को दी। मौके पर पहुंचे पति ने पुलिस व उसके मायके वालों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही माधौगढ़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। वही मौके पर पहुंचे मायके वालों ने पति पर शराब पीकर पीटने और उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका के भाई राज सिंह पुत्र मुन्नू सिंह निवासी नाही जयुनियन थाना गजनेर जिला कानपुर देहात ने बताया कि बहिन की शादी 19 फरवरी 2009 को हुई थी। उसके 4 साल की बेटी है। बहिन के बीमार होने पर पति उसे मायके छोड़ आया था, और उसका इलाज भी नहीं कर रहा था। बताया कि 3 जून को बहन का इलाज कराने के बाद उसकी ससुराल छोड़ गए थे। इसके बाद वह लगातार बहन को परेशान कर रहा था। जिसने गुरुवार की दोपहर के समय उसकी मारपीट की और फांसी लगाकर हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### ट्रेन की चपेट में आने से पेट्रोल पंप कर्मचारी की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** थाना क्षेत्र में युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एट कोतवाली क्षेत्र के कस्बा पिरौना निवासी देव सिंह 25 वर्ष पुत्र घनाराम झांसी जनपद के सेसा गांव स्थित एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। जो गुरुवार को अपने घर पहुंचा और देर शाम घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि घर से निकलकर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पेट्रोलिंग के लिए निकले रेलवे कर्मचारियों ने लाइन पर शव देखा और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाली निरीक्षक विमलेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे जिन्होंने शव को कब्जे में लिया और उसकी पहचान होने के बाद परिजनों को मामले की सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घरेलू कलह के कारण युवक ने आत्महत्या की है। घटना की हर पहलू पर जमीनी स्तर से जांच पड़ताल की जा रही है।

### सरकारी खाद्यान्न घोटाले में वांछित चल रहे पूर्ति निरीक्षक को पुलिस ने पकड़ा

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** वर्ष 2018 में उचित दर की दुकानों के माध्यम से हुए खाद्यान्न घोटाले में आरोपी तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक कमल सिंह कुशवाहा को क्राइम ब्रांच व कोतवाली पुलिस की टीम गिरफ्तार किया। कोतवाली क्षेत्र वर्ष 2018 नगर के कोटेदारों ने संविदा कर्मचारियों से सांठगांठ करके ई पॉस मशीन में फर्जी आधार कार्ड के माध्यम से गरीबों को मिलने वाले राशन में घोटाला किया था। इस घोटाले में हजारों क्विंटल खाद्यान्न का घपला किया गया था। खाद्यान्न घोटाले की जांच में नगर के 11 कोटेदारों के अलावा उस समय पूर्ति विभाग कार्यालय में तैनात 3 संविदा कर्मियों के नाम सामने आए थे। जिसके बाद डीएम के निर्देश पर सभी के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले की जांच क्राइम ब्रांच की टीम कर रही थी। जिसमें तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक कमल सिंह कुशवाहा का नाम सामने आने पर उन्हें भी आरोपी बनाया गया। शुक्रवार को माधौगढ़ में तैनात पूर्ति निरीक्षक कमल सिंह कुशवाहा को औरैया रोड पर एक चाय की दुकान से क्राइम ब्रांच की टीम व कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। क्राइम ब्रांच प्रभारी निगवेंद्र सिंह ने बताया कि तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक का भी नाम जांच में सामने आया था। जिसके बाद उन्हें आरोपी बनाकर उनकी गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## गालीबाज साइबर सेल प्रभारी का ऑडियो वायरल, फिल्मी अंदाज में सीयूजी नंबर से दी एसी मैकेनिक को गालियां

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर




सदर कोतवाली क्षेत्र में AC से पानी टपकने की शिकायत करने वाले साइबर सेल प्रभारी जय शंकर सिंह नें फोन पर बातचीत के दौरान AC मैकेनिक के साथ जमकर गाली गलौज की, जिसका ऑडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिले के दो दर्जन से अधिक AC मैकेनिक ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही कार्रवाई न होने तक अधिकारियों का कार्य न करने की चेतावनी दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के रहुनिया धर्मशाला निवासी सलमान AC मैकेनिक ने साइबर सेल प्रभारी जयशंकर सिंह के आवास में AC लगाया था। AC लगने के बाद साइबर सेल प्रभारी द्वारा AC को सही करने के लिए लगातार शिकायत की गयी। जिसे सही करने के लिये मैकेनिक कई बार उनके घर भी गया। गुरुवार को साइबर सेल प्रभारी नें फिर से फोन कर AC से पानी टपकने की शिकायत की। जिस पर मैकेनिक ने कम्पनी के नंबर पर फोन करने के लिये कहा। तो साइबर सेल प्रभारी अक्रोशित होकर फोन पर ही AC मैकेनिक को गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जिसका ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जिला मुख्यालय के दो दर्जन से अधिक AC मैकेनिकों ने पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा को ज्ञापन सौंपकर साइबर सेल प्रभारी के विरुद्ध जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। तथा मांग पूरी न होने तक अधिकारियों से कार्य न करने की चेतावनी दी है।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत वृहद स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस/गोहांड (हमीरपुर)।** जनपद में एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान के तहत विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरुआ और कुम्हरिया गांव के कंपोजिट विद्यालय पर कार्यक्रम आयोजित कर वृहत स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चो और ग्रामीणों की उपस्थित में स्वच्छता पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए संचारी रोग नियंत्रण अभियान में बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को उपाय बताए गए। गंदा पानी पीने व गंदगी के कारण होने वाले रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। एडीओ पंचायत अनूप कुमार शर्मा ने ग्रामीणों और छात्र छात्राओं को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। बताया कि यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा।

## आकांक्षात्मक ब्लॉक रामनगर में संपूर्णता अभियान का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

नीति आयोग भारत सरकार द्वारा 30 सितंबर तक संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आकांक्षी विकास खंड रामनगर में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड विकास अधिकारी? शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी एवं चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व में ब्लाक मुख्यालय से ग्राम पंचायत रामनगर तक संपूर्णता यात्रा (रैली) का आयोजन किया गया। इसके बाद अभियान से सम्बन्धित 6 इंडिकेटर के 3 माह में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की शपथ ली गईं। साथ ही खण्ड विकास अधिकारी ने गर्भवती महिला की गोदभराई किया।




खण्ड विकास अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनवरी 2023 में किया गया था।

इसके अंतर्गत चयनित ब्लॉक रामनगर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, ग्रामीण विकास, वित्तीय समावेशन, सुरक्षित पेयजल, सामाजिक विकास आदि सेक्टर के पचास सूचकांक पर नियमित मॉनिटरिंग शासन स्तर पर की जा रही है। इसी क्रम में नीति आयोग द्वारा 6 सूचकांकों (गर्भवती का प्रथम तिमाही में एएनसी पंजीकरण, तीस वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति का गाँव के हेल्थ एण्ड वेलनेस केन्द्र में मधुमेह तथा बीपी की जाँच, प्रत्येक गर्भवती महिला को पूरक पोषाहार का वितरण, सभी स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड तथा किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण) को संतृप्त करने के लिए विशेष संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। जुलाई से सितंबर माह तक इन सभी सूचकांकों को संतृप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर का संकल्प है कि विकासखंड रामनगर को नीति आयोग की रैंकिंग में शीर्ष पर लायें। इसके लिए सभी कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कन्वर्जेस, कोलैबोरेशन तथा कम्पटीशन के साथ काम करने का आवाहन किया। प्रधानमंत्री के आकांक्षी कार्यक्रम संदेश को भी सभा के दौरान सभी ने सुना। विकासखंड रामनगर में शुक्रवार से संपूर्णता अभियान की शुरुआत होने के बाद प्रत्येक ग्राम पंचायत तक जन आंदोलन के रूप में प्रत्येक ग्राम पंचायत तक इस अभियान को सफल करने के लिए कार्ययोजना चिकित्सा अधीक्षक द्वारा साझा की गई।

इस मौके पर सीएम फेलो धर्मेन्द्र प्रकाश पाण्डेय, चिकित्सा प्रभारी शैलेन्द्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी देवकरण कुशवाहा, बीपीएम चंद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे।


janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | शनिवार | 06 जुलाई 2024




**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं (धूलभरी आँधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबादी होने के आसार हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं

अधिकतम (डिग्री0से0) : 29.6 (-3.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.6 (-1.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 81 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 79 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिमी
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# नौबस्ता चौराहे पर दिनदहाड़े बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या


मृतक




आरोपी सौरभ सचान





✻ हत्या लूट चोरी पर अंकुश नहीं लग पा रही है कमिश्नरेट पुलिस

जन एक्सप्रेस | हिमांशू मिश्र

**कानपुर नगर।** शुक्रवार को शहर के दक्षिण क्षेत्र मे उस वक्त हड़कंप मच गया जब सुबह एक बुर्जुग स्टैंड संचालक की भीड़ भाड़ वाले चौराहे पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर फौरन पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची जहां फोरेंसिक टीम को बुलाया गया और साक्ष्य एकत्र किए गए।

सूचना मिलते ही डीसीपी रविंद्र कुमार भी मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए उसके परिजनों को सूचना दी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी हैं।

बीते दिन शुक्रवार को सुबह लगभग नौ बजे नौबस्ता थाना क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले चौराहे नौबस्ता पर एक टैंपो स्टैंड संचालक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। संचालक का नाम हरि करण सिंह (55) बताया जा रहा है जो कि स्टैंड संचालक था। गोली मारने के बाद अज्ञात आरोपी फरार हो गया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल भेजा जहां से उसे डॉक्टरों ने हैलट रेफर कर दिया।

हैलट मे डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

> “ हरी करण सिंह नामक एक बुर्जुग को गोली मार दी गई है। सूचना पर नौबस्ता थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। जहां एक अधेड़ व्यक्ति स्टूल पर बैठे हुए थे। घटना के बाद उनको निजी अस्पताल भेजा गया। जहां से हैलट रेफर किया गया। डॉक्टरों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया है। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। मृतक का परिवार और मृतक हनुमंत बिहार के रहने वाले है। परिजन घटना स्थल आ रहे है और आस पास के सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं। परिजनों की तहरीर पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
>
> **रविंद्र कुमार**
> **डीपीपी साऊथ**

### हत्या की वारदात सीसीटीवी में हुई कैद

संचालक को गोली मारने का घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में कैद हो गया है। फुटेज पास की दुकान और चौराहे पर लगे कैमरे मे कैद हुआ है। पुलिस फुटेज को देख आरोपी की तलाश मे लगी है और आस पास पूछताछ कर रही है। चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस होने के बाद भी हत्यारोपी मौके से गोली मारकर फरार हो गए। घटना के समय सुबह अन्य सवारी वाहन खड़े थे जो कि गोली चलते ही वहां से भाग गए। वहीं इस पूरे मामले मे बताया जा रहा है कि वैन चालक के भाई ने तमंचे से गोली मारकर खुलेआम हत्या की है। अवैध स्टैंड पर कब्जे को लेकर मृतक और हत्यारोपी मे विवाद था। स्टैंड संचालक की हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है।

### आरोपी हत्यारे को जल्द कर लिया गिरफ्तार

कानपुर की हाईटेक पुलिस ने महज 12 घंटे मे दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया। पुलिस का कहना है कि कल देर साम हमे सूचना मिली कि नौबस्ता चौराहे पर स्टैंड संचालक को गोली मारने वाला आरोपी सिमरा के जंगलों के बीच छिपा हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर जैसे ही आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दी तो आरोपी ने सामने से पुलिस पर ही फायर झोंक दिया। इस दौरान पुलिस द्वारा खुद को बचाने के लिए जवाबी कार्यवाही मे आरोपी के पैर मे गोली लग गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ मे अपना नाम थाना रेउना निवासी सौरभ सचान बताया है और साथ ही आपसी रंजिश होने को लेकर हत्या कर देने की बात कबूली है।

## सप्तम जीएसटी दिवस का आयोजन संपन्न



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में गुरूवार को केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर आयुक्तालय कानपुर में सप्तम जीएसटी दिवस का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम आयुक्त गौरी शंकर सिन्हा ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर समारोह की शरुआत की।

इस समारोह में एस जी एस टी से अपर आयुक्त संजय पाठक, संयुक्त आयुक्त एम् सी पाण्डेय, ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि राघवेन्द्र सेठ, आईआईए कानपुर के प्रेसिडेंट दिनेश बरासिया, अखिल भारतीय आईआईए के सेक्रेटी आलोक अग्रवाल, रिमझिम इस्पात के एमडी योगेश अग्रवाल, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव सी ए, प्रखर गुप्ता सी ए, हिमांशु सिंह सी ए एवं मर्चट चैम्बर से संतोष गुप्ता एडवोकेट, अम्बरीश टंडन एसपीपी इत्यादि गणमान्य अतिथि शामिल हुए। इसके अतिरिक्त केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर आयुक्तालय, कानपुर के अपर आयुक्त प्रदीप सिंह सेंगर, अपर आयुक्त अमर बहादुर सिंह और संयुक्त आयुक्त शशि शेखर एवं इस आयुक्तालय के सभी सहायक आयुक्त तथा सभी अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कामेश बाजपेई अधीक्षक ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क से लेकर जीएसटी तक की यात्रा के सम्पूर्ण विवरण की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान गणमान्य अतिथियों ने भी अपने अपने विचार प्रकट किये। प्रखर गुप्ता ने जीएसटी में हुए नवीनतम अपडेटस के जानकारी दी। अम्बरीश टंडन एसपीपी ने 01 जुलाई से लागू नए कानूनों पर प्रकाश डाला। समारोह के अंत में संयुक्त आयुक्त शशि शेखर ने सभी अतिथियों एवं अधिकारियो को धन्यवाद देते हुए सभा का समापन किया। समारोह में मंच संचालन मुकुल बाजपेई, अधीक्षक द्वारा किया गया।

## दबंग पुलिस मुखबिर के अत्याचार की शिकार युवती अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



थाना बादशाही नाका क्षेत्र में एक दबंग पुलिस मुखबिर और उसके परिजनों की ज्यादती का शिकार हुई युवती को कल गंभीर हालत में उर्सला अस्पताल में परिजनों ने भर्ती कराया है, वहीं दूसरी ओर आरोपियों के विरुद्ध बादशाही नाका पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करनी शुरू भी कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना बादशाहीनाका क्षेत्र के कुली बाजार में निवास करने वाली एक युवती के ऊपर राजा नाम का पुलिस मुखबिर और उसके परिजन काल बनकर तीन जुलाई को टूटे थे। युवती का आरोप है कि राजा ने उसके साथ उसकी इज्जत से भी खेलने का प्रयास किया था। युवती को इस कदर पुलिस मुखबिर राजा और उसके परिजनों ने पीटा की वह मरणासन्न हालत में हो गई। इस मामले में युवती के भाइयों का कहना है की तहरीर बदलवा कर उनका मुकद्मा दर्ज़ किया गया है। युवती की हालत बिगड़ने पर उसे कल उसके परिजनों ने उर्सला अस्पताल में भर्ती करवाया है। बादशाही नाका पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों तलाश शुरू कर दी है।

## सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके गैंग के सदस्यों की हाई कोर्ट से बढ़वाएंगे सजा : भास्कर मिश्र

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी के द्वारा एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 से हुई सजा के मामले में हाई कोर्ट प्रयागराज में जरिए अधिवक्ता अपील दाखिल करवाने के बाद अब अभियोजन पक्ष ने भी कानपुर नगर से सजा बढ़वाने और जिन धाराओं में आरोपियों को दोष मुक्त किया गया है उनमें सजा कराने के लिए दावा करते हुए प्रत्यावेदन जिला अधिकारी कार्यालय में दाखिल किया है जिसे प्रयागराज हाई कोर्ट की उस अदालत के सामने रखा जाएगा जहां पर इरफान सोलंकी की अपील पर सुनवाई हो रही है।

आपको बताते चले कि बीती आठ नवम्बर 2022 को जाजमऊ कोतवाली में नजीर फातिमा नाम की बुजुर्ग महिला की तहरीर के आधार पर सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भाई रिजवान सोलंकी समेत 50 अज्ञात लोगों पर कोतवाली जाजमऊ में आगजनी की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना अधिकारी ने जांच आगे बढ़ाते हुए इसमें कई अन्य धाराओं को भी शामिल किया था। मामले की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में हुई थी। बीती 7 जून 2024 को विधायक इरफान सोलंकी उसके भाई रिजवान सोलंकी हिस्ट्रीशीटर शौकत पहलवान, मोहम्मद शरीफ, और हिस्ट्रीशीटर इसराइल आटा वाले को कोर्ट के द्वारा 7 साल की सजा सुनाई गई थी और जुर्माना भी लगाया गया था। लोगों का कयास है कि विधायक इरफान सोलंकी की सीट पर पुनः उपचुनाव हो सकते हैं। लेकिन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के द्वारा अभी इस विधानसभा को मुक्त घोषित नहीं किया गया है। वहीं अब हाई कोर्ट में अपील दाखिल होने के बाद कानूनी जानकारों का कहना है कि शायद अब उपचुनाव टल जाए लेकिन अभी यह भविष्य के गर्भ में छुपा है कि कोर्ट अपील पर निर्णय क्या देती है।

विधायक इरफान की अपील दाखिल होने के बाद कल जिला शासकीय अधिवक्ता भास्कर मिश्र के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि अभियोजन पक्ष ने भी बड़ी मजबूती से अपना प्रत्यावेदन तैयार कर जिला अधिकारी कार्यालय में जमा यहां से इस प्रत्यावेदन को हाई कोर्ट प्रयागराज कि उसे कोर्ट में भेजा जाएगा जहां पर इरफान सोलंकी की अपील पर सुनवाई होनी है। जिला शासकीय अधिवक्ता का कहना है कि अभियोजन पक्ष सभी आरोपियों की सजा बढ़ाने और जिन धाराओं में उन्हें दोष मुक्त किया गया है उन मामलों में सजा दिलाने का पूर्ण प्रयास करेगा।

## सर्राफा कारोबारी संग लाखों की टप्पेबाजी करने वालों पर मुक़दमा दर्ज

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




शहर के थाना कलेक्टरगंज स्थित पीपल वाली कोठी सर्राफ बाजार में एक सर्राफा कारोबारी से अहमदाबाद की कंपनी का मालिक होने का झांसा देकर लाखों रुपए की टप्पेबाजी को अंजाम देने वालों के विरुद्ध शुक्रवार को थाना नजीराबाद में मुक़दमा दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक नयागंज स्थित सर्राफा बाजार पीपल वाली कोठी में तीसरे खंड पर महेश चंद्र एंड संस के नाम से प्रतिष्ठान है और उनका सोना चांदी बेचने का कारोबार किया जाता है।

गुरुवार को एक टप्पेबाज ने उनके साथ 26 लख रुपए की टप्पेबाजी कर दी थी। इस मामले में घटना स्थल क्षेत्र थाना नजीराबाद का होने के कारण मुकदमा नजीराबाद में ही दर्ज किया गया है। प्रतिष्ठान के मालिक अजीत ओमर के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम के द्वारा जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर सफल खुलासा करने की बात कही गई है।

## एग्री टेक इनक्यूबेशन एवं प्रमोशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा चंद्र शेखर




आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के शोध निदेशालय द्वारा एग्री टेक इनक्यूबेशन एवं प्रमोशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि बदलते पर्यावरण के अनुरूप खेती में भी बदलाव किए जाने की आवश्यकता है व धान गेहूं आधारित फसल चक्र का विविधीकरण एवं सघनीकरण किया जाना आवश्यक है। ताकि खेती आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृण किया जा सके। कुलपति ने कृषि रक्षा रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कृषि रक्षा रसायनों एवं रासायनिक उर्वरकों का संतुलित प्रयोग आवश्यक है ताकि जैव विविधता में टिकाऊपन बना रहे। उन्होंने कृषि आधारित उद्यमिता विकसित करने, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन करने तथा एफपीओ की संख्या बढ़ाने पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय कृषि स्टार्टअप संस्थाओं के साथ मिलकर ग्रामीण अंचल में रह रही आबादी की जीविका को बढ़ाने के लिए कृषि आधारित उद्यमिता इकाइयों को स्थापित करने में तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ. पीके सिंह द्वारा बताया गया कि प्रदेश में एग्री टेक स्टार्टअप की असीम संभावनाएं हैं तथा सरकार द्वारा भी इन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। कुछ एग्रीटेक स्टार्टअप की तकनीकों को सरकार द्वारा अपने प्रसार तंत्र में सम्मिलित कर लिया गया है। कार्यक्रम में अंसर्ट एंड यंग ग्रुप के प्रतिनिधि एकांत विजय तथा सोशल अल्फा ग्रुप के प्रतिनिधि रतीश चरण द्वारा अपना-अपना प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके साथ-साथ नव विकसित स्टार्टअप इकोसाइट द्वारा मिट्टी परीक्षण किट, जीवनाहा द्वारा पोटैटो हार्वेस्टर, निया फॉर्म टेक द्वारा स्प्रे मशीन तथा श्री मारूत द्वारा बैटरी चली ट्रैक्टर पर प्रस्तुतीकरण करते हुए विकसित तकनीक के विषय में बताया गया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि इस कार्यक्रम में संयुक्त कृषि निदेशक कानपुर मंडल कानपुर अशोक कुमार तिवारी तथा उपनिदेशक कृषि अरुण चौधरी सहित 5 एफपीओ तथा 4 स्टार्टअप ने प्रतिभाग किया।धन्यवाद ज्ञापन निदेशक प्रसार डॉ. आरके यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में डॉ.सी एल मौर्य, कृषक समिति के अध्यक्ष बाबू सिंह कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रभारी एवं अध्यक्ष, एफपीओ के प्रतिनिधि सहित प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजीव द्वारा किया गया।

## ट्रैवल संचालक ने डिप्रेशन में पेड़ से लटक कर दे दी जान

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



थाना कल्याणपुर क्षेत्र में एक अधेड़ ने पेड़ से लटकर जान दे दी दो दिन तक शव वहां लटका रहा। बदबू आने पर वहां से निकल रहे राहगीरों ने जाकर देखा तो शव लटकता देख हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए अधेड़ की पहचान कर परिजनों को सूचना दी।

मिली जानकारी के अनुसार कल्याणपुर थानाक्षेत्र के आवास विकास में रहने वाले ट्रैवल एजेंसी संचालक वीरेन्द्र उर्फ मोहन के परिवार में पत्नी, दो बेटे थे। बड़े बेटे ने एक साल पूर्व सुसाइड कर लिया था। बेटे की मौत से गमजदा वीरेन्द्र उबर भी नहीं पाये थे कि एक महिला ने उनकी प्रापर्टी को झांसे में लेकर औने पौने दाम में खरीद लिया जिसे लेकर विवाद चल रहा था। लगातार डिप्रेशन में चल रहे वीरेन्द्र दो दिन पूर्व घर से निकले थे लेनिक लौट कर नहीं आये तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस छानबीन कर ही रही थी आज सुनसान क्षेत्र में पेड़ से लटकता शव मिलने की जानकारी पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन करते हुए वीरेन्द्र के परिजनों को भी बुलाया। पत्नी ने शव देखते ही बदहवास हो गयी। शव वीरेन्द्र का ही था। पुलिस ने बताया कि कई दिनों से वह डिप्रेशन में थे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूल का किया औचक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय कन्या मसवानपुर शास्त्री नगर का औचक निरीक्षण किया गया । उन्होंने प्रत्येक कक्षा में जाकर बच्चों से बातचीत की एवं कक्षा 6 में प्रोजेक्टर के माध्यम से भूगोल विषय के सौरमंडल का अध्ययन कर रहे बच्चों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संघर्षशील बच्चों पर विशेष रूप से ध्यान दिये जाने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने नगर निगम से सहयोग प्राप्त कर विद्यालय प्रांगण का सुंदरीकरण कराये जाने की बात कही। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने तैयार की रणनीति, डी.सी.पी. से करेंगे मुलाकात

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल (श्री श्याम बिहारी गुट )की बैठक व्यापार मंडल कार्यालय में हुई कल्याणपुर बाजार में ग्राहकों के वाहनों का चालान व नो एंट्री से व्यापार चौपट हो गया है।

कल्याणपुर में कार की नो एंट्री व इंदिरा नगर कट बंद होने कारण ग्राहकों का आवागमन कम हो गया है और उसके बाद कानपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा दुकानों को बाहर खड़े वाहनों का चालान काटने से बाजार में ग्राहकों की कमी आई जिससे व्यापार पूरी तरह चौपट हो गया है व्यापार मंडल के पदाधिकारी व व्यापारी जल्द ही डीसीपी ट्रैफिक से मुलाकात करके समस्या से अवगत कराएंगे। बाजार के अंदर चालान को ना रोका गया तो दुकानदार जल्द ही कठोर निर्णय लेगा, बैठक में मुख्य रूप से कल्याणपुर अध्यक्ष राजेश चंदेल, राहुल शुक्ला, प्रसाद आनंद शुक्ला, बब्बन गुप्ता, अनुज राजावत, अमित मिश्रा, गोपी वर्मा, कन्हैया वर्मा आदि पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

## बाल रोग से चाइल्ड लाइन के लिए विदा हो गई बेबी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



नौ माह से हैलट के बाल रोग अस्पताल में सबके चेहरे की मुस्कान बनी बेबी कल यहां से विदा हो गई। बच्ची को हंसते-मुस्कुराते देख डॉक्टर, स्टाफ व कर्मचारी की थकान दूर हो जाती थी। हर कोई उसे अपने घर ले जाना चाहता था, लेकिन किसी कारणवश ऐसा हो नहीं सका। डॉक्टर शुक्रवार को नम आंखों से बच्ची को कानपुर देहात चाइल्ड लाइन सेंटर भेज दिया गया। हैलट के जच्चा-बच्चा अस्पताल में 19 सितंबर 2023 को कानपुर देहात की रनियां निवासी पूनम नाम की महिला ने एक प्यारी से बेटी को जन्म दिया था। बच्ची का जन्म होने के कुछ देर बाद पूनम अपने परिजनों के साथ बच्ची को अस्पताल में छोड़कर भाग गए थे। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर स्टाफ ने जानकारी डॉक्टरों को दी और उसके बाद पूरे परिसर में परिजनों को खोजा गया, लेकिन वह नहीं मिले तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

पुलिस ने पूनम के परिजन द्वारा अस्पताल में दर्ज कराए गए पते पर जानकारी की तो पता चला कि शातिरों ने अस्पताल में पता गलत दर्ज कराया है। डॉक्टरों ने बच्ची की हालत थोड़ी खराब होने पर बाल रोग विभाग में भर्ती किया। यहां पर डॉक्टरों ने बच्ची की देखभाल अपने घर की बच्ची की तरह की और उसे स्वस्थ किया। इसी बीच बच्ची के साथ डॉक्टरों व स्टाफ का लगाव और अधिक बढ़ गया। जब भी कोई डॉक्टर या स्टाफ बाहर से बच्ची के पास आता तो उसके लिए खाद्य सामग्री जरूर लाता। इसी बीच अस्पताल में बच्ची के होने की जानकारी जैसे-जैसे लोगों के बीच पहुंची तो उसे गोद लेने के लिए करीब सौ हाथ आगे आए, लेकिन नियम व शर्तों के चलते उनकी इच्छा पूरी नहीं हो सकी, इनमे कई ऐसे अभिभावक भी थे, जिनकी संतान नहीं थी। शुक्रवार सुबह बच्ची कानपुर देहात चाइल्ड लाइन सेंटर के लिए विदा होगी। इस दौरान वहां मौजूद सभी चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की आंखें नम हो गई। बच्ची से लोगों को इतना लगाव हो गया था कि हर कोई उसे दुलारे बिना नहीं रह पाता था। सभी मानकों के अनुसार हैलट हास्पिटल से बच्ची को चाइल्डलाइन को सौंप दिया गया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 29°C | 26°C |
| कानपुर | 29°C | 26°C |
| देहरादून | 28°C | 24°C |
| नई दिल्ली | 31°C | 26°C |

# केएसएम व एपीआई की मैनुफैक्चरिंग का गढ़ बनेगा ललितपुर बल्क ड्रग फार्मा पार्क

**फार्मा सेक्टर के महत्वपूर्ण घटक की स्टार्टिंग मटीरियल्स व एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट्स का निर्माण करने वाली इकाइयों की विकास प्रक्रिया को मिलेगा बल**

- सीएम योगी के विजन अनुसार ललितपुर बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास के लिए जारी किया गया ग्लोबल एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट
- उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शुरू की तैयारी, वर्ल्ड क्लास कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटीज (सीआईएफ) के विकास का मार्ग होगा प्रशस्त
- पीपीपी मोड पर 1120 एकड़ क्षेत्र में होगा विकास, लार्ज स्केल इंडस्ट्रियल टाउनशिप्स व सेक्टोरल स्पेसिफिक इंडस्ट्रियल पार्क का होगा विकास



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए संकल्पबद्ध योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। प्रदेश में बड़े निवेश आकर्षित करने के साथ ही औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार ने ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क को वर्ल्ड क्लास कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटीज (सीआईएफ) से युक्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। सीएम योगी के विजन अनुसार ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने तैयारी शुरू कर दी है। इस क्रम में, यूपीसीडा द्वारा ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क के विकास के लिए ग्लोबल एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (ईओआई) जारी किया गया है। इस ग्लोबल ईओआई के जरिए ललितपुर ड्रग पार्क को फार्मा सेक्टर के महत्वपूर्ण घटक की स्टार्टिंग मटीरियल्स व एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआई) का निर्माण करने वाली इकाइयों के गढ़ के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी।

### 1120 एकड़ क्षेत्र में पीपीपी मोड पर आधारित होगा विकास

ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास के पीछे सीएम योगी का विजन है कि वह इस क्षेत्र को देश की फार्मा जरूरतों के हिसाब से विकसित करना चाहते हैं। उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं का यहां निर्माण हो जो किफायती हों और बल्क ड्रग प्रोडक्शन के क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता में वृद्धि हो, इस लक्ष्य के मद्देनजर ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क की विकास प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि ललितपुर बल्क ड्रग पार्क का 1120 एकड़ क्षेत्र में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर विकास किया जा रहा है।

### लार्ज स्केल इंडस्ट्रियल टाउनशिप्स का मार्ग होगा प्रशस्त

ललितपुर बल्क ड्रग फार्मा पार्क के विकास के लिए जो कार्ययोजना तैयार की गई है, उसके अनुसार लार्ज स्केल इंडस्ट्रियल टाउनशिप्स, सेक्टोरल स्पेसिफिक इंडस्ट्रियल पार्क्स व अन्य इंडस्ट्रियल एरिया के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। यूपीसीडा द्वारा जारी की गई ईओआई के अनुसार इन सभी विकास कार्यों की पूर्ति के लिए डेवलपर एजेंसी का निर्धारण किया जाएगा। ललितपुर बल्क ड्रग फार्मा पार्क को सड़क और रेल नेटवर्क के माध्यम से विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और उत्कृष्ट कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है जिससे लॉजिस्टिक्स की सुविधाजनक आवाजाही का मार्ग प्रशस्त होगा।

### फार्मा सेक्टर के राज्य विनिर्माण पावरहाउस के तौर पर करेगा कार्य

यह फार्मास्यूटिकल उत्पादों के लिए राज्य विनिर्माण पावरहाउस के रूप में कार्य करेगा । साथ ही, यह फार्मा पार्क ललितपुर में उभरते फार्मा और थोक दवा विनिर्माण उद्योगों के लिए एक इनक्यूबेटर के रूप में भी कार्य करेगा। यह कई वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस होगा जिसमें केमिकल डिस्चार्ज के निस्तारण के लिए जीरो लिक्विड डिस्चार्ज जैसी स्टैंडर्ड प्रैक्टिस भी शामिल है।

### ग्लोबल पैरामीटर्स बनेंगे विकास का आधार, कई वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से होगा लैस

ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क का विकास ग्लोबल पैरामीटर्स के आधार पर किया जाएगा। यहां पार्क को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट व इंसीनेरेटर, स्टॉर्म वॉटर ड्रेन नेटवर्क, कॉमन सॉल्वेंट स्टोरेज सिस्टम व सॉल्वेंट रिकवरी व डिस्टिलेशन प्लांट से युक्त किया जाएगा। बल्क ड्रग पार्क स्टीम जेनरेशन इनक्लूसिव कूलिंग टावर, कॉमन वेयरहाउसेस, डेडिकेटेड पावर स्टेशन व डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम, रॉ पोर्टेबल व डीमिनरलाइज्ड वॉटर फैसिलिटी जैसी सुविधाओं से लैस होगा। वहीं, यहां एड्वांस लैबोरेट्री टेस्टिंग सेंटर, इमर्जेंसी रिस्पॉन्स सेंटर, हैजार्डस ऑपरेशन ऑडिट सेंटर तथा सेंटर ऑफ एक्सिसेंस जैसी सुविधाओं को भी यहां विकसित किया जाएगा।

# बाढ़ से पहले योगी सरकार की तैयारियां मुकम्मल, 612 बाढ़ चौकियां स्थापित

- सीएम योगी के निर्देश के बाद आधिकारियों ने बाढ़ को लेकर तैयारियां की पुख्ता
- बाढ़ से प्रभावित होने वाले संभावित 39 जिलों में खाद्यान्न टेंडर प्रक्रिया पूरी, 25 जिलों में मॉकड्रिल
- संभावित बाढ़ प्रभावित जनपदों के लिए 10 करोड़ की धनराशि जारी



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

योगी सरकार ने प्रदेश में बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए इससे निपटने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। सीएम योगी के निर्देश पर बाढ़ से निपटने एवं जनहानि-धनहानि को न्यूनतम करने के लिए 24 अतिसंवेदनशील और 16 संवेदनशील इलाकों में बाढ़ चौकियों की स्थापना कर ली गयी है, जहां पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टुकड़ियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को राहत देने के लिए 40 जिलों में से 39 जिलों में खाद्यान्न टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। बता दें कि सीएम योगी ने हाल में ही बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे, जिसके बाद अधिकारियों ने मिशन मोड में महज चार से पांच दिन के अंदर तैयारियों को अंजाम दिया है।

### अब तक स्थापित की गयी 612 चौकियां

प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अलर्ट रहने के साथ तैयरियों को पुख्ता करने के निर्देश दिये थे। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरुप प्रदेश के अतिसंवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में 612 बाढ़ चौकियों की स्थापना की जा चुकी है। वहीं इन क्षेत्रों में अतिरिक्त बाढ़ चौकियों की स्थापना की कार्रवाई चल रही है। इन बाढ़ चौकियों में एनडीआरएफ की 7 टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमें तैनात कर दी गयी हैं। इसके साथ ही आपदा मित्रों को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा सभी बाढ़ प्रभावित जनपदों में नावों का चिन्हीकरण और नाविक तैनात कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एक वर्ष में 4700 राहत चौपालों को आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को बाढ़ के दौरान अपनी और अपने मवेशियों की किस तरह सुरक्षा करनी है, इसकी जानकारी दी गयी। वहीं बाढ़ पूर्व तैयारियों के तहत एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की ओर से 25 जनपदों में मॉकड्रिल की गयी।

### 39 जिलों में खाद्यान्न पैकेट की टेंडर प्रक्रिया पूरी

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़ प्रभावित जनपदों के लिए 10 करोड़ की धनराशि जारी की जा चुकी है। इस धनराशि से बाढ़ प्रभावित जनपदों में विभिन्न आवश्यक खरीदारी पूरी कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित 40 जिलों में से 39 जिलों में खाद्यान्न पैकेट की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। वहीं गाजीपुर में खाद्यान्न पैकेट का टेंडर एक दो दिन में पूरा कर लिया जाएगा। बाढ़ प्रभावित इलाकों में दो खाद्यान्न पैकेट वितरित किये जाएंगे। इनमें पहले पैकेट में प्रति परिवार को ढाई-ढाई किलोग्राम के दो लाई के पैकेट, 2 किलो भुना चना, प्लास्टिक के पैकेट में 1 किग्रा. गुड़, बिस्किट के 10 पैकेट, माचिस और मोमबत्ती के एक पैकेट, 2 पीस नहाने का साबुन, एक 20 लीटर का जरीकेन, 12 गुणे 10 वर्ग फिट मोटाई का एक तिरपाल, जिसका जीएसएम 110 से कम न हो आदि सामान वितरित किया जाएगा। वहीं दूसरे पैकेट में प्रति व्यक्ति 10 किग्रा. आटा, 10 किग्रा. चावल, 2 किग्रा. अरहर दाल, 10 किग्रा. आलू, 200 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम मिर्च, 200 ग्राम सब्जी मसाला, 1 लीटर सरसों का तेल और 1 किग्रा. नमक का पैकेट वितरित किया जाएगा।

# पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन महिगवां थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने राह पर खड़ी मोटरसाइकिल को चुराकर फरार हो गए थे महिगवां पुलिस टीम ने चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ़्तार कर लिया। बता दें कि पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा अपराधियो एवं वांछित अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त उत्तरी अभिजित आर. शंकर व अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी जितेन्द्र कुमार दुबे के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी सुजीत कुमार दुबे के निर्देशन एवं महिगवां थानाध्यक्ष शिवमंगल सिंह के कुशल नेतृत्व में मु0अ0स0 84/2024 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित व्यक्ति को दरोगा अतुल कुमार, ऋषभ शुक्ला, हेड कांस्टेबल देवेन्द्र कुमार ने पहाड़पुर से कुम्हरावां जाने वाली रोड़ पर स्थित पवन ईट भट्ठा के सामने चेकिंग के दौरान सूरज पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम गनेश का पुरवा धखिनवां? थाना अटरिया सीतापुर उम्र करीब 22 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। वहीं महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने बताया कि एक मोटरसाईकिल जिसमे आगे व पीछे नम्बर प्लेट नही होने के कारण संदिग्धता के आधार पर पकडा गया पूछताछ में सूरज ने बताया कि पहाड़पुर अंग्रेज़ी शराब के ठेके से कुछ दूर आगे एक व्यक्ति सड़क के किनारे नशे की हालत मे लेटा हुआ था तथा उसकी मोटरसाईकिल की चाभी लगी हुई वही सड़क के किनारे खड़ी हुई थी, मैने मौका देखकर नशे की हालत में पड़े हुए व्यक्ति की मोटरसाईकिल को चुरा लिया था बरामदगी के आधार पर मु0अ0स0 84/2024 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 के तहत विधिक कार्रवाई की गई।

# विधायक ने बीकेटी रेंज कार्यालय पर किया वृक्षारोपण

- विधायक ने वन महोत्सव 2024 के तहत किया वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा वृक्षारोपण वन महोत्सव 2024 कार्यक्रम के अन्तर्गत अवध वन विभाग बीकेटी रेंज कार्यालय परिसर में बख्शी का तालाब विधानसभा विधायक योगेश शुक्ला व बीकेटी रेंजर अनुज प्रताप सिंह द्वारा रेंज कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। वहीं इस मौके पर विधायक योगेश शुक्ला कहा कि 'वन है तो कल है, के मूल मंत्र को अपनाते हुए सभी अपने आस-पास वृक्षारोपण करें क्योंकि प्रकृति व मनुष्य के लिए वनों का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आइए आज हम सभी वृक्षारोपण और उनके संरक्षण का संकल्प लें, कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी? व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने का संकल्प लिया है। सभी को एक पेड़ अपनी मां के लिए जरूर लगाना चाहिए जिससे की प्राकृति का लाभ आमजन व सभी को मिल सकें। इस मौके पर विधायक योगेश शुक्ला, बीकेटी रेंजर अनुज प्रताप सिंह, वन अधिकारी मुबारक अली, शिव सहाय वन दरोगा, रोहित सिंह वनरक्षक, रेनू वर्मा वनरक्षक, सीताराम, बाबूलाल ,सुंदरलाल माली अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहें।

# नगर पंचायत में गंदगी का अंबार, नहीं सुनते जिम्मेदार

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**इटौंजा,लखनऊ।** लखनऊ जिले की नगर पंचायत महोना के लोगों को शहरी क्षेत्र होने के बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। साफ-सफाई के अभाव में जहां कूड़ा जमा है, वहीं जल निकासी के लिए बनी नालियां कचरे से पटी पड़ी हुई हैं। इन वार्डो में मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान हैं। जबकि जिम्मेदार लापरवाह बनें हैं और अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहें हैं। बताते चले कि महोना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1, वार्ड नंबर 2, वार्ड नंबर 4 , वार्ड नंबर 9 में निवासियों को मूलभुत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इन वार्डों के निवासियों ने बताया कि वार्ड नंबर 10 व 1,2,4,3,में सफाई कर्मी सिर्फ खानापूर्ति कर चले जाते है और नालियों में गंदगी पटी रहती है। इन वार्डों में साफ़ सफ़ाई ना होने से वार्ड की नालियां गंदगी से पटी पड़ी हुई हैं। वहीं नगर पंचायत के जिम्मेदार सभासदों की उदासीनता के चलते नगर में साफ सफाई की व्यवस्था बदहाल हैं। इसके चलते नगर के वार्डों में चारो तरफ गंदगी पसरी है। गंदगी के चलते मच्छरों के आंतक बढ़ने से लोग परेशान है। जिम्मेदार अधिशासी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे कि वार्डो में गंदगी अंबार लगा हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान की अधिकारी धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं।

# प्रदेश में एग्री स्टैक की स्थापना के प्रारंभिक चरण का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज शुक्रवार को एग्री स्टैक की स्थापना के प्रारंभिक चरण की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य किसानों को सस्ता ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि निवेश, स्थानीयकृत और विशिष्ट लक्षित सलाह और बाजारों तक सुविधाजनक पहुंच उपलब्ध कराना है। यह सरकार के विभिन्न हितधारकों द्वारा किसान और कृषि-केंद्रित लाभदायी योजनाओं की योजना बनाना और उन्हें लागू करने की प्रक्रिया को भी आसान बनाएगा।कृषि भवन लखनऊ के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान श्री शाही ने बताया कि एग्री स्टैक के प्रारंभिक चरण में तीन बुनियादी रजिस्ट्री शामिल हैं जिसमें भू-संदर्भित राजस्व ग्राम मानचित्र जिओ रेफरेंस विलेज मैप, जीआईएस बेस रियल टाइम क्रॉप सर्वे क्रॉप सोन रजिस्ट्री और किसानों का डेटाबेस फार्मर रजिस्ट्री है। प्रदेश के राजस्व ग्रामो के सजरा मानचित्र को हाई-रेजुलेशन सेटेलाइट मैप के साथ मैपिंग कराकर भू-संदर्भित राजस्व ग्राम मानचित्र के रूप में डिजिटाइज़ किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक खेत का जियो रेफरेंसिंग संभव हो सकेगा। क्रॉप सोन रजिस्ट्री के अंतर्गत प्रदेश के सभी खेतों में बोई गई फसलों का खरीफ, रबी एवं जायद में भारत सरकार द्वारा विकसित मोबाइल ऐप के माध्यम से फसल सर्वेक्षण किया जा रहा है। खरीफ 2023 में उत्तर प्रदेश के 21 जनपदों और शेष 54 जनपदों के 10-10 राजस्व ग्रामों में ई-खसरा पड़ताल सुनिश्चित किया गया।फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत, प्रदेश के कृषक विवरण को एग्री स्टैक के अंतर्गत तैयार किए जा रहे डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में संकलित किया जाएगा। इस हेतु भारत सरकार द्वारा भूलेख के डेटाबेस को समेकित कर राज्य को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जायेगा। प्रदेश भर में फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु एक माह का अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के सफल संचालन के लिए मुख्यालय स्तर पर एक हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है।

# ग्रेटर नोएडा में 25 हजार रोजगार के सृजन का माध्यम बनेगी 'इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप'

## 6,807 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश को किया जा रहा है लक्षित, कुल 747.50 एकड़ क्षेत्र में हो रहा है इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप का विकास

- कुल 33.52 एकड़ क्षेत्र इंडस्ट्रियल, 72.86 एकड़ ग्रुप हाउसिंग व ईडब्ल्यूएस रेजिडेंशियल तथा 38.15 एकड़ में कमर्शियल लैंड यूज के लिए चिह्नित
- हरित क्षेत्र, लेआउट प्लान रोड्स व सेक्टर रोड्स समेत विभिन्न सुविधाओं के विकास के लिए 300.97 एकड़ भूमि का किया जाएगा उपयोग
- मोबाइल कॉम्पोनेंट्स, इंडस्ट्रियल मशीनरी, पेंटिंग प्लांट्स समेत कॉस्मेटिक्स व हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स की मैनुफैक्चरिंग का हब बनेगी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में संकल्पित व प्रयासरत योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा में बन रही इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप के वृहद विकास के लिए बड़ा रोडमैप तैयार किया है। सीएम योगी के विजन अनुसार, इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप को 6,807 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश को लक्षित करने के माध्यम के तौर पर विकसित किया जाएगा जिसके जरिए इस क्षेत्र में 25 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उल्लेखनीय है कि ग्रेटर नोएडा के परी चौक से 11 किलोमीटर की दूरी पर अजायबपुर रेलवे स्टेशन के करीब इस टाउनशिप का विकास किया जा रहा है। यह क्षेत्र नोएडा मुख्य शहर से भी मात्र 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कुल 747.50 एकड़ में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप के हो रहे विकास में से 332.52 एकड़ क्षेत्र में इंडस्ट्रियल, 72.86 एकड़ में ग्रुप हाउसिंग व ईडब्ल्यूएस रेजिडेंशियल तथा 38.15 एकड़ में कमर्शियल लैंड यूज की गतिविधियां संचालित होंगी। वहीं, 300.97 एकड़ एरिया का एरिया विकास सेक्टर व साइट लेआउट प्लान रोड्स, साइकिल ट्रैक, एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग्स व हरित क्षेत्र के तौर पर विकसित किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा में विकासशील इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप दरअसल, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे के लिहाज से एक प्रमुख परियोजना है, जिसे विश्व स्तरीय मानकों के साथ डिजाइन किया गया है। नए जमाने की कार्कायशैली के अनुसार यहां कार्यक्षमता व सौंदर्य के बीच संतुलन बनाया गया है। वैसे, परियोजना के अंतर्गत इंडस्ट्रियल पॉकेट रीजन में पहले से ही कई बड़े प्लांट्स संचालित हैं। इसके जरिए हजारों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा यह क्षेत्र मोबाइल कॉम्पोनेंट्स व इलेक्टॉनिक आइटम्स के निर्माण क्षेत्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन से भी है और अजायबपुर व दादरी रेलवे स्टेशंस क्लोज प्रॉग्जेमिटी पर स्थित हैं, इसी कारण से इस क्षेत्र को भविष्य के बड़े इंडस्ट्रियल हब के विजन के साथ विकसित किया जा रहा है।

### कई सेक्टर्स के प्रोडक्ट्स का हो सकेगा उत्पादन

मोबाइल कॉम्पोनेंट्स व इलेक्टॉनिक आइटम्स के निर्माण का कार्य तो इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में शुरू हो ही चुका है, इसके अतिरिक्त अन्य कई सेक्टर्स की भी निर्माण इकाइयों की संथापना व संचालन की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि मोबाइल, पीसीबी, एसी, टीवी, वॉशिंग मशीन व एलईडी कॉम्पोनेंट्स जैसे मैनुफैक्चरिंग सेक्टर्स की निर्माण इकाइयां यहां पहले से ही बड़े स्केल पर प्रोडक्शन कर रही हैं। वहीं, अब इस क्षेत्र में इंडस्ट्रियल मशीनरी, कॉस्मेटिक्स, हेल्थकेयर, आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स, पीवीसी पाइप्स, फिटिंग्स, पाउडर व लिक्विड पेंट्स, इलेक्ट्रिक वायर तथा कॉपर ट्यूब्स व पाइप्स की निर्माण इकाइयों की स्थापना व संचालन की प्रक्रिया के लिए लीज डीड प्रॉसेस को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

### तेजी से बढ़ रही है निर्माण व विकास प्रक्रिया

सीएम योगी के विजन अनुसार इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप के विकास के लिए बनाई गई विस्तृत कार्ययोजना के क्रियान्वयन के जरिए इंडस्ट्रियल, कमर्शियल व रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स को गति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फिलहाल, इंडस्ट्रियल लैंड यूज के कुल 42 प्लॉट्स में से 17 बड़े प्लॉट्स आवंटित किए जा चुके हैं जबकि 25 प्लॉट्स की आवंटन प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाएगी। इसी प्रकार, रेजिडेंशियल के 6 व कमर्शियल के 7 प्लॉट्स की भी आवंटन प्रक्रिया को जल्द ही शुरू किया जाएगा। प्रोजेक्ट टाउनशिप के अंतर्गत 240.22 एकड़ क्षेत्र में विभक्त 38 प्लॉट्स की भी आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। इसमें से 10 इंडस्ट्रियल प्लॉट्स की आवंटन प्रक्रिया को इसी माह पूर्ण कर लिया जाएगा।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# राहुल गांधी, हिन्दू हिंसक नहीं तुम्हारी धारणा नफरती है

**जो नारे जेएनयू में लगे उसके अनुसार तो उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, जिन्होंने अफजल को सजा सुनाई और वह तत्कालीन राष्ट्रपति जिन्होनें फांसी की सजा में कोई राहत अफ़जल को नहीं दी थी, वह उसके कातिल हो गए, तब फिर उनके जिंदा रहने पर यदि नारों के जरिए जेएनयू में शर्मिंदगी व्यक्त की जा रही थी और राहुलका उनको समर्थन मिलता यहां दिखा, अब हम उसके क्या मायने निकालें? जबकि तमाम फोटो एवं वीडियो मौजूद हैं जो साफ गवाही दे रहे हैं कि कैसे उस समय राहुल गांधी इन जेएनयू के टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ हाथ में हाथ डाले खड़े रहे थे।**

*राहुल गांधी आज संसद के माध्यम से देश को ज्ञान दे रहे हैं, वह हिन्दू धर्म पर अपना व्याख्यान कर रहे हैं और संपूर्ण हिन्दू समाज को हिंसक बता रहे हैं । कह रहे हैं, ...जो लोग खुद को हिन्दू कहते हैं वो 24 घंटे हिंसा-हिंसा-हिंसा, नफरत-नफरत-नफरत, असत्य-असत्य-असत्य करते हैं। बाद में जब उनकी बातों पर भारतीय जनता पार्टी घोर विरोध करती है, तब फिर वे अपने हिन्दू विरोधी नैरेटिव को भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर मोड़ देते हैं। संसद में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भगवान शिव का इस्तेमाल करते हुए जो हिन्दू धर्म पर बोला है, वह वास्तव में उनके अंदर भरे हिंदू घृणा के भाव को दर्शाता है। क्या इस तरह का दृष्य पहली बार सामने आया है? क्या किसी कांग्रेसी या राहुल गांधी के परिवार या उनकी सत्ता, जहां भी है या रही वहां हिन्दू घृणा नहीं प्रदर्शित की जाती ? आप हिन्दू घृणा का प्रदर्शन तो छोड़िए कांग्रेस ने तो हिन्दू विरोध में इतने अधिक अपराध किए हैं कि कभी उससे वह मुक्त भी होना चाहे और उसके लिए वह कितना भी बड़ा प्रायश्चित कर ले तब भी कांग्रेस उन सभी से कभी मुक्त नहीं हो सकती है। इतिहास में अनेक घटनाएं आज दर्ज हैं, जो गिनाई जा सकती हैं कि कैसे-कैसे कांग्रेस के नेताओं ने समय-समय पर हिन्दू शक्ति को कमजोर करने और उसकी संस्कृति के ह्रास के लिए कार्य किया है। सोचनेवाली बात यह है कि यदि हिन्दू हिंसक होता तो क्या किसी कांग्रेसी सरकार या नेता की हिम्मत होती कि वह उसके विरोध में तमाम नियम एवं कानून बना पाता? यदि हिन्दू हिंसक होता तो क्या उसके आराध्य देव के होने और उनके अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह कांग्रेस के नेता कभी खड़ा कर पाते? और यदि हिन्दू हिंसक होता तो कभी भारत की सीमाएं सिकुड़ती? दुनिया के नक्शे में कभी पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, मालदीव, मलेशिया, फिजी, म्यांमार, भूटान समेत क्या आज इन देशों का यही अस्तित्व होता जो वर्तमान में है? आज ऐसे अनेक प्रश्न हैं, जिनके उत्तर इन्हीं प्रश्नों में छिपे हैं। देखा जाए तो ऐसे अनेक तर्क हैं, जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि हिन्दू कभी हिंसक नहीं रहा है, स्वाभिमानी जरूर रहता रहा है। लेकिन आधुनिक भारत में एक नैरेटिव एक लम्बे समय से सेट करने का प्रयास हो रहा है कि जो कुछ गलत हो रहा है वह भारत में बहुसंख्यक हिन्दू जनता के होने के कारण से हो रहा है। वस्तुत संसद में राहुल गांधी ने जो किया और जिस तरह से पहले भी करते रहे हैं उस सब का एक ही निहितार्थ है कि हिन्दुओं को बांटों, विभिन्न हिन्दू जातियों के बीच आपसी खाई पैदा करो, आपस में लड़ाओं, उनके विश्वास को तोड़ों, परस्पर अविश्वास पैदा करो और उन्हें इतना अधिक भ्रमित कर दो कि वह अपना आत्मविश्वास ही खो बैठें। यह सार्वजनिक रिकॉर्ड में मौजूद है, जिसमें राहुल गांधी ये कहते नजर आते हैं कि 'मंदिर जानेवाले ही लड़की छेड़ते हैं'। 'भारत को आतंकवादियो से ज्यादा हिन्दुओं से खतरा है'। जवाहर लाल नेहरु यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में जब %अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं!, भारत तेरे टुकड़े होंगे, इंशाअल्लाह..इंशाअल्लाह.. जैसे देश विरोधी नारे उस अफजल के समर्थन में लग रहे थे जोकि भारत का गुनहगार और संसद पर अटैक का मास्टर माइण्ड था, उस वक्त भी हमने देखा कि राहुल गांधी उनके साथ हाथों में हाथ लिखे खड़े नजर आ रहे थे। यह गंभीर और गहराई से सोचनेवाली बात है कि जो लोग देश के टुकड़े करने की मंशा रखते हैं, राहुल उनके साथ खड़े नजर आते हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**हालांकि यह कहना सही नहीं होगा कि भीड़ के काबू से बाहर होने के कारण हादसे भारत में ही होते हैं। मक्का में 2015 में भगदड़ में 850 से ज्यादा हाजी अपनी जान गंवा बैठे थे। ये पूरी दुनिया के विभिन्न देशों से वहां पर हज के लिए पहुंचे थे।सऊदी अरब की मक्का मस्जिद के पास मीना में शैतान को पत्थर मारने की रस्म अदाएगी के बीच भगगड़ मची। इसी तरह से 2004 और फिर 2006 में शैतान को मारने की होड़ में सैकड़ों लोग रौंदे गए थे। अगर बात दुनियाभर की हो तो म्युजिक कंसर्ट से लेकर फुटबॉल के मैदान में भी भीड़ के बेकाबू होने के कारण बड़े हादसे होते रहे हैं। चीन के शंघाई शहर के एक बड़े डिस्को में अचानक आग लगने से सैकड़ों लोग मारे गये थे।**

# हाथरस हादसा : कब हमें आएगा भीड़ नियंत्रण करना



आर.के.सिन्हा

**एक बार जान लें कि अगर प्रशासन की तैयारियां सही हों तो भीड़ के बेकाबू होने की घटनाएं रोकी जा सकती हैं। देखिए हम सत्संग या धार्मिक आयोजनों पर रोक तो नहीं लगा सकते। यह तो होते रहेंगे। हां, यह जरूरी सुनिश्चित किया जा सकता है कि भीड़ को नियंत्रण करने के बेहतर उपाय हो जाएं।**

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदरा राव क्षेत्र में आयोजित एक सत्संग के दौरान भगदड़ में मरने वालों की संख्या सवा सौ से ऊपर पहुंच गई है। जाहिर है, इस दिल दहलाने वाले हादसे से सारा देश ही हतप्रभ और शोकाकुल है। हाथरस में भी मौत का तांडव भगदड़ के कारण ही हुआ। बहुत साफ है कि प्रशासन ने भगदड़ की पुरानी घटनाओं से सबक नहीं लिया और इस कारणवश फिर से मासूमों की जानें चली गईं। दो साल पहले 2022 में माता वैष्णो देवी मंदिर में नए साल की रात को हुए हुई भगदड़ की घटना ने भी साबित कर दिया था कि हमें भीड़ नियंत्रण करना नहीं आता। माता के दरबार में पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच रात करीब 12 बजे अचानक से जोर-जोर से जयकारे लगने लगे। उसके बाद धक्का-मुक्की शुरू हुई और भगदड़ मच गई। भगदड़ ने भयानक रूप ले लिया। रात करीब दो बजे के आसपास हुए हादसे में 12 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। वहीं एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। क्या हाथरस के स्थानीय प्रशासन को पता नहीं था कि सत्संग में भक्तों की भारी भीड़ आएगी और इस कारण से वहां भगदड़ की स्थिति बन सकती है। पर हमारे यहां सरकारी प्रशासन की काहिली के कारण हादसे होना मामूली बात हो गई है। पहले हुए हादसों के बाद हाथरस के हादसे को भी भुला दिया जाएगा। इस बारे में किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए। एक बात समझ लें कि बड़े आयोजनों में भीड़ की निकासी की हमेशा बेहतर और वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही नागरिकों और भक्तों को भी भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचना चाहिए। वे अपनी लापरवाहियों की सारी जिम्मेदारी प्रशासन पर ही तो नहीं डाल सकते। उन्हें सोच-समझकर ही उन आयोजनों में शिरकत करनी चाहिए जहां पर बड़ी तादाद में जनता की उपस्थिति रहने वाली है। हाथरस में हुई दुखद घटना कोई अकेली घटना नहीं है, क्योंकि पिछले कई वर्षों में भारत में धार्मिक सभाओं में भगदड़ के कारण कई मौतें हो चुकी हैं। वैष्णो देवी के अलावा, महाराष्ट्र में 2005 में मंदारदेवी मंदिर में हुई भगदड़ शामिल है, जिसमें 340 से ज़्यादा लोगों की जान गई थी, और 2008 में राजस्थान के चामुंडा देवी मंदिर में हुई भगदड़, जिसमें कम से कम 250 लोगों की मौत हुई थी। 31 मार्च, 2023 को, इंदौर शहर के एक मंदिर में एक प्राचीन %बावड़ी% या कुएँ के ऊपर



**मुझे लगता है कि आजाद भारत की सबसे भयानक भगदड़ की घटना 1954 में प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले में हुई थी। उसमें सैकड़ों लोगों की जानें गईं थीं। प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के स्नान के लिए रोकी गयी भीड़ में मची भगदड़ के कारण यह दुर्घटना हुई थी।**

बनाई गई स्लैब हवन कार्यक्रम के दौरान ढहने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई, 2015 को, आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम त्योहार के पहले दिन गोदावरी नदी के किनारे एक बड़े स्नान स्थल पर भारी भीड़ जमा होने के कारण भगदड़ मच गई थी, जिसमें सत्ताइस तीर्थयात्री मारे गए थे और 20 अन्य घायल हो गए थे। मुझे लगता है कि आजाद भारत की सबसे भयानक भगदड़ की घटना 1954 में प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले में हुई थी। उसमें सैकड़ों लोगों की जानें गईं थीं। प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के स्नान के लिए रोकी गयी भीड़ में मची भगदड़ के कारण यह दुर्घटना हुई थी। जांच की रिपोर्ट में आया था कि नेहरु ने अखाड़ों के स्नान से पहले स्नान करने का फैसला किया। इससे साधु खफा हो गए थे। इसी से वहां हंगामा हो गया। वहां मौजूद हाथी भी भड़क गए। उन्होंने भी दर्जनों लोगों को कुचल डाला। लेकिन इस बात को दबा दिया गया थाढ्ढ ऐसा ही हादसा हरिद्वार के कुम्भ में नब्बे के दशक में भी हुआ जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और वीर बहादुर सिंह के स्नान के लिये भीड़ को रोका गया था। यह भी सच है कि भगदड़ कभी-कभी कुछ शातिर किस्म के तत्वों की घटिया हरकतों के कारण भी हो जाती हैं। धार्मिक स्थलों की मर्यादा की अनदेखी करते हुए वहां कुछ टुच्चे लोग घटिया हरकतें करने लगते हैं। दरअसल, मेलों और मंदिरों जैसे स्थानों पर मानवता के दुश्मनों की गिद्ध दृष्टि रहती है। इनके इरादों को निरस्त करना ही होता है। पिछले प्रयाग कुंभ के समय उत्तर प्रदेश सरकार ने मेले में तैनात होने वाले पुलिसकर्मियों को नेशनल सिक्योरिटी गाड्र्स यानी एनएसजी और सेना से ट्रेनिंग दिलवाई थी। ये भीड़ में ही घुसे रहे थे और पलक झपकते ही शरारती लोगों का काम तमाम करने में सक्षम थे। उसी तरफ की व्यवस्था धार्मिक आयोजनों में स्थायी रूप से रहनी चाहिए। याद रखें कि भीड़ वाली जगहों में किसी नेता, अभिनेता या लोकप्रिय शख्सियत के आने से भगदड़ के हालात पैदा हो जाते हैं। भीड़ उग्र और बेकाबू हो जाती हैढ्ढ इसलिए प्रशासन को बहुत चौकस रहना चाहिए। हाथरस हादसे की बात करते हुए मुझे यह भी कहने दें कि इस तरह के हादसे तब ही रूकेंगे जब हमारे प्रशासन की तैयारियां ठोस होंगी। वर्ना तो कुछ दिनों के शोर तथा मृतकों/घायलों के परिजनों को मुआवजा देने के बाद फिर से पहले की तरह से सब कुछ चलने लगेगा। हाथरस में हुए आयोजन का प्रबंधन देखने वाले अफसरों से पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने किस तरह की तैयारियां की थीं। उन अफसरों पर चाबुक भी चले जो अपने दायित्वों का निर्वाह करने से चूक गए। हालांकि यह कहना सही नहीं होगा कि भीड़ के काबू से बाहर होने के कारण हादसे भारत में ही होते हैं। मक्का में 2015 में भगदड़ में 850 से ज्यादा हाजी अपनी जान गंवा बैठे थे। ये पूरी दुनिया के विभिन्न देशों से वहां पर हज के लिए पहुंचे थे।सऊदी अरब की मक्का मस्जिद के पास मीना में शैतान को पत्थर मारने की रस्म अदाएगी के बीच भगगड़ मची। इसी तरह से 2004 और फिर 2006 में शैतान को मारने की होड़ में सैकड़ों लोग रौंदे गए थे। अगर बात दुनियाभर की हो तो म्युजिक कंसर्ट से लेकर फुटबॉल के मैदान में भी भीड़ के बेकाबू होने के कारण बड़े हादसे होते रहे हैं। चीन के शंघाई शहर के एक बड़े डिस्को में अचानक आग लगने से सैकड़ों लोग मारे गये थे।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | प्रतिपदा 28:26 तक |
| नक्षत्र: | पुनर्वसु 28:45 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शनिवार |
| योग: | व्याघात, 26:43 |
| सूर्योदय: | 05:32 |
| सूर्यास्त: | 19:17 |
| चंद्रमा: | मिथुन राशि में |
| राहुकाल: | 08:59-10:42 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्त: | 11:57-12:52 |

## जन एक्सप्रेस

### आया फिर बयान !

*नया नया उनका ।*
*आया फिर बयान ।।*
*मित्रों खातिर उनका ।*
*है सारा सामान ।।*
*तनिक भी गरीबों पर ।*
*नही हैं देते ध्यान ।।*
*चरम पर ग़रीबी ।*
*टूट गए अरमान ।।*
*थी सत्ता हमारी जब ।*
*आप थे धनवान ।।*
*और थे खुशहाल आप ।*
*थी अलग पहचान ।।*
*पकड़ा ज़ोर धीरे धीरे ।*
*लगता अब प्रचार ।।*
*आएंगे अब करने ।*
*सारे चमत्कार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*इतनी खामोश हवाएं क्यों है,*
*इतनी गमगीन फिजाएं क्यों है।*
*हाल ए दिल तो सुनाओ जरा,*
*इतनी बे-असर दुआये क्यों हैं।*
*दर्द हमारा तो ला इलाज है,*
*बेअसर इतनी दवाये क्यों हैं ।*
*नजरें बता गई बेरुखी का सबक,*
*आंखों में लाल ढेर अंगारे क्यों हैं।*
*इंतहा हो गई लम्हों के इंतजार की,*
*अपनी यादों के गमगीन इशारे क्यों हैं।*
*लोरियां सो गई दर्द बयां करते संजीव,*
*आसुओं के जुगनू इतने बेसहारे क्यों हैं।*
*हिम्मत रखो अंधेरों के बाद रोशनी आएगी,*
*आप के हौसले इतने थके हारे क्यों हैं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***जीवन की विडम्बना यह नहीं है कि आप अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंचे, बल्कि यह है कि पहुंचने के लिए आपके पास कोई लक्ष्य ही नहीं था***

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बच्चे को कम सुनाई देता है, तो मददगार हो सकती है कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी

**कुछ** बच्चों को जन्म से ही सुनाई देने की समस्या का सामना करना पड़ता है। दरअसल, माता-पिता के जीन्स गर्भ में बच्चे में विकार का कारण बन सकते हैं। इन विकारों के कारण बच्चो के यदि कान के अंगों का विकास सही तरह से नहीं होता है, तो उनको जन्म से ही सुनाई न देने की समस्या हो सकती है। जन्म के समय शिशु बेहद छोटा होता है, ऐसे में टेस्ट के जरिए भी इस समस्या की पहचान नहीं की जा सकती है। डॉक्टर्स की मानें तो भारत में जन्म लेने वाले लगभग 1000 बच्चों में से करीब 6-8 बच्चों में जन्म से सुनने में कमी की समस्या हो सकती है। हालांकि, शिशु की प्रतिक्रियाओं का शुरुआती दौर में पता नहीं चल पाता है, ऐसे में बच्चे के बड़े होने पर इस समस्या का पता चलता है। कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी के जरिए इस समस्या का इलाज किया जा सकता है। यह सर्जरी से बच्चे की सुनने की क्षमता दोबारा से ठीक हो सकती है।

**कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी क्या होती है?:** कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी सर्जरी में एक उपकरण को कान के पीछे फिक्स किया जाता है। इस उपकरण की मदद से जन्म से पूरी तरह से सुनने में अक्षम और कम सुनाई देने वाले बच्चों या व्यक्ति में सुनाई देने की परेशानी दूर की




जाती है। इस उपकरण का एक हिस्सा कान के पीछे, जबकि दूसरा हिस्सा सर्जरी की मदद से स्किन के अंदर लगाया जाता है। यह उपकरण कान के अंदुरुनी डैमेज हिस्से को बायपास करके सुनने वाली नसों स्टिम्यूलेट करते हैं। बाहरी हिस्सा साउंड के सिंग्नल्स को कैप्चर करके उसे आंतरिक डिवाइस को ट्रांसफर करता है। यह, साउंड सिग्नल्स ब्रेन को भी भेजे जाते हैं। इससे व्यक्ति को सुनने में मदद मिलती है।

**सुनाई देने की क्षमता का पता लगाने के लिए क्या टेस्ट किए जाते हैं? :** यदि किसी बच्चे को जन्म से सुनने की समस्या होती है, तो ऐसे में डॉक्टर कुछ माह के बाद बच्चे के लिए टेस्ट करने की सलाह दे सकते हैं। इसमें ब्रेनस्टेम इवोक्ड रिस्पांस ऑडियोमेट्री और ऑडिटरी ब्रेनस्टेम रिस्पांस किए जा सकते हैं। यह टेस्ट सुनने की क्षमता का आकलन करते हैं। इससे बच्चे या वयस्क में एक कान या दोनों कानों की समस्या का पता चलता है।

**क्या कहते हैं डॉक्टर:** सर्वोदय अस्पताल फरीदाबाद के निदेशक, ईएनटी व कोक्लीयर इम्प्लांट्स विभाग के सीनियर डॉक्टर रवि भाटिया ने बताया कि इस तरह की सर्जरी भारत में बेहद कम की जाती है। हाल ही, में कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी होना शुरु हुई हैं। कोक्लीयर इम्प्लांट सर्जरी किसी भी उम्र में की जा सकती है। लेकिन, समस्या के शुरुआती दौर में इसके इलाज से सफलता दर काफी हद तक बढ़ जाती है। इस सर्जरी के बाद व्यक्ति आगे की लाइफ एक सामान्य व्यक्ति की तरह ही बिता सकता है। सुनने की क्षमता में होने वाली कमियों को दूर करने के लिए कोक्लीयर इम्प्लांट्स सर्जरी की जा सकती है। यह जन्म से होने वाली समस्याओं को दूर करने में फायदेमंद होती है। इस सर्जरी की सफलता दर अधिक है। इससे सुनाई देने की समस्या आसानी से दूर हो सकती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# आस्था, भक्ति और श्रद्धा का शोषण करता अंधविश्वास



प्रतीक तिवारी

**देश, समाज और धर्म की दुर्दशा का मुख्य कारण यही हैं आज कोई भी धर्म और वेद आध्यात्म का उपदेश दे रहा हैं, कोई भी आचार्य के पद पर बैठ जा रहा हैं। बस दिखावें में लोग बस उपरी आडंबर वालों से उपदेश, गुरुमंत्र और यज्ञ अनुष्ठान करा रहें हैं।**

**क्या सही हैं क्या गलत हमें खुद जानना होगा। धर्म और आध्यात्म के प्रति श्रद्धा, आस्था और विश्वास आपका अपना आंतरिक भाव हैं, और जब हम किसी और के बतायें अनुसार ससंकित मन से डर और दबाव के कारण किसी पर विश्वास करनें लगें और उसे न चाहतें हुए भी अपनी आस्था में शामिल करें तो ,वह अंधभक्ति हैं। आज जरूरत हैं अपनें पुरातन और प्राचीन सनातन संस्कृति के अनुसरण की।**

**अंधभक्ति** ही अंधविश्वास की जननी हैं, जहां अशास्त्रीय ढंग से बगैर आचार -विचार के पालन के असमाजिक तथ्यों के साथ किसी विश्वास और धर्म, संप्रदाय को माननें के लिए प्रेरित किया जाए, और अनुयायी आंख बंदकर बिना सोचें विचारें उस धर्मं और विचार का अनुसरण करने लगें, वहीं अंधभक्ति का जन्म हो जाता हैं,और अंधभक्ति ही अंधविश्वास का कारण हैं। अन्धविश्वास का अर्थ उस प्रक्रिया से है, जहां ज्ञान की कमी है। जैसे कोई लोग किसी भी चीज का आंखें मूंद कर विश्वास करतें हैं। पाखण्ड का अर्थ है जितना ज्ञान अर्जित किया है उसका गलत ढंग से दिखावा करना। जो लोग पांखडी होते हैं वो सीधे साधे लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करकें उन लोगों को अंधविश्वासी बना देते हैं। पर यह जरूरी नहीं की अज्ञानता ही अंधविश्वास का कारण हैं, बहुत से संभ्रांत और प्रतिष्ठित ज्ञानी और उच्च पद वालें व्यक्तियों को भी अंधविश्वास में लिप्त पाया गया हैं। अंधविश्वास का जन्म अज्ञान से होता है,और अज्ञान का कारण तमोगुण है। अर्थात जब तमोगुणी देह प्राप्त होती है तो उस समय मनुष्य की सोच विपरीत हो जाती है। वह धर्म को अधर्म,अर्थ को अनर्थ मानने लगता है,जैसा कि गीता में कहा है की तमोगुणी बुद्धि हर चीज का विपरीत अर्थ करती है। आज भारत में विशेषकर सनातन धर्मं में अंधविश्वास ने ऐसा पैठ जमा लिया हैं जिसे मूल धर्म और आध्यात्म से पृथक करना असंभव सा लगता हैं। आज सनातन धर्मं और आध्यात्म में व्याप्त अंधभक्ति और अंधविश्वास सनातन और वैदिक परंपरा एवं शास्त्रीय मूल्यों के मूल तथ्यों को खोंखला करता जा रहा हैं।आज वेद विरूद्ध, शास्त्र विरूद्ध, धर्म विरूद्ध और नाना प्रकार के पाखंड और धर्म के नाम पर आडंबर करनें वालें पाखंडीयों की हमारें देश में कमी नहीं हैं। हमारें सनातन धर्म की इतनी विस्तृत ,व्यापक और समृद्ध जड़ें होंने के बाद भी, यह सत्य सनातन धर्म आज पाखंड और अंधविश्वास को आश्रय दे बैठा है। अंधभक्ति और अंधविश्वास सनातन धर्म के आढ़ में ही फल फूल रहा हैं, जो सनातन संस्कृति के लिए घातक हैं, और सनातन संस्कृति की मूल महिमा को नष्ट करतें जा रहा हैं। आज एक से बढ़कर एक पाखंडी अपना दरबार चला रहें है और धर्म ,आस्था और आध्यात्म के पीठ पीछे अनेक असमाजिक, अशास्त्रीय ,असोभनीय कृत्यों को करना ही इन आडंबरीयों का कार्य हैं। मूर्ख कहें या अंधी जनता आसानी से ऐसे पाखंडीयों के बहकावे में आ जातीं हैं और देखते ही देखतें उनकों अपना भगवान मान बैठतीं हैं। उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई घटना अंधभक्ति का प्रत्यक्ष उदाहरण पेश करतीं हैं, जहां एक ऐसे व्यक्ति को लोग भगवान मान बैठें हैं, जो अशास्त्रीय नियम,वेद विरूद्ध, सनातन धर्म के विरुद्ध और बगैर आचार- विचार के लोगों को धर्म का उपदेश दे रहा हैं, देवताओं के वजूद को नकार कर स्वम अपनें को इश्वर बता रहा और लाखों की संख्या में लोग उसकें अनुयायी हैं, जो उसके पैरों की धूल पाने के लिए मृत्यु को प्राप्त हो गए। बताइए इसके विषय में क्या कहेंगे कि इतनी सुदृढ़ और व्यापक सनातन सभ्यता के लोग अगर किसी अन्य कृत्रिम पाखंडी सभ्यता के तरफ आकर्षित हैं और आंख बंद करकें उसका अनुगमन कर रहें हैं, तो ये अंधभक्ति नहीं हैं तो क्या हैं। आज कोई भी बगैर योग्यता के और बगैर उपयुक्त आचरण एवं गुण के साधु-संत, धर्म गुरू, महामंडलेश्वर, पीठाधीश्वर, कथावाचक, धर्माचार्य, यज्ञाचार्य बन जा रहा हैं,कोई इस पर आपत्ति नहीं कर रहा, ये सब लोग धर्म के प्रचार के जगह अपनें को प्रचारित और जग-जाहिर करनें में लगें हैं। आज ही नही बहुत पहलें से ही हमारें सनातन धर्म को सहारा बनाकर पाखंडीयों और धर्म एवं आध्यात्म को व्यापार और अय्यासी का जरिया बनानें वालें हमारें श्रद्धा, आस्था और विश्वास के साथ खेलतें आए हैं। आशारामबापु , राम रहीम, नित्यानंद,आदि नाम प्रमुख हैं। इसके बाद भी आज गांवो को छोड़िए दिल्ली, आगरा, मुंबई, हैदराबाद, अमृतसर, गुरूग्राम,भोपाल, इंदौर जैसे अनेक शहरों में अंधविश्वास अपनें चरम पर हैं, और पढ़े- लिखें आधुनिक लोगों से लेकर नेता- अभिनेता सब इस मकडजाल में फंसे पड़ें हैं। आज किसी पर भी देवी माता, भैरव बाबा और अन्य देवी- देवताओं का आना आम बात हैं, इस पेशे में औरतें और मर्द दोनों की संख्या कम नहीं हैं,इनके पास सबकी परेशानियों का समाधान हैं, अनेक प्रकार के अशास्त्रीय और वेदविरूद्ध आचरण करना और लोगों को प्रेरित करना इनका उद्देश्य हैं। देश, समाज और धर्म की दुर्दशा का मुख्य कारण यही हैं आज कोई भी धर्म और वेद आध्यात्म का उपदेश दे रहा हैं, कोई भी आचार्य के पद पर बैठ जा रहा हैं। बस दिखावें में लोग बस उपरी आडंबर वालों से उपदेश, गुरूमंत्र और यज्ञ अनुष्ठान करा रहें हैं।

# दुधवा नेशनल टाइगर पार्क की वन रेंज मैलानी (बफर जोन) के वन दरोगा ने 30 हजार रुपए की धन उगाही

* वन चौकी जटपुरा के ग्राम पहाड़ नगर में जंगल का फल कटरुआ की तस्करी का बड़े पैमाने पर होता है खेल
* थोक व्यापारी गोला से कुकरा होकर ग्राम पहाड़ नगर व सलेमपुर चौराहा पर जंगल का उत्पाद कटरुआ और धरती के फूल की करते हैं खरीद

जन एक्सप्रेस । सुनहरा/आशीष कुमार तिवारी



**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ दुधवा नेशनल टाइगर पार्क की वनरेंज मैलानी (बफरजोन) के क्षेत्र में आजकल कटरुआ की बड़े पैमाने पर खुदाई कर जंगल से बाहर निकालते है और थोक विक्रेता ग्राम पहाडनगर व सलेमपुर चौराहा पर जाकर इस जंगल के उत्पाद कटरुआ की खरीद करते हैं और गोलागोकर्णनाथ की सब्जी मंडी में लाकर खुलेआम बेचने का गोरख धंधा करते हैं जिसमें वनकर्मियों की मिलीभगत बनी रहती है।जानकारी के अनुसार दुधवा नेशनल टाइगर पार्क की वनरेंज मैलानी की वन चौकी जटपुरा में तैनात वनदरोगा अखिलेश सिंह व उनके साथ मौजूद वनकर्मियों ने तस्करों के कहने पर प्रमोद कुमार राठौर ने अपने ननिहाल से कटरुआ अपने निजी उपयोग के लिए खरीद लिया था जिसको लेकर वह अपने घर वापस लौट रहा था इस बीच सक्रिय वन तस्करों ने वनदरोगा अखिलेश सिंह को खबर कर दी और वह अपने सहयोगियों के साथ ग्राम कुकरा से पहले रोककर प्रमोद कुमार व उसके सहयोगी को वापस वन चौकी जटपुरा लेकर गए।वन चौकी जटपुरा पर प्रमोद कुमार की मोटरसाइकिल की चाबी निकाल कर मोबाइल सेट छीन कर मारपीट व गाली-गलौज किया बाद में अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर प्रमोद कुमार राठौर को जटपुरा जंगल ले गए वहां पर पचास हजार रुपए की मांग की जिसमें 30 हजार रुपए में सौदा तय हो गया जिसको उसने अपने मोबाइल से रुपये मंगाया जब रुपए ले लिया तब अपने मनमाफिक एक सादे कागज पर प्रमोद कुमार राठौर से वह सबकुछ लिखवा लिया जिसे वह नही लिखना चाहता था जब उसने असत्य व झूठ लिखने से मनाकिया तब उसकी पिटाई की तब मजबूर होकर जैसा वनदरोगा ने कहा वैसा लिखकर दे दिया।

वन चौकी जटपुरा के वनकर्मियों के चंगुल से छूटा तब वह गोला आकर वरिष्ठ पत्रकार होतीलाल रस्तोगी से मिलकर प्रमोद कुमार राठौर ने आप बीती सुनाई और अपना वीडियो भी बनवाया उसने यह भी बताया कि जिससे पैसा मंगवा कर दिया है उसके भी गवाह मौजूद है अगर जांच में उनकी गवाही की जरुरत पड़ी तब वह प्रस्तुत करेंगे।

इस संबंध में दुधवा नेशनल टाइगर पार्क के फील्ड निदेशक/वन संरक्षक ललित वर्मा को वीडियो भेजकर पूरी घटना से अवगत कराया तब उन्होंने डीएफओ बफरजोन को मौके पर जाकर जांच-पड़ताल कर पूरी रिपोर्ट तलब की है समाचार लिखे जाने तक मौके पर डीएफओ दुधवा नेशनल टाइगर पार्क बफरजोन नहीं पहुंच सके है पर ईमानदार और तेज तर्रार फील्ड निदेशक ललित वर्मा के निर्देश पर जांच-पड़ताल अवश्य ही होगी वन अपराध में लापरवाही पाई जाएगी तब कार्रवाई भी होगी।

## विद्यालय के मार्ग पर पानी भरा, बच्चों को स्कूल जाने में हो रही हैं दिक्कतें

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



ब्लॉक क्षेत्र के गांव गुलौली में बरसात में गांव के जल की निकासी के लिए कच्चे नालों पर दबंगों द्वारा कब्जा कर लेने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया गया है। जिसके चलते गांव में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।आरोपियों के खिलाफ मुख्यमंत्री समेत आला अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा गया है।गांव गुलौली में जल निकासी के लिए आरक्षित कच्चे नालों पर गांव के कुछ लोगों द्वारा समतल कर कृषि कार्य कर लेने से जल निकासी का संकट पैदा हो गया है।जिसके चलते सड़क पर तेज धार से पानी के बहाव से मार्ग छतिग्रस्त हो गया है।जिस विद्यालय आने-जाने वाले सैकड़ो छात्र-छात्राओं को जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ रहा है। इस बाबत गांव के कृष्णपाल सिंह, राजेश सिंह, इंद्र कुमार सिंह, नन्हे भैया, अनिल कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह समेत सैकड़ो लोगों ने जनप्रतिनिधियों से शिकायत दर्ज कराने के बाद संज्ञान न लेने पर मुख्यमंत्री समेत जिले के अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## पड़रिया तुला पुलिस चौकी पर किया गया वक्षारोपण

जन एक्सप्रेस । पड़रिया तुला खीरी

एक जुलाई से सात जुलाई तक मनाए जा रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत पड़रिया तुला पुलिस चौकी पर चौकी इंचार्ज व चौकी के समस्त स्टाफ द्वारा चौकी प्रांगण में कई दर्जन फलदार व छायादार पेड़ों का व्रक्षारोपण किया गया। पूरे प्रदेश में एक सप्ताह तक मनाए जा रहे वन महोत्सव में एक पेड़ मां के नाम के तहत शुक्रवार के दिन पड़रिया तुला कस्बा स्थित पुलिस सहायता केंद्र प्रांगण में चौकी इंचार्ज संदीप कुमार यादव व चौकी के समस्त स्टाफ द्वारा फलदार, छायादार नीम, आम, बरगद, लीची, अमरूद अशोक आदि के करीब चालीस पौधों का व्रक्षारोपण किया गया। इस मौके पर आरक्षी चन्द्र मोहन त्यागी, अरविंद कुमार, विशाल कुमार, सोहित कुमार, दीपक पांडेय, विजय सिंह, सुशील गुप्ता, सीएल राज, रामजीवन कश्यप, जितेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### हनुमान मंदिर में दानपात्र और साउंड सिस्टम समेत हजारों की चोरी

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली से 500 मीटर की दूरी पर स्थित सब्जी मंडी संकट मोचन हनुमान मंदिर से चोर दान पत्र और साउंड सिस्टम ही पार कर ले गए। दानपत्र में हजारों रुपए होने का अनुमान है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष शिव गोपाल गुप्ता ने बताया दानपात्र महीने में एक बार खोला जाता है। पूरे माह दानपद्वत्र एकत्र होता रहता है। इधर सप्ताह भर में लगभग पांच जगह पर चोरों ने हाथ साफ किया है लगातार चोरों की गतिविधियां तेज होती जा रही है। एक के बाद एक घटना को अंजाम दिया जा रहा है। मंदिर पुजारी राम सेवक दीक्षित के अनुसार चोरों ने बुधवार की रात मंदिर में प्रवेश कर साउंड सिस्टम और दानपात्र उठा ले गए। मंदिर कमेटी ने पुलिस को तहरीर दी गई है। चोरों ने अभी पिछले सप्ताह ही एक ही रात चार दुकानों को निशाना बना हजारों का माल पार कर दिया था। जिसकी रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की गई है। पुलिस की सुस्ती से व्यापारी भयभीत हैं और गस्त पर सवाल उठ रहे हैं।

### अधिवक्ता को कार से टक्कर लगने में दो नामजद एक अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास में केस दर्ज

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा नई बस्ती में अधिवक्ता को घर से बाहर दुकान पर जाते समय कार चालक ने पीछे से टक्कर मार कर रौंद दिया था जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना सीसी सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी।तीसरे दिन घायल अधिवक्ता के भाई की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद एक अज्ञात के खिलाफ नए कानून के तहत बीएनएस धारा 109, 352, 151(2) 3( 5) में केस दर्ज कर लिया




है।अधिवक्ता के भाई रहरोज जाफरी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया बुधवार शाम 4 बजे करीब उसका भाई शहरोज जाफरी घर से दुकान पर सामान लेने जा रहे थे। तभी पीछे से वैगन आर कार चालक छोट्टके तिवारी गाड़ी में छोटू शुक्ला पुत्र बाबूराम शुक्ला और एक व्यक्ति अज्ञात को बैठाकर जान से मार डालने की नीयत से पीछे से टक्कर मारकर रौंद दिया था। जिनका इलाज सरकारी अस्पताल शाहजहांपुर में चल रहा है। पुलिस मामले को एक्सीडेंट के तहत केस दर्ज करने की बात पर अधिवक्ताओं के विरोध पर तीसरे दिन जानलेवा हमले में सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### ससुराल में रह रहे युवक का शव फांसी के फंदे में लटका मिला

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। ईसानगर थाना क्षेत्र के नौरंगपुर में पांच माह से ससुराल में युवक का शव गन्ने के खेत में लगे पेड़ पर फांसी के फंदे पर झूलते हुए देख चारों ओर अफरा तफरी मच गई।ग्रामीणों से जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे युवक के परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका व्यक्त कर पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर जांच शुरू कर दी है। ईसानगर थाना क्षेत्र के नौरंगपुर गांव के बाहर



शुक्रवार को दोपहर में एक खेत में लगे पेड़ पर 30 वर्षीय संजय पुत्र रामपाल निवासी बदालीपुर मजरा चंद्रासाखुर्द थाना ईसानगर का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला।चारों ओर अफरा तफरी मच गई। जानकारी पाकर मौके पर परिवार के साथ पहुंचे संजय के पिता ने पुत्र की हत्या होने की आशंका व्यक्त कर मौजूद पुलिस को मृतक की पत्नी व साले की पत्नी को नामजद कर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। वही प्रार्थना पत्र पाकर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं विधायक अमन गिरी ने बाढ़ से बचाव हेतु परियोजना का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी। विधानसभा की ब्लॉक बिजुआ के अंतर्गत ग्राम बझेड़ा में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं गोला विधानसभा विधायक अमन गिरी ने बाढ़ से बचाव हेतु परियोजना का निरीक्षण किया साथ ही बाढ़ से क्षेत्र को बचाने के लिए सारे बचाव कार्य समय से पहले पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए, इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, विनोद कुमार गुप्ता बाढ़ संबंधित अधिकारी, गोला ब्लॉक प्रमुख



बिजुआ, ब्लॉक प्रमुख कुम्भी गोला, अजय गिरी स्पल्लू भैया, बिग्गी सिंह, धीरेन्द्र सिंह,अवधेश मिश्र, भोली गिरी, राजू रावत, अमित वर्मा, सचिन सिंह, और तमाम क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### सावन में कांवड़ यात्रा को लेकर शिवभक्तों को नहीं होनी चाहिए परेशानियां : एसडीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई। सवायजपुर। एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव ने पवित्र सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर क्षेत्र में यात्रा के सम्भावित रूटों पर विद्युत व्यवस्था के लिए विद्युत लाइन के तारो व विद्युत पोलो के दुरुस्त करने के निर्देश एसडीओ को दिए।उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो और कोई भी दुर्घटना सम्बन्धी परेशानी न होने पाए इसके लिए व्यवस्थाएं मुकम्मल करने के भी सम्बन्धित को निर्देश दिये। एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव ने पवित्र



सावन माह में क्षेत्र के चियासर घाट,पांचाल घाट,तेरा घाट व राजघाट से जल लेकर कांवड़ यात्रा में जाने बाले शिवभक्तों को किसी भी तरह की यातायात में प्रमुख मार्गों पर दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसके लिए उन्होंने कांवड़ यात्रा के रूट चार्ट के अनुसार सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल करने के सम्बन्धित को निर्देश दिए। एसडीएम ने एसडीओ विद्युत डीएन शर्मा को सम्बन्धित मार्ग पर लटकते विद्युत लाइन के तारों व विद्युत पोलो को समय से पूर्व दुरुस्त कराने के भी निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा बाले मार्गो पर शिवभक्तों को आवागमन में किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।उन्होंने समय रहते सम्बन्धित मार्गो पर व्यवस्थाएं मुकम्मल करने के निर्देश दिये।

## 10 जुलाई से करे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन

हरदोई

जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाकान्त ने बताया है कि शैक्षिक सत्र 2024-25 मे दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा-09-10) की कक्षाओं से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन लॉक एवं आवेदन से लेकर वितरण तक की समस्त प्रक्रियात्मक कार्यवाही निर्धारित तिथियों मे की जायेगी। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई से 02 सितम्बर 2024 तक शिक्षण संस्थान द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की कार्यवाही की जायेगी। 12 जुलाई से 06 सितम्बर 2024 तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन आदि की कार्यवाही की जायेगी। 10 जुलाई से 31 अक्टूबर 2024 तक छात्रों द्वारा आर्नलाइन आवेदन की कार्यवाही की जायेगी। 04 नवम्बर 2024 तक हार्डकापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांक्षित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा। 11 जुलाई से 18 नवम्बर 2024 तक विद्यालयों द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की कार्यवाही की जायेगी, तथा 19 नवम्बर से 06 दिसम्बर 2024 तक वास्तविक छात्रों का सत्यापन की कार्यवाही की जायेगी।

## विधान सभावार मतदाताओं का अभिनंदन करेगी भाजपा : अजीत सिंह बब्बन




जन एक्सप्रेस । हरदोई

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी बार ताजपोशी और उनके नेतृत्व में एक बार फिर एनडीए गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से गदगद भाजपाई मतदाताओं के मिले अभूतपूर्व समर्थन का सम्मान करने का निर्णय लिया है। मतदाता अभिनंदन समारोह विधानसभा स्तर पर आयोजित किया जायेगा।

जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की उपस्थिति में जिला कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक में बताया गया कि 6 जुलाई से 14 जुलाई तक मतदाता अभिनंदन समारोह आयोजित किए जाएंगे। समारोह में केंद्र सरकार की उपलब्धियों, संकल्प पत्र एवं विकसित भारत के विषय में बताया जायेगा। जिलाध्यक्ष ने जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी कार्यक्रमों की कार्य योजना बनाई। अभियान का संयोजक महामंत्री ओम वर्मा को नियुक्त करते हुए जिलाध्यक्ष ने बताया शनिवार 6 जुलाई से नारायण सिंह डिग्री कॉलेज, शाहाबाद में शुरू होने जा रहे समारोह के बाद 8 जुलाई को कोल्ड स्टोरेज मल्लांवा, बिलग्राम - मल्लांवा विधानसभा में एवं बालामऊ विधानसभा में कृष्णा गेस्ट हाउस में कार्यक्रम संपन्न होगा। 9 जुलाई को गोपमऊ और सांडी विधानसभा में एवं 10 जुलाई को संडीला और 13 जुलाई को गांधी भवन हॉल, हरदोई विधानसभा में संपन्न होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए पौधारोपण अभियान पर कहा कि एक पेड़ मां के नाम का जो पेड़ लगाने का अभियान शुरू हुआ था। हमें उस पेड़ की निगरानी और देखभाल भी रखनी होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिकता को अपनाने की भाग दौड़ में हम प्रकृति को भूलते जा रहे है। वातावरण को दूषित होने से बचाने में पौधों की अहम भूमिका होती है। भविष्य की भावी पीढ़ी के लिए धरती को स्वर्ग बनाने की जिम्मेदारी हम सब को समझनी होगी।

## लूट के सामान सहित तीन लुटेरे गिरफ्तार

* एक क्रेता के कब्जे से लूट का सामान व अबैध शस्त्र बरामद

जन एक्सप्रेस । हरदोई



पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में अपराधों पर नियंत्रण के लिए अपराधियो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत संडीला पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों व एक क्रेता को लूट के सामान व अबैध शस्त्र सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बताते चलें कि बीती 02 जुलाई की रात प्रशांत पुत्र परशुराम निवासी पेसारी थाना आसीवन जनपद उन्नाव अपने पिकप डाला से सनई गांव से दूध लेकर संडीला एमसीसी प्लांट पर जा रहा था।लगभग 800 मीटर आगे अज्ञात लोगों ने पिकप डाला को रुकवा कर उसे नीचे उतारकर बंधक बनाते हुए नकदी व पिकप डाला लेकर फरार हो गए थे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा इस घटना को गम्भीरता से लेते हुए घटना के सफल अनावरण के लिए तीन टीमें गठित कर घटना के खुलासे के निर्देश दिए गए थे। पुलिस ने घटना की सुरागरसी व सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए थे। उधर मुखबिर ने सूचना दी कि ग्राम गोसवां से बारीवन मार्ग पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वीरेंद्र पुत्र हरिपाल, ग्राम गोवार थाना औरास जनपद उन्नाव, वसीम पुत्र अजीज निवासी टेंदवारी थाना अतरौली जनपद हरदोई, सोनू पुत्र अशोक निवासी मोहल्ला मंडई कस्बा व थाना संडीला जनपद हरदोई सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक व्यक्ति मौका मिलते ही फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 55 हजार रुपये नगद, 17 दूध की कैन, व दो बाइकें बरामद की गई। अभियुक्त वीरेंद्र के कब्जे से 01 अदद 315 बोर तमंचा व 01 जिंदा कारतूस बरामद करते हुए उनकी निशानदेही पर मजहर ढावे के निकट आरिफ पुत्र बाबू निवासी दुगई थाना संडीला को भी लूट की 08 कैनो सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

## नगर के नालों में निर्बाध जल प्रवाह को लेकर डीएम गंभीर

* डीएम ने किया नगर के सबसे लम्बे नाले का निरीक्षण
* छुईया ड्रेन तक करायी जाये नाले की सफाई

जन एक्सप्रेस । हरदोई



नगर पालिका में जल भराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने नगर के सबसे लम्बे नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने छुईया ड्रेन के पास नाले का निरीक्षण किया तथा नाले में गंदगी देखकर नगर पालिका के अधिकारियों से नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि नाले की सफाई तत्काल करायी जाये। रास्ते में नाले में गिरते हुए कचरे को देखकर उन्होंने सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को नाले में कचरा फेकने से मना किया जाये, जिसके लिए लोगों को जागरूक किया जाये। न मानने वालों का चालान काटा जाये। एक स्थान पर नाले के किनारे गोबर का ढेर देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। आरटीओ कार्यालय के पास नाले में जल प्रवाह धीमा देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि नालों में विभिन्न स्थानों पर जाली लगवाई जाये ताकि कचरे को उसी स्थान पर पृथक कर बाहर निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि नालों के दोनों ओर दीवार बनवायी जाये। अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर माननीय नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग में हो रहा मरीजों के जीवन से खिलवाड़, जिम्मेदार मौन बने हुए हैं : किसान मंच

* जिले के भू माफियाओं पर अंकुश लगाना जिला प्रशासन के बस की बात नहीं : शिव प्रकाश सिंह

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



मुंशीगंज किसान मंच की मासिक बैठक में उपस्थित संगठन पदाधिकारियों ने वर्तमान के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए किसान मंच महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि उ0प्र0 सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार मुक्त का ढिंढोरा पीट रही है वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते आम जनमानस की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा विगत दिनों संगठन की तरफ से प्रतापगढ़ स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश सिंह द्वारा अपनी पत्नी नेहा सिंह के नाम रजिस्टर्ड संस्था इंद्रा मेडिकल एंड सर्जिकल प्रयागराज को किए गए करोड़ों रुपए के फर्जी भुगतान का मुद्दा उठाया था और साक्ष्य प्रमाण सहित मा0 मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को प्रेषित ज्ञापन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि समूचे जनपद सीतापुर में फर्जी अस्पताल, क्लीनिक, नर्सिंग होम हास्पिटलों सहित अवैध पैथालॉजी का संचालन खुलेआम हो रहा है। सीतापुर कस्बा खैराबाद में डा0सद्दाम व डा0 जमीर द्वारा पथरी आपरेशन के नाम पर किडनी निकालने का गंभीर प्रकरण अभी तक ठंडे बस्ते में पड़ा है। राष्ट्रीय सचिव, प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि एक तरफ भू माफियाओं के विरुद्ध अभियान का दावा किया जा रहा है वहीं सीतापुर में लाल कपड़ा कोठी के सामने नजूल भूमि पर निर्माण व बंट गंज नजूल भूमि पर स्थापित शो रूम को स्कूल में तब्दील कर गौरव अग्रवाल द्वारा कब्जा किया गया है। अन्यथा की स्थिति में किसान मंच आंदोलन के लिए बाध्य होगा। बैठक में सन्तोष कुमार भारती गायत्री देवी, विट्टो देवी, उदय राज सिंह, उत्तम मौर्य, शत्रोहन, पुष्पा भारती, निर्मला चौधरी, मो0नफीस, रामेन्द्र कुमार, श्रीकृष्ण पाल, आयुष, शैलेन्द्र, शिव देवी, मुन्नी देवी, विकास कुमार सहित पदाधिकारी साथी उपस्थित थे।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण की शहर के गली मोहल्लों में निकाली गई जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



आज जनपद सीतापुर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान माह अन्तर्गत विभिन्न विभागों यथा-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, पंचायती राज, पशुपालन, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कृषि एवं सिंचाई उद्यान, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि आदि द्वारा निर्धारित संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता गतिविधियों का क्रियान्वयन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीतापुर नगर क्षेत्र-पूर्णागिरी नगर, श्यामनाथ, मुंशीगंज में संचारी रोगों के प्रति जन जागरूकता हेतु रैली का आयोजन बाबा श्यामनाथ मंदिर से शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर डा0 हरपाल सिंह द्वारा किया गया। रैली का भ्रमण उक्त मोहल्लों भी किया गया। रैली के उपरान्त प्रभावित क्षेत्र में नगर पालिका परिषद सीतापुर के अधिशाषी अधिकारी के नेतृत्व में गठित एन्टीलार्वल व फॉगिंग टीम द्वारा स्प्रे व फॉगिंग की कार्यवाही की गयी। संचारी रोग जागरूकता रैली के उपरांत स्वास्थ्य विभाग व नगर पालिका की संयुक्त कार्यवाही में डोर टू डोर संचारी रोगों के प्रति जागरूकता की गई व संबंधित पम्पलेट बांटे गए।

इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी, श्री जितेन्द्र कुमार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी श्री कैलाश नाथ मिश्रा, एपिडेमोलॉजिस्ट डा0 विवेक सचान, स्वास्थ्य कार्यकर्ता शुभम शर्मा, आशा बहुओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर की गई शुक्रवार की परेड

जन एक्सप्रेस । हरदोई

पुलिस अधीक्षक केशवचंद गोस्वामी द्वारा शुक्रवार की परेड रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर कराते हुये परेड की सलामी ली गई। सलामी ग्रहण करने के उपरांत पुलिस बल की दौड़ कराई गई एवं टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी दी गई। एसपी ने यू0पी0 112 पीआरवी वाहनों का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त समस्त थानों पर भी शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।इसके पश्चात एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, जीडी कार्यालय, पुलिस लाइन भवन व लाइन में स्थित मेस में जाकर खाने की गुणवत्ता को परखा व मेस की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने हेतु मेस प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन व नगर, प्रतिसार निरीक्षक के अलावा पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# गरीब त्रिभुवन पाठक की मदद को आगे बढ़े समाज सेबी अंकित बाबा के हाथ

## मदद को महीनों पूर्व मुख्यमंत्री पोर्टल पर लगा चुके थे गुहार, पर किसी ने नहीं लिया था संज्ञान

**जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP**

**✻ दाने दाने को मोहताज हो चुका थे, कुष्ठ रोग से पिडित त्रिभुवन पाठक**

**जन एक्सप्रेस। गगहा गोरखपुर**




टेक-ठिठेल
उत्तर प्रदेश
जन एक्सप्रेस
असी करोड़ जनता को मुफ्त राशन देने का दावा फेल
सीएम के जिले में दाने-दाने को मोहताज त्रिभुवन पाठक
डीएम से लेकर सीएम पोर्टल तक लगा चुके हैं गुहार
कुष्ठ रोग से पीड़ित त्रिभुवन का गल चुकी हैं हाथ, पैर की अंगुलियां

दानें दानें को मोहताज त्रिभुवन पाठक को ममद के लिए अखिर कार समाज सेबी अंकित बाबा आए और गरीब को खानें को राशन सहित आर्थिक सहायता की मदद की।आप को बता दे पिछलें तीन सालसे कुष्टरोग से पिडित त्रिभुवन पाठक की कुष्टरोग की वजह से हाथ और पैर की उगुली गल चुकी है।जिससकी वजह से पिछले पांच माह से आगुठा न लगने की वजह से गरीब को राशन नही मिल पा रहा था।जिससे त्रिभुवन पाठक दानें दानें को मोहताज हो चुका था।भुख लगने पर त्रिभुवन पाठक को अगल बगल के लोग खानें को भोजन दे देते थे।वही मदद के लिए त्रिभुवन पाठक प्रशासन व जनप्रतिधियों से लेकर मुख्यमंत्री पोटल तक मदद के लिए गुहार लगाई थी।लेकिन त्रिभुवन को किसी भी तरह की मदद नही मिल सकी ।त्रिभुवन पाठक की दशा को देख कर हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस ने रविवार को अपने अंक में *सीएम के जिले में दाने दाने को मोहताज त्रिभुवन पाठक*

*डीएम से लेकर सीएम पोर्टल तक लगा चुके हैं गुहार* को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।प्रकाशित खबर को देख कर समाजसेवी अंकित बाबा ने गरीब त्रिभुवन पाठक की मदद को ठान ली थी।शुक्रवार को शाम चार बजे के करीब पिडित त्रिभुवन पाठक के घर आ कर खानें को राशन साथ ही इलाज के लिए आर्थिक मदद भी की।

संकट के समय भाई ने भी छोड़ दिया था गरीब त्रिभुवन साथ

वही त्रिभुवन की मां के मरने के बाद से ही भाई ने भी साथ छोड़ दिया था।जिससे त्रिभुवन को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज**



संदीग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत जांच पड़ताल में जुटी पुलिस, घर पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल।बताया जा रहा है कि नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर 15 विकास नगर निवासी एक महिला की मौत का मामला प्रकाश में आया है। शुक्रवार को अहले सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना पर फरेंदा सीओ व तहसीलदार भी पहुंचें। आदर्श नगर पंचायत आनन्दनगर वार्ड नं 15 विकास नगर निवासी गौरव जायसवाल की पत्नी प्रीति की तबीयत खराब हो गई।परिजन इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इस संबंध में फरेंदा कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि महिला की मृत्यु की सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# आनन्दनगर रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म भरभराकर गिरा

**जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज**



लाखों की लागत से बना नवनिर्मित प्लेटफार्म पहली ही बारिश में भरभराकर गिरा, गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल जिम्मेदार मालामाल।आनन्दनगर रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर एक पर कुछ माह पहले निर्माण कार्य कराया गया था। बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश में नवनिर्मित हिस्सा टूटकर बिखर गया।

विभागीय जिम्मेदारों के भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रहा,गिरा हुआ प्लेटफार्म प्लेटफार्म पर हुए निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और विभागीय जिम्मेदारों के भ्रष्टाचार कहानी बयां कर रहा है। बताया जा रहा हैं कि आनंदनगर रेलवे स्टेशन केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना में चयनित हुआ है। ऐसे में नवनिर्मित कार्य का जब यह हाल है तो इस रेलवे स्टेशन पर होने वाले अन्य कार्यों की स्थिति क्या होगी इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

रेलवे के लिए कुछ जिम्मेदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जिस ठेकेदार को कार्य सौंपा गया उसे ही अन्य कार्यों को भी देने की तैयारी रेलवे के उच्च अधिकारी कर रहे हैं।

# केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का हुआ भव्य स्वागत

## सरकार के विकास कार्यों से सर्व समाज खुशहाल और सुरक्षित

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



राष्ट्रीय सेवा परिषद एवं डॉक्टर अशोक कुमार श्रीवास्तव फैंस क्लब के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को भारत सरकार में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री बनने के उपरांत पंकज चौधरी के प्रथम आगमन पर उनके आवास पहुंचकर प्रख्यात उद्यमी व समाजसेवी इंजीनियर संजीत कुमार श्रीवास्तव, मंजीत कुमार व इंजीनियर अनुभव कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व डाक्टर अशोक कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रख्यात समाजसेवी सत्य प्रकाश प्रधान के सानिध्य में अंगवस्त्र ,पुष्प गुच्छ व् स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया गया।

इंजिनियर संजीत कुमार व सामाजिक कार्यकर्ता मंजीत कुमार ने कहा कि केंद्रीय मंत्री चौधरी का गोरखपुर, महाराजगंज सहित पूरे पूर्वांचल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, उसी क्रम में यह सम्मान परिषद व फैंस क्लब के द्वारा किया गया।

इसी क्रम में पंकज चौधरी ने कहा की मौजूदा लोकप्रिय सरकार जिस तरह से हर क्षेत्र में विकास कर रही है व् काबिले तारीफ है, इससे हर वर्ग, हर तबका खुश और सुरक्षित मेहसूस कर रहा है । तत्पश्चात उन्होंने लोकप्रिय समाजसेवी और राजनेता रहे स्व. डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक सच्चे राजनेता व समाजसेवी थे, उनकी कमी हमेशा हमको व समाज को खलती रहेगी ।सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार चौधरी ने किया । सभी आभार अनिल मिश्र व् धन्यवाद ई. अनुभव ने किया । इस अवसर पर सर्वप्रथम तुषार प्रधान, अमूल्य श्रीवास्तव ,हरेंद्र मिश्र ,दीपक पांडे, संजय अग्रवाल निरंजन अग्रवाल, अमन सिंह, रवि जालान, कलाकार ओमप्रकाश गुप्ता, अजय शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# पेड़ पौधों का हमारे जीवन में विशेष योगदान: डीएम

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



पेड़ पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। बिना इनके जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। महामारी काल ने इनकी महत्ता को साबित भी कर दिया है। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पर्यटन भवन प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता, एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, एडीएम वित्त विनीत कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील कुमार गौड़, नगर मजिस्ट्रेट मंगलेश दुबे सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने आम लिची जामून व संतरे के पौधों का रोपण किया।

प्रकृति हमारी अमूल्य धरोहर, इसे संजोए रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी- डीएम

डीएम ने कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी धरोहर है। वेद भी इस बात को कहते हैं, क्योंकि अथर्वेद में कहा गया है कि प्रकृति से सुरक्षा पाने के लिए उसका संरक्षण करना भी जरूरी है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसे संजोकर रखे और ज्यादा से ज्यादा पौधों को लगाकर इस धरा को हरा भरा बनाएं। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है और उनकी सुरक्षा भी करनी चाहिए। मानव और पर्यावरण का अत्यंत गहरा संबंध है। निजी स्वार्थ में लोगों ने प्रकृति का लगातार दोहन किया है, जिससे पर्यावरण असंतुलन की स्थित बनी है। अब इसे संतुलित करने के लिए सभी को समय रहते प्रयास करना होगा अन्यथा इसके भयावह दुष्परिणाम का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान एसीएम राजू कुमार, अंडर ट्रेनिग उप जिला अधिकारी दीपक सिंह, डूडा पीओ विकास सिंह ,मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश सिंह, सामान्य प्रशासनिक अधिकारी राकेश पांडे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीयों ने पौधरोपण किया।

### लोकल फाल्ट से बिजली कटौती में इजाफा, उपभोक्ताओं का हाल बेहाल

**जन एक्सप्रेस/गगहा गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद जनपद में बिजली व्यवस्था ठीक नही हो पा रही है। मंगलवार की रात से हो रही बारिश के चलते गगहा क्षेत्र के गरयाकोल गांव में बिजली संकट पैदा हो गया है। बारिश होने से आम लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत तो मिली लेकिन लोकल फाल्ट से बिजली कटौती में इजाफा हुआ है जिससे उपभोक्ता बेहाल हैं। बता दें कि मंगलवार की बीती रात से ही बिना बिजली के ही गुजारनी पड़ रही है। बिजली की हालत है कि दिन में फाल्ट तो विभाग के द्वारा ठीक कर दिया जाता है लेकिन रात होते ही फाल्ट से बिजली गुल हो जा रही है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध मे आवर अभियंता अरुण कुमार गौतम का कहना है कि लोकल फाल्ट की वजह से बिजली कटौती हो रही है। फल्ट को ठीक करा कर विद्युत आपूर्ति बहाल करा दी जायेगी।

# बीजेपी 6 जुलाई से 12 जुलाई तक आयोजित करेगी मतदाता सम्मेलन

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**



लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी जनपद के सातों विधानसभाओं में मतदाता सम्मान सम्मेलन का आयोजन कर रही है । उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि 6 जुलाई से लेकर 12 जुलाई तक पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जनपद के सभी सातों विधानसभाओं में क्रमशः 6 जुलाई को देवरिया विधानसभा का मतदाता सम्मेलन औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय पर सुबह 11 बजे होगा जिसमे सदर सांसद शशांक मणि, विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, एमएलसी डा रतनपाल सिंह, जिला प्रभारी संतराज यादव, जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह तथा पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सम्मानित मतदाता शामिल रहेंगे, 9 जुलाई को मां मैरेज हाल डुमरी में विधायक सुरेंद्र चौरसिया रहेंगे, 10 जुलाई को रैनाथ डिग्री कॉलेज सलेमपुर में राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम रहेंगी, 11 जुलाई को ब्लाक सभागार भलुअनी में विधायक दीपक मिश्रा शाका रहेंगे, 12 जुलाई को आरती मैरेज हाल लक्ष्मीपुर में केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान मौजूद रहेंगे, मां वैष्णो मैरेज हाल भाटपार रानी में विधायक सभाकुंवर कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरिशचंद तिवारी, पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा रहेंगे, तथा 13 जुलाई को पथरदेवा में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद देवरिया शशांक मणि त्रिपाठी जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मौजूद रहेंगे।

# सीएम योगी राजकीय पॉलिटेक्निक और सर्वोदय बालिका विद्यालय का करेंगे उद्घाटन

## 21.02 करोड़ रुपये से राजकीय पॉलिटेक्निक और 35.33 करोड़ रुपये से हुआ है सर्वोदय बालिका विद्यालय का निर्माण

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को दोपहर बाद सहजनवा क्षेत्र के हरदी में नए राजकीय पॉलिटेक्निक और हरपुर (सिसवा अनंतपुर) में जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का उद्घाटन करेंगे। इन दोनों शिक्षण संस्थानों को ग्रामीण क्षेत्र के लिए प्राविधिक और बालिका शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन सीएम योगी शनिवार पूर्वाह्न 11 बजे से मलौली-लहसडी बंधा का निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही वह निर्माणाधीन ट्रांसपोर्टनगर/दाउदपुर ओवरब्रिज और सिक्सलेन मार्ग का भी जायजा लेंगे। दोपहर बाद मुख्यमंत्री सहजनवा के हरदी पहुंचेंगे। यहां वह नवनिर्मित राजकीय पॉलिटेक्निक का उद्घाटन करेंगे। इसके निर्माण पर 21.02 करोड़ रुपये की लागत आई है। राजकीय पॉलिटेक्निक में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवन, वर्कशॉप, टाइप-वन, टू और फोर के स्टाफ आवास, 60-60 की क्षमता के अलग-अलग बालक एवं बालिका छात्रावास आदि का निर्माण कराया गया है।

राजकीय पॉलिटेक्निक का लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री हरपुर (सिसवा अनंतपुर) आएंगे और यहां वह समाज कल्याण विभाग के जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का उद्घाटन करेंगे।

इस विद्यालय के निर्माण पर 35.33 करोड़ रुपये की लागत आई है। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ निशुल्क छात्रावास, पाठ्य पुस्तकें, यूनीफार्म एवं खेलकूद आदि की व्यवस्था प्रदेश सरकार करती है। इन विद्यालयों में 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति-जनजाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। कुल प्रवेशार्थियों में 85 प्रतिशत विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्रों के होते हैं। उल्लेखनीय है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय अब जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के नाम से जाने जाते हैं। गोरखपुर में चौरीचौरा के गौनर विशुनपुर में तथा गोला के पतरा में ऐसे विद्यालय पहले से संचालित हैं। सीएम योगी के मार्गदर्शन में आवासीय व्यवस्था के साथ बालिकाओं को मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सहजनवा के हरपुर में जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय का निर्माण कराया गया है।

# सीएम योगी के गृह जनपद में मनरेगा योजना चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

**✻ मूसलाधार बारिश के दौरान भी कागजों में चल काम,लगाई जा रही है फर्जी हाजिरी**

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजना मनरेगा में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा। जिम्मेदारों द्वारा पुरानी फोटो से फोटो खींचकर हजारी लगाने का मामला प्रतिदिन प्रकाश में आ रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर उच्चाधिकारियों ने मामले को संज्ञान लेते हुए जिम्मेदारों से स्पष्टीकरण मांगा है।

### जन एक्सप्रेस में छपी खबर से भ्रष्टाचारियों बीच मची खलबली

हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत किये जा रहे कार्यों में भ्रष्टाचार की खबरों को निरंतर प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा है, खबर प्रकाशित होने से ग्राम सभाओं के जिम्मेदारों बीच हड़कंप मचा हुआ है ।मनरेगा कार्यों में भ्रष्टाचारियों द्वारा बड़े पैमाने पर की जा रही धांधली का आलम यह है कि बिना कार्य कराए पुरानी फोटो को साइट पर अपलोड कर बरसात के दिनों में ज्यादा पैसा निकाल कर भ्रष्टाचार को और बढ़ावा दे रहे हैं और ऊपर बैठे जिम्मेदारों को भनक भी नहीं लग रही है।

### बीडीओ ने 18 ग्राम पंचायतों से 2 के अंदर मांगा स्पष्टीकरण

बताते चले कि जनपद के खजनी ब्लाक की 18 ग्राम पंचायतों क्रमशः बदरा बैरियावीर उर्फ नकहा बसडीला बस्तियां भेउसा उर्फ बनकटा बीगही डोडों गहना कठईचा विन्दन केवटली खदहा देउर मंझरिया मऊधर मंगल पकर्धट पिपरा गंगा सोनारीरामचंद्र सोपारा टिकरिया नाथ सिंह में 03/07/2024 कुल 18 ग्राम पंचायत में 39 कार्यों पर 197 मस्टरोल में 1761 श्रमिकों की उपस्थित एनएमएमएस के द्वारा पूरी मनरेगा साइट पर कार्य करते हुए लोगों की ऑनलाइन हाजिरी भी लगा दी है मजे की बात तो यह है कि मूसलाधार बारिश होते रही है जिससे मनरेगा कार्य दिखा रहे हैं जबकि पूरे दिन बारिश होता रहा है अब यह सवाल उठता है कि क्या ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों पर सरकार के जिम्मेदार उच्च अधिकारियों का हाथ है या कार्रवाई कर उन्हें सस्पेंड कर भ्रष्टाचार पर लगाम लगाएंगे मनरेगा द्वारा कराए गए ऐसे दर्जनों कार्यों की जांच कराई जाए तो पंचायत मित्र के साथ प्रधान और के भी भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त पाए जाएंगे इस संबंध में खजनी वीडिओ ने 18 ग्राम पंचायत के प्रधानों से 2 दिन के भीतर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया है।

# राहुल गांधी का पुतला फूंके जाने से नाराज कांग्रेसियों ने डीएम कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**



कलेक्ट्रेट के सामने कांग्रेसियों का प्रदर्शन राहुल गांधी का पुतला फूंके जाने से नाराज दिखे कांग्रेसी, जिलाध्यक्ष बोले-हमारे नेता की बातों को तोड़ मरोड़कर भारतीय जनता पार्टी ने किया पेश। रायबरेली सांसद राहुल गांधी का पुतला भाजपाईयों द्वारा फूंके जाने से कांग्रेसी नाराज हैं। शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से निकलकर जिलाधिकारी कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि यह देश लोकतांत्रिक व्यवस्था पर चलने वाला देश है। संविधान के अनुसार हर व्यक्ति को अपना विचार रखने का अधिकार प्राप्त है। इसी क्रम में हमारे नेता राहुल गांधी ने लोकसभा के सदन में बतौर नेता विपक्षी दल अपने विचार रखे थे जिसके उपरांत उनकी बातों को तोड़ मरोड़कर भारतीय जनता पार्टी व उनके सहयोगी संगठन ने विभिन्न स्थानों पर हमारे नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका।

उनकी फोटो को हमारे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के पैतृक आवास के बाहर जलाया तथा सुलतानपुर में भी जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर पुलिस अधिकारियों की उपस्थित में पुतला फूंका गया था। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रदेश सरकार की शह पर राजनीतिक विद्वेष फैलाने का कार्य किया जा रहा है जो की अशोभनीय है।

अलोकतांत्रिक है जिसका कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है। अभिषेक सिंह राणा ने महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि जिन जिन स्थानों पर राहुल गांधी का पुतला फूंका गया है वहां के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्यवाही का आदेश दिया जाए। तथा बीजेपी व जिन संगठन के लोगो ने पुतला दहन व फोटो जलाने का अपराधिक कृत्य किया उनके कृत्यों की विधिवत जांच कर समुचित विधिक कार्यवाही का आदेश दिया जाए।

इस मौके पर लाल पद्माकर सिंह, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, सुब्रत सिंह सनी, विनय त्रिपाठी, पवन मिश्र कटांवा, अंबरीश पाठक जिगर, विवेक श्रीवास्तव, ममनून आलम, अवधेश गौतम, नंदलाल मोर्य, अरुण कुमार त्रिपाठी, महेंद्र प्रताप सिंह, ओपी द्विवेदी, प्रेम भारती, अतहर नवाब, रणजीत सिंह सलूजा, मानस तिवारी, प्रेम शुक्ला, शीतल साहू आदि लोग शामिल रहे।

कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। कलेक्ट्रेट मुख्य गेट के बाहर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग लगा दी गई थी। वही अग्नि शमन वाहन को सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कलेक्ट्रेट गेट पर तैनात किया गया था। सीओ सिटी शिवम मिश्रा व नवागत कोतवाल ए.के. द्विवेदी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे।

## इंस्टाग्राम व फेसबुक पर विवाहिता की फोटो शेयर करने पर एफआईआर, पीड़िता ने सामाजिक उपहास कर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** इंस्टाग्राम पर एक महिला की प्राइवेट फोटो शेयर करना युवक को महंगा पड़ गया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आईटी एक्ट में केस दर्ज कर लिया है। मामला कुड़वार थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। कुड़वार थानाक्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने बताया कि वो शादीशुदा है। एक बच्चे की मां है। पिछले एक महीने से मेरी प्राइवेट फोटो इंस्टाग्राम व फेसबुक पर पोस्ट किया जा रहा है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी मामा के पुत्र मनीष पाठक व मामा सुभाष चंद्र पाठक निवासी सोहगौली थाना कुड़वार को भी फोटो टैग कर परेशान कर रहा है। आरोप है कि इंस्टाग्राम व फेसबुक पर पीड़िता के नाम से फर्जी आईडी बनाकर उसकी फोटो शेयर की जा रही है। पीड़िता ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में कहा है कि आरोपी युवक के इस कृत्य से मैं मानसिक रूप से प्रताड़ित हो गई हूं। मेरा सामजिक उपहास उड़ाया जा रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मॉर्डन पब्लिक स्कूल में लगाया गया अवेयरनेस कैम्प

### ✻ वृक्षारोपण महाअभियान के तहत इस वर्ष रोपे जाएगे 53 लाख पौधे

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**




वन महोत्सव के जरिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को इस क्रम में शहर के मॉर्डन पब्लिक स्कूल में एक अवरनेस कैम्पेन लगाया गया। जहां डीएफओ ने 200 बच्चों को पौधे दिए।

डीएफओ अमित सिंह ने कहा हमारा मुख्य लक्ष्य है हम जितने भी पेड़ लगाए उसको बचाए। 2024 के महाअभियान का थीम ही है पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ। वृक्षारोपण महाअभियान के तहत इस वर्ष वन विभाग लगभग 27 लाख वन रोपित कर रहा है।

बाकी पौधे अन्य विभागो द्वारा रोपित किया जाएगा उनको आवंटन हो गया है। बेसिक शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग है, ग्रामय विकास विभाग है इनके द्वारा लगभग 26 लाख पौधे रोपित किए जाएगे। इस तरह से अगर हम पौधे की केयर करते हैं तो निश्चित तौर पर हमारा सुल्तानपुर हरा भरा होगा।

उन्होंने आगे कहा जो भी पेड़ लगाए वो मात्र सेल्फी और फोटोग्राफी के लिए न करें बल्कि उसकी रक्षा करें। उन्होंने कहा पौधे में बहुत ज़्यादा केयर नहीं करना होती है थोड़ा सा अगर हम केयर करेंगे थोड़ा पानी अगर दे दें तो प्लांट सरवाईव कर लेता है। बच्चों को लगभग 200 फलदार पौधों का वितरण कर उन्हें वृक्ष संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक अब्दुल सत्तार, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सिंह, विपिन मिश्रा, सुनीता सिंह, गीतांजलि तिवारी, मोहम्मद वाशिक, मनोज कुमार मौर्य, योगेश चतुर्वेदी, प्रवीन श्रीवास्तव, अमित अग्रहरि, हुमा वसीम, समस्त स्टॉफ व बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

लायंस क्लब मिटाउन ने कुड़वार ब्लाक के अगई गांव में एक वृहद पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें आम अमरूद और बेल के पौधे लगाए गए।

लायंस क्लब की अध्यक्ष भारती पुरी, सचिव अंजली श्रीवास्तव, मधु कपूर, सरिता मिश्रा, मालती पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, प्रमोद पुरी, बलदेव सिंह,डॉ राजेंद्र कपूर, डॉ शांतनु मिश्रा,डॉ शाश्वत मिश्रा, डॉक्टर अजय विक्रम मिश्रा, डॉक्टर संजय मिश्रा, राज नारायण मिश्र, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ बीपी सिंह आदि लोगो ने बृक्षारोपण में सहभागिता किया।

# मुड़िया मेले के लिए रेलवे एलर्ट

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

हाथरस में हुए सत्संग में मची भगदड़ के बाद अब मुड़िया मेले के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। आगरा रेल डिवीजन एलर्ट मोड पर है। तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक ने मीटिंग की। क्राउड मैनेजमेंट पर चर्चा की गई। मथुरा में हर साल आयोजित होने वाले मुड़िया पूर्णिमा मेले को लेकर रेलवे प्रशासन एलर्ट मोड पर है। 16 से 23 जुलाई तक आयोजित किए जाने वाले मुड़िया पूर्णिमा मेले को लेकर मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल ने अपने अधीनस्थों के साथ मीटिंग की। मुड़िया पूर्णिमा मेले में मथुरा जंक्शन और आगरा कैंट के साथ-साथ डिवीजन के अन्य रेलवे स्टेशन पर भी भीड़ होती है। लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। जीआरपी, आरपीएफ, स्थानीय पुलिस और स्थानीय प्रशासन का सहयोग लिया जाएगा। आरपीएफ के 250 जवान और जीआरपी के 350 जवानों की ड्यूटी लगाई जा रही है। सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी। कई ट्रेनों का मथुरा पर अतिरिक्त ठहराव भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कासगंज, एटा एवं मध्य प्रदेश की तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि अगर क्राउड बढ़ता है तो आगे और भी ट्रेनों को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि झांसी एवं ग्वालियर से आने वाली पैसेंजर और आगरा कैंट-नई दिल्ली इंटर सिटी एवं मैनपुरी-आगरा मेमो को मथुरा जंक्शन तक बढ़ाया जाएगा। टिकट काउंटर्स की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

## अवैध तमंचों से दोनों हाथों से फायरिंग

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** एक युवक का अवैध तमंचों से दोनों हाथ से फायरिंग करने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो थाना एत्माद्दौला क्षेत्र का बताया जा रहा है। फायरिंग करने वाला युवक पहले भी पुलिस वीडियो के जांच की बात कह रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो थाना एत्माद्दौला के अंतर्गत नुनिहाई चौकी क्षेत्र स्थित बाल चंद नगला निवासी युवक का बताया गया है। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक दोनों हाथों में तमंचा लिए हुए है। उसके आसपास कई युवक खड़े हैं। सभी उसका वीडियो बना रहे हैं। युवक दोनों हाथों से तमंचे से फायरिंग करता दिख रहा है। वीडियो करीब 25 दिन पुराना बताया गया है। बताया गया है युवक को पुलिस ने तमंचे में युवक को कुछ दिन पहले जेल भेजा था।

# यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सड़कों पर उतरे जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय के सामने सात घोड़े का बना चौराहा एवं, पार्क तथा सड़क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया कि आने और जाने का रास्ता अलग अलग बना हुआ है। उन्होंने निर्देशित किया कि पब्लिक, दो पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन एक रास्ते से आए और दूसरे रास्ते से जाएं। जिससे जाम की समस्या ना हो। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया कि कोई भी आम जनमानस सड़क पर गाड़ी ना खड़ा करें।सड़क पर कोई भी गाड़ी खड़ी नहीं होनी चाहिए। सभी गाड़ियां पार्किंग स्थल पर ही खड़ी कराई जाय। जिलाधिकारी द्वारा सड़क पर लगी दुकान को हटवाने हेतु निर्देशित किया गया और उन्होंने कहा कि सड़क पर दुकानें ना लगाई जाएं।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अभिनव पहल के तहत जनपद अंबेडकर नगर में विगत एक वर्ष में कई चौराहों का सौंदर्याकरण किया गया है। इसी क्रम में अकबरपुर दोस्तपुर मार्ग पर गौहन्ना चौराहे पर सैनिक की मूर्ति, शहजादपुर फुब्बारा तिराहे पर 22 जनवरी को राम मंदिर अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के दिन यहां पर राम की मूर्ति पूजन कर स्थापित की गई है, योगा पार्क , विकास भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाई गई। साथ ही साथ कलेक्ट्रेट परिसर में सजावटी लाइट लगवाई गई तथा परिसर में मधुबनी पेंटिंग कराई गई है, कलेक्ट्रेट में आए हुए फरियादियों के लिऐ प्रतीक्षा कक्ष भी बनवाया गया है।

# 3.5 करोड़ के कॉम्पेक्टर कार्यशाला में हो रहे कबाड़

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने शुक्रवार को नगर निगम की कार्यशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में देखा कि नगर निगम में करोड़ो रुपये से खरीदे गए कॉम्पेक्टर कबाड़ हो रहे हैं। मेयर ने नगरायुक्त को जांच के बाद कार्यवाही के निर्देश दिए। मेयर ने नगर निगम की एम एंड टी वर्कशॉप का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 18 घनमीटर क्षमता के सात कॉम्पेक्टर कबाड़ हालत में पड़े हुए हैं। इन कॉम्पेक्टरों को वर्ष 2020 में नगर निगम द्वारा 14 वें वित्त आयोग निधि से खरीदा गया था। 3.51 करोड़ रुपये में मै. ऊषा इंजीनियरिंग्स गाजियाबाद से निविदा के माध्यम से सात 18 घनमीटर क्षमता के सात कॉम्पेक्टर खरीदे थे। मेयर ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर यह जानकारी भी मांगी है कि कॉम्पेक्टरों को खरीदते समय अनुबंध में रख-रखाव इत्यादि की भी व्यवस्था की गई थी या नहीं। महापौर ने नगरायुक्त से तीन दिन के भीतर लापरवाही कर रहे जिम्मेदारों की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

मेयर ने कहा कि नगर निगम में किसी भी प्रकार की सरकारी संपत्ति को निगम कर्मियों की लापरवाही से खराब करने के मामले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई से सरकार को टैक्स के माध्यम से राजस्व प्राप्त होता है, जिससे सरकार जनहित में कार्य कर सके। लेकिन जनता की गाढ़ी कमाई को इस तरह से कबाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चेन स्नेचर से पुलिस की मुठभेड़, अरेस्ट

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** 13 दिन पहले महिला से लूटी चेन के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश घायल हो गया। बदमाश ने लूट के लिए कबाड़ी से पाट्र्स खरीद कर बाइक तैयार की थी। 22 मई को एसआरके मॉल के बाहर एक महिला से बाइक सवार ने सोने की चेन छीन ली थी। थाना न्यू आगरा में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुखबिर की सूचना पर आरोपी रहीश को पुलिस ने खासपुर चौराहे के पास घेरा। रहीश ने पुलिस पर फायरिंग की। मुठभेड़ में रहीश के पैर में गोली लगी। उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया-रहीश ने पूछताछ में बताया कि वो हर लूट के लिए बाइक बदलता था। बाइक बनाने के लिए वो कबाड़ी से पाट्र्स खरीदता था।



# कार्यालय : खंड विकास अधिकारी मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांक : 443/लेखा/क्षेत्र पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक : 05/07/2024

## निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत योजना अंतर्गत खंड विकास अधिकारी मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराए जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक -20/7/24 को अपराह्न 2.00बजे निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो कि उसी दिन अपराहन 3.30 बजे विकासखंड में सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0) लघु सिंचाई तथा खंड विकास अधिकारी (टेंडर समिति) द्वारा उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोले जाएंगे निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 05/07/24 से 20/07/24 को अपराह्न 12 :30 बजे तक कार्यालय कर दिवस में खंड विकास अधिकारी से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | योजना का नाम | ग्रा0पं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत लाख में | 2 प्रति0 जमानत धन0 | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंचम वित्त | चर | तालाब से नहर पटरी मेन रोड की ओर डब्लू0बी0 एम0 रोड का निर्माण। | 9-99 | 20000 | 1000 |
| 2. | पन्द्रहवां वित्त | भौरी | किरहा तालाब का गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार का कार्य। | 9-91 | 20000 | 1000 |
| 3. | पन्द्रहवां वित्त | भौरी | के मजरा मुड़ौहा में यशोदा गौतम के घर से पडुई नदी तक आर०सी०सी० नाली निर्माण। | 9-99 | 20000 | 1000 |
| 4. | पंचम वित्त | कौबरा | कौबरा गांव से नदी की ओर इण्टरलाकिंग खड़ण्जा निर्माण। | 9-99 | 20000 | 1000 |
| 5. | पन्द्रहवां वित्त | ऊंचाडीह | अमृत सरोवर तालाब से शवि परशन के घर तक इण्टरलाकिंग खड़ण्जा निर्माण। | 9-99 | 20000 | 1000 |
| 6. | पंचम वित्त | इटवा डुडैला | के मजरा छोटी पाटिन में गांव की तरफ सेडामर रोड की ओर इण्टरलाकिंग खड़ण्जा निर्माण। | 9-99 | 10000 | 500 |
| 7. | पन्द्रहवां वित्त | भौरी | ठढेरवा तालाब का गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार का कार्य। | 9-83 | 20000 | 1000 |
| 8. | पन्द्रहवां वित्त | भौरी | पी0डब्लू0डी0 पुलिया के आगे से पडुली नाला खुदाई कार्य। | 9-99 | 20000 | 1000 |

**निविदा शर्तें :-**

1- टेंडर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल की भली-भांति निरीक्षण कर लें।
2- समस्त कार्य उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे।
3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भली भांति अध्ययन कर लें
4- सशर्त निविदा सील कर दी जाएगी।
5- ठेकेदार को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी।
6- दरो में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी।
7- यदि किसी टेंडर में दो ठेकेदारों की दरें एक ही आती है तो ऐसे केस में विभाग का निर्णय अंतिम होगा।
8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोतरी/घटोत्री किसी भी सीमा तक की जा सकती है।
9- निविदा दाता से निविदा के साथ रू 100 का एक नांन ज्यूडिशियल स्टांप पेपर में एक रुपए के रसीद टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बंधक कर कर संलग्न करना होगा।
11- निविदा दाता द्वारा लिफाफा पर निविदा संख्या कार्य का नाम रीच तथा खंड का नाम आदि अंकित करना होगा।
12- ठेकेदार के देयक से लायल्टी आयकर एवं बिक्री कर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी।
13 ठेकेदार अपना सही पोर्टल पता अनुबंध पर लिखें। यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जाएगा।
14- ठेकेदार अनुबंध में लगे वांछित प्रगति चार्ट/तालिका के अनुसार कार्य की प्रकृति बनाए रखने के लिए बाध्य होगा।
15- यदि निर्माण के समय वर्षा बाढ़ या अन्य प्राकृतिक कारण से कोई क्षति होती है तो ठेकेदार उस क्षति के लिए कोई क्लेम नहीं होगा।
16- ठेकेदार को भुगतान आवंटन की उपलब्धता अथवा सीसीएल/डीसीएल की उपलब्धता के अनुसार किया जाएगा।
17- भुगतान माप के अनुसार किया जाएगा।
18- ठेकेदार जी फर्म में सीसी ब्लॉक की आपूर्ति करेगा उसे फॉर्म का बिल एवं प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।
19- स्टोन ब्लास्ट परीक्षण/ग्रिट के अंडर साइज/ओवर साइज की कटौती प्रमुख अभियंता के पत्र संख्या के अनुसार होगी।
20- टेंडर प्रक्रिया में ब्लॉक में रजिस्टर्ड ठेकेदारों की निविदा मान्य होगी।

**प्रमुख**
क्षेत्र पंचायत।

**खंड विकास अधिकारी**
मानिकपुर चित्रकूट।

# ग्यारह हजार वोल्टेज बिजली के तार गिरने से दो युवकों की मौत, मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के बछुआर गांव में स्थित रामगंज राजवाहा नहर की पटरी पर ग्यारह हजार वोल्टेज का विद्युत तार गिरने से दो युवकों की मौत हो गई।बताते चले कि उक्त गांव निवासी कृष्ण कुमार तिवारी का करीब 22 वर्षीय पुत्र सूरज तिवारी और अमरनाथ यादव का करीब 23 वर्षीय पुत्र श्याम सिंह यादव बाइक व साइकिल से किसी काम से सिंगरामऊ बाजार गए थे वहां से वापस लौटते समय नहर के ऊपर से होकर गुजरा ग्यारह हजार वोल्टेज विद्युत का जर्जर तार उनके ऊपर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुँचे ग्रामीणों ने किसी तरह विद्युत आपूर्ति बंद कराई।और तत्काल घायलों को लेकर बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचें जहां डॉक्टरों ने सूरज तिवारी व श्याम सिंह यादव को मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी जब दोनों मृतकों के परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। लोग विद्युत विभाग के एसडीओ और जेई की घोर लापरवाही का आरोप लगाएं है। उधर सूचना मिलते ही सीएचसी पर पहुंचे बदलापुर भाजपा विधायक ने एसडीओ और जेई के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीएम से फोन पर बात किए।वही मौके पर पहुँची पुलिस ने मामले की आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

### क्षेत्रीय भाजपा विधायक के आश्वासन पर दोनों युवको का हुआ अंतिम संस्कार

सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के बछुआर गांव में गुरुवार की देर शाम हाई टेंशन तार की चपेट में आने से दो युवकों की दर्दनाक मौत होने से अगले दिन शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतकों का शव घर पहुंचा। जहां आक्रोशित परिजनों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। सूचना पर क्षेत्रीय विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उन्होंने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से बात कर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई किए जाने तथा दोनों मृतक परिवारों को आर्थिक सहायता और मृतकों के एक-एक भाइयों को बिजली विभाग में संविदा पर नियुक्त किए जाने की मांग किए हैं। आश्वासन के बाद मृतकों के परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हुए। इस मौके पर तहसीलदार राकेश कुमार,क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार वर्मा,थानाध्यक्ष तरुण श्रीवास्तव,लेखपाल शैलेंद्र मिश्रा सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिजली पानी के लिए एमबीबीएस छात्रों ने किया धरना प्रदर्शन नारेबाजी

- मेडिकल कॉलेज में 15 दिन से नहीं है बिजली पानी
- छात्रों ने कहा समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सिद्धीकपुर का उमानाथ सिंह राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को एमबीबीएस व पैरामेडिकल के छात्र मेडिकल कॉलेज के सामने धरने पर बैठ गए और जिम्मेदार सभी प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन नारेबाजी करने लगे। छात्रों ने कहा कि उनकी समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो वह सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होंगे । छात्रों ने कहा समस्याएं तो दर्जन भर लेकिन जरूरी समस्या का निराकरण होना चाहिए। उमानाथ सिंह राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को बिजली पानी अन्य समस्याओ को लेकर एमबीबीएस के छात्र छात्राऐ हाथ में होर्डिंग बैनर पोस्टर लेकर बारिश से बचने के लिए छाता टेट के आड़ मे धरने पर बैठ गए और वहीं से निर्माण एजेंसी से लेकर बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों मंत्रियों स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारो के खिलाफ प्रदर्शन नारेबाजी करने लगे । गुस्सा उनका चरम पर था। छात्रों को कहना था कि 15 दिन से मेडिकल कॉलेज में बिजली पानी नहीं है। बिजली न आने से उनकी पढ़ाई भी बाधित है लैपटॉप कंप्यूटर मोबाइल सभी डिस्चार्ज हैं, जिससे एमबीबीएस के छात्राओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है । छात्रों का कहना है पीने का पानी का बाहर से खरीदारी कर काम चला लिया जाता है, लेकिन नहाने और शौचालय में पानी की कोई सुविधा नहीं है। छात्र लगातार वारिष में भीग कर अपनी समस्या के लिए नारेबाजी प्रदर्शन करते रहे। लेकिन देर शाम तक उनकी समस्या सुनते कोई नहीं पहुंचा । छात्रों का कहना था कि पिछली बार सीडीओ जिलाधिकारी आए थे ,उन्होंने कहा था कि हम इस समस्या को शीघ्र निराकरण कर देंगे । लेकिन वह भी निराकरण नहीं कर पाए । छात्रों ने कहा की समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो सड़क पर उतरेंगे बडा आंदोलन करेंगे। छात्रों ने कहा कि हम लोग बर्दाश्त कर रहे हैं , छात्रों ने कहा कि अब झूठे वादों से समस्या बर्दाश्त नहीं हो रही है । इसके अलावा भी मेडिकल कॉलेज में तमाम समस्याओं से छात्र जूझ रहे हैं, कोई सुनने वाला नहीं है।

# निर्धारित समय में चकबंदी कार्य पूर्ण किए जाएं : जिलाधिकारी



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा जनपद में चकबंदी प्रक्रिया की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया गया कि चकबन्दी प्रक्रिया के अर्न्तगत आने वाले गावों में निर्धारित समयावधि में चकबंदी कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने धारा 8, 9, 10, प्रकाशन, नयी वार्षिक खतौनी, चक निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी के सम्बन्ध में डीडीसी चकबंदी से जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया गया कि 05 साल से ऊपर के मुकदमे जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए। इस दौरान उन्होंने कब्जा परिवर्तन वाले गांव के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर चकबन्दी अधिकारी, सहायक चकबन्दी अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन के पास कटुरूआ बेचते दो लोग हुए गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के चौराहे के समीप बने पार्क के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा प्रतिबन्धित वन उपज कटरूआ बेचे जाने की सूचना पर पीलीभीत रेंज स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मौके से 02 व्यक्तियों 1 पवन पुत्र रतनलाल 2-विक्की पुत्र मुन्नू, निवासीगण ग्राम-बरहा, तहसील व जिला-पीलीभीत को कटरूआ बेचते हुये पकड़ा गया। दोनों व्यक्तियों के पास से लगभग 07 कि0ग्रा0 कटरूआ बरामद किया गया है। अभिरक्षा में लिये गये दोनों अभियुक्तों के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 (यथासंशोधित) के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। प्रभागीय वनाधिकारी पीलीभीत टाइगर रिजर्व कि ओर से कहा गया था की वर्षा ऋतु में कटरूआ, धरती के फूल, मशरूम (जिसकी उत्पत्ति स्थल सत्यापित नहीं है) खरीदना एवं बेचना वन अपराध की श्रेणी में आता है, जिसमें उक्त अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# एक वृक्ष मां के नाम लगाकर उसका पालन-पोषण करना हमारा कर्तव्य : विवेक वर्मा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में वृक्षारोपण सप्ताह के अंतर्गत वन विभाग के सौजन्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विवेक वर्मा ने इस अवसर पर डायट प्रशिक्षुओं द्वारा वृक्ष लगाओ -जीवन बचाओ विषय पर बनाये गये। पोस्टर की प्रदर्शनी का भी लोकार्पण किया। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान कामिनी गंगवार, द्वितीय स्थान वैष्णवी मिश्रा, तृतीय स्थान अंजली मिश्रा तथा सांत्वना पुरस्कार विनीत कुमार सिंह व प्रिया शर्मा ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को विधायक द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। विधायक द्वारा सरल व सहज रूप से पर्यावरण को बचाने हेतु वृक्ष लगाने के प्रति सभी को जागरूक किया गया। वन विभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी रोहित जोशी के द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। डायट प्राचार्य महेंद्र कुमार सिंह ने सभी को वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित करते हुए आये हुए आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता दरवेश कुमार, प्रवक्ता वीरेंद्र कुमार, प्रवेश कुमार, स्मिता लोधी, आशा सुमन, मंजूलता, अमित गंगवार, नीलेश नाथ, आसाराम, मोहम्मद मोबीन, रवीन्द्र कुमार सहित समस्त कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डॉक्टर आलोक पालीवाल का हुआ गैर मण्डल स्थानान्तरण



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुइथाकला। विकास खंड अन्तर्गत अढ़नपुर स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय पर तैनात रहे,पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल का स्थानांतरण गैर मण्डल हो गया। डाक्टर पालीवाल साढ़े सात साल की अवधि में अपने कार्य और व्यवहार से क्षेत्र में काफी लोकप्रिय चिकित्सक रहे। लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित डाक्टर पालीवाल पहली बार सन् 2016में बतौर पशु चिकित्सा अधिकारी राजकीय पशु चिकित्सालय अढ़नपुर में तैनात हुए। वाराणसी मण्डल में सेवा अवधि समाप्त होने पर शासन द्वारा उनका स्थानांतरण गैर मण्डल के रूप में आजमगढ़ कर दिया गया ।पशुओं में सर्जरी और उपचार में सिद्धहस्त डाक्टर पालीवाल थोड़े ही दिनों में क्षेत्र ही नहीं, वरन् आस पास के जिलों के पशुपालकों में लोकप्रिय हो गए। सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र पशु-चिकित्सक व निबंध लेखन में वे कई सामाजिक संस्थाओं से लगायत विभाग द्वारा पुरस्कृत हो चुके हैं। जिनमें दो बार लुई पाश्चर अवार्ड, डाक्टर एम एल मदान अवार्ड ,सुश्रुत गौरव रत्न सम्मान व पूर्वांचल गौरव सम्मान समेत प्रशस्ति पत्र आदि से अब तक नवाजे जा चुके। उनके स्थानांतरण की खबर पाते ही पशुपालकों में मायूसी छा गई है।

### घटतौली की लगातार मिल रही है शिकायतें, महकमा बेखबर

जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा। ब्लाक क्षेत्र के ग्रामीण इलाको मे कोटेदारो के द्वारा घटतौली की लगातार मिल रही है शिकायते महकमा का संरक्षण मिलते साफ देखा जा सकता है ।वही कार्ड धारको हेमनाथ ने बताया है की कोटेदार हमारे गांव अधकटा मे एक किलो राशन कम देता है ।कार्ड धारक के द्वारा हंगामा काटते ही कोटेदारो के द्वारा कहे दिया जाता कमीशन ऊपर देना पड़ता है। जब इस सम्बन्ध मे जानकारी कोटेदारो से की गई। तो बरखेड़ा क्षेत्र के कुछ कोटेदारो ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि सप्लाई इंस्पेक्टर के द्वारा हम कोटेदारो से हर माह अवैध उगाई की जाती है ।और सप्लाई इंस्पेक्टर खूद घटतौली के लिए कहते है। इसलिए प्रत्येक कार्ड पर राशन कम दिया जाता है ।और कटा मशीन से पहले ही तोल करके पर्ची निकाल ली जाती है।





# मिर्जापुर में पिता-पुत्र की मौत

## ट्रेलर ने बोलेरो को रौंदा, वाहन में फंसकर चिल्लाते रहे दोनों

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर


मिर्जापुर राजगढ़ थाना क्षेत्र के सोनबरसा बिशनपुरा गांव के पास मिर्जापुर सोनभद्र मार्ग पर टेलर में पीछे से बोलरो जा टकराई। हादसे में बोलेरो सवार 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। बालक के पिता दंत चिकित्सक डॉक्टर पंकज कुमार पांडेय को ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया। रॉबर्ट्सगंज पहुंचने से पहले उन्होंने भी दम तोड़ दिया। सोनभद्र के राबर्ट्सगंज कस्बा निवासी डॉक्टर पंकज दंत चिकित्सक थे। तीन दिन मिर्जापुर के लालडिग्गी में अपनी क्लीनिक पर मरीजों को देखते थे। तीन दिन सोनभद्र में देखते थे। बीती रात मिर्जापुर से बोलेरो में सवार होकर पत्नी, पुत्र व पुत्री के साथ सोनभद्र जा रहे थे। तीन बजे भोर में बिशनपुरा के पास सामने से जा रहे ट्रेलर में बोलेरो ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बोलेरो सवार 13 वर्षीय बालक डुग्गू बोलेरो में फंस गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी के माध्यम से गाड़ी खिंचवाकर बाहर निकलवाया। जिससे बालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। घायल पंकज को ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर किया गया, जिनकी रास्ते में मौत हो गई। बोलेरो सवार अन्य को चोट नहीं लगी।

# भारतीय जनसंघ के संस्थापक रहे श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर हम सभी नमन करते हैं : सुरेश खन्ना





- भाजपा कार्यालय पर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर जन संगोष्ठी मनाई गई
- मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना रहे मौजूद



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शुक्रवार को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की मौजूदगी में बलिदान दिवस जन संगोष्ठी कार्यक्रम मनाया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने की। अपने मुख्य उद्बोधन में सभी को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री खन्ना ने कहा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस एवं पुण्य तिथि पर हम सभी नमन करते हैं पंडित जी सदैव एक समाज सुधारक समाज चिंतक एवं शिक्षाविद थे वह जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण अभिन्न अंग बनाना चाहते थें। एक बार संसद में अपने भाषण में उन्होंने धारा 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की थी वही अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था की या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस देश की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा। डॉ मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिए 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े वहां पहुंचते ही उनको गिरफ्तार कर लिया गया 23 जून 1953 को जेल में रहस्य में परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई जेल में उनकी मृत्यु उन्हें देश को हिला कर रख दिया और परमिट सिस्टम समाप्त हो गया उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था। नहीं चलेगा एक देश में दो विधान दो प्रधान दो निशान वही अपने पुत्र की असामयिक मिशन का समाचार सुनने के पश्चात दो मुखर्जी की माता योग माया देवी ने कहा था मेरे पुत्र की मृत्यु भारत माता के पुत्र की मृत्यु है त्याग तपस्या बलिदान भाजपा की यह पहचान। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि हम सबको डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन एवं विचारों से प्रभावित होकर हमें अपनी पार्टी को समझ कर आगे बढ़ाने का काम करना हैं।

### ये रहे उपस्थित

मंचासीन अतिथियों में जिला प्रभारी गुलशन आनन्द, जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान,पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत,पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा, बीसलपुर ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, बरखेड़ा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश गंगवार,नगर पालिका अध्यक्ष पीलीभीत आस्था अग्रवाल, पूरनपुर चैयरमेन शैलेन्द्र गुप्ता,गुलड़िया चैयरमेन निशांत प्रताप सिंह, बरखेड़ा चैयरमेन श्याम बिहारी भोजवाल,पूर्व जिला महामंत्री राजेंद्र कश्यप,जिला उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी,दीपक अग्रवाल उपस्थित रहे।

# विंध्यवासिनी मंदिर के दान पात्रों से निकले 23.5 लाख से ज्यादा रुपये

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

**विंध्याचल।** चैत्र नवरात्र समेत दो महीने बाद बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे विंध्यवासिनी मंदिर में लगे दान पात्रों को रुपयों की गिनती के लिए खोला गया। दान पात्रों से कुल 23 लाख 57 हजार 708 रुपये प्राप्त हुए। यह धनराशि भारतीय स्टेट बैंक की विंध्याचल शाखा में विंध्य विकास परिषद के पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी के खाते में जमा की गई। शुक्रवार को भी दान पात्र में मिले रुपयों की गिनती होगी। नवरात्र से पांच दिन पहले गिनती के बाद अब दान पात्रों को खोला गया है। नायब तहसीलदार राहुल मिश्रा की देखरेख में विंध्यवासिनी मंदिर में लगे दान पात्रों से निकले रुपये की गिनती मंदिर की छत पर बने श्री विंध्य पंडा समाज के कार्यालय में पुलिस और सीसी कैमरे की निगरानी में शुरू हुई। दान पेटिका से निकले रुपयों की गिनती के बाद रुपये भारतीय स्टेट बैंक के कैशियर शिवराज सिंह ने खाते में जमा की। बृहस्पतिवार को दो दान पात्रों को खोला गया। इन दान पात्रों में मिले रुपयों और सिक्कों की गिनती शुरू हुई जो रात तक चली। दो दान पात्रों में 22 लाख 20 हजार 610 रुपये तथा एक लाख 37 हजार 98 रुपये के सिक्के निकले।

# बाढ़ नियंत्रण की दृष्टि से परियोजना के कराए गए कार्य उपयोगी साबित होंगे : स्वतंत्र देव सिंह

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत






शुक्रवार को स्वतंत्र देव सिंह मंत्री जल शक्ति विभाग उ0प्र0 द्वारा पीलीभीत में भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनपद पीलीभीत की तहसील बीसलपुर के अन्तर्गत देवहा नदी के बांये किनारे पर स्थित ग्राम कंधरापुर की बाढ सुरक्षा परियोजना का निरीक्षण किया तथा समय से कराये गये कार्यो की सराहना की। मंत्री जी ने उपस्थित ग्रामवासियों से जन संवाद में अवगत कराया गया कि बाढ नियंत्रण की दृष्टि से परियोजना के कराये गये कार्य उपयोगी साबित होगें। उपस्थित ग्रामवासी भी परियोजना के कार्यो से संतुष्ट पाये गये। तत्पश्चात मंत्री जी द्वारा ग्राम खंनकापुर में कराये गये बाढ परियोजना के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यो के स्थलीय निरीक्षण के दौरान मंत्री जी ने वृक्षारोपण करके कटान को रोकने के साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक पेड लगाये जाने का संदेश दिया। इस मौके पर विवेक वर्मा विधायक बीसलपुर एच0एन0 सिंह, मुख्य अभियन्ता शारदा, संजीव प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा, महिपाल सिंह, उपजिलाधिकारी, बीसलपुर नरेश कुमार ग्राम प्रधान कंधरापुर, राजकुमार, ग्राम प्रधान खनका, आशुतोष कुमार, अधिशासी अभियन्ता, बाढ खण्ड, बृजेश कुमार पोरवाल, अधिशासी अभियन्ता, शारदा सागर खण्ड एवं अमित सिंह, विशाल एवं अन्य उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **26.07.2024 को 15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 06102024 दिनांक 04.07.2024 |
| 2. | निविदा संख्या | 17-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 |
| 3. | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल में ऊँचाहार गुड्स शेड के विकास का कार्य। |
| 4. | अनुमानित लागत | Rs.7,14,11,100.49 |
| 5. | धरोहर राशि | Rs. 5,07,100.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दस माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 12.07.2024 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 26.07.2024 15:00 बजे |
| 9. | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट-:1 निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2033/24

# तीन जिंदगियों पर भारी पड़ी अफसरों की लापरवाही, मां-बेटों की मौत

**फुटपाथ सड़क से नीचे होने के कारण पलटा था ट्रक**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**संडीला।** मार्ग पर चावल लदा ट्रक डंपर से बचने के प्रयास में नियंत्रित होकर सड़क किनारे लगीं दुकानों पर पलट गया था। हादसे में महिला और उसके दो बच्चों की दबकर मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि। फुटपाथ और सड़क का स्तर यदि बराबर होता, तो शायद महिला और दो बेटों की जिंदगी बच जाती। उन्नाव जिले में लोक निर्माण विभाग के अफसरों और ठेकेदार की लापरवाही तीन जिंदगियों पर भारी पड़ गई। जिस स्थान पर हादसा हुआ वहां फुटपाथ सड़क से करीब दो फीट नीचे था। सड़क बनाने के बाद यदि फुटपाथ और सड़क का लेबल बराबर करा दिया जाता, तो शायद हादसा टल जाता। बांगरमऊ से संडीला जाने वाले मार्ग का जिले की सीमा में 18 किलोमीटर हिस्सा है। पीडब्ल्यूडी करीब एक महीने से इस मार्ग का नवीनीकरण करा रहा है। करीब पांच किलोमीटर मार्ग का निर्माण होना बाकी है। बनने के बाद सड़क फुटपाथ से काफी ऊंची हो गई है। जहां पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा वहां सड़क पटरी से करीब दो फीट ऊंची है। दूसरे वाहन को साइड देते समय वाहन अक्सर दुर्घटनाग्रस्त होते हैं।










### ट्रक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई

आसपास के लोगों और क्रेन की मदद से बोरियों को हटवाकर करीब एक घंटे बाद तीनों को निकालकर बांगरमऊ सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर तीनों को मृत घोषित कर दिया। सीओ ने बताया कि मृतका के पति राजकुमार की तहरीर पर ट्रक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### 50 टन चावल लादकर जा रहा था ट्रक

इसी दुकान से वह दो बेटों करन (15) और विक्की (13) के साथ दो अविवाहित भाई सरवन व सुमित का पालन पोषण कर रही थी। पति राजकुमार दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में काम करता है। वह होली में आया था, तब से यहीं पर था। बुधवार रात करीब दो बजे बांगरमऊ से संडीला 50 टन चावल लादकर जा रहा ट्रक सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर से बचने के प्रयास में बाजार के पास के अनियंत्रित हो गया।

### तख्त पर सो रही थी सरला, काउंटर पर सो रहे थे बेटे

इसके बाद बाएं तरफ सड़क किनारे पटरी पर उतर गया और करीब 20 मीटर आगे जाकर दुकानों पर पलट गया। हादसे के वक्त सरला दुकान में तख्त पर सो रही थी, जबकि उसके दोनों बेटे पास में ही दिलीप गुप्ता के फास्ट फूड काउंटर पर सो रहे थे। तीनों चावल की बोरियों के नीचे दब गए। सूचना पर बांगरमऊ सीओ अरविंद कुमार और थानाध्यक्ष फूल सिंह पहुंचे।

### दुकानों की तरफ झुका और पलट गया ट्रक

इलाकाई लोगों का कहना है कि ट्रक चावल की एक हजार बोरियो (प्रति बोरी 50 किलो) से पूरी तरह लोड था। सड़क से जैसे ही वह दो फीट नीचे फुटपाथ पर उतरा, तो एक तरफ झुक गया। पूरा वजन एक तरफ आ जाने से ट्रक दुकानों की तरफ झुका और कुछ दूर जाकर पलट गया। फुटपाथ और सड़क का स्तर यदि बराबर होता, तो शायद महिला और दो बेटों की जिंदगी बच जाती।

### दोषी के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई

पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता सुबोध कुमार ने बताया कि सड़क नवीनीकरण का काम पूरा होने के बाद दो मीटर चौड़े फुटपाथ की भी मरम्मत होनी है। ज्यादा निचले स्थानों पर मिट्टी की भरान कराकर दुरुस्त किया जाना है। हादसे वाले स्थान पर पटरी अगर सड़क से ज्यादा नीचे है, तो वहां ठीक क्यों नहीं की गई इस पर जेई से रिपोर्ट लेंगे। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे से पहले राजकुमार भी यहीं सो रहा था

हादसे से कुछ समय पहले मृतका सरला का पति राजकुमार भी इसी दुकान में सो रहा था। लेकिन रात करीब 12 बजे बारिश शुरू होने से दुकान का छप्पर टपकने लगा। उसने सरला के तख्त को दूसरे स्थान पर रखवाया और खुद सड़क के दूसरी तरफ बनी पक्की दुकानों के बाहर बरामदे में सो गया। करीब दो घंटे बाद हादसा हुआ, जिसमें पूरा परिवार खत्म हो गया।

### अगले सप्ताह राजकुमार को बेटे के साथ लौटना था दिल्ली

राजकुमार दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। वह बड़े बेटे करन 15 को अपने साथ रखता था। करन नई दिल्ली के मुखर्जीनगर केंद्रीय विद्यालय में पढ़ता था। उसने इसी साल 10वीं कक्षा पास की थी। होली में वह बेटे का साथ आया था। राजकुमार के मुताबिक, उसे व बेटे को अगले सप्ताह दिल्ली वापस जाना था। बेटे करन का 11वीं में दाखिला कराना था।


### रात दो बजे हादसा, चालक भागाज्तीन घंटे जाम

संडीला-उन्नाव मार्ग पर चावल लदा ट्रक डंपर से बचने के प्रयास में नियंत्रित होकर सड़क किनारे लगीं दुकानों पर पलट गया। हादसे में महिला और उसके दो बच्चों की दबकर मौत हो गई। चालक भाग निकला। तीन घंटे तक जाम लगा रहा। हरदोई जिले के कछौना थानाक्षेत्र के समोधा गांव निवासी राजकुमार भुर्जी की पत्नी सरला (33) करीब छह साल से मां देवकी और पिता परमेश्वर की मौत के बाद मायके बेहटा मुजावर में रहकर पुराने थाना भवन के पास चाय-समोसा की दुकान चला रही थी।

# पति ने गला दबाकर की पत्नी की हत्या

**मां से लिपटे बच्चों को कमरे के अंदर बंद किया**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



पुरवा कोतवाली क्षेत्र में घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। वहीं, घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

उन्नाव जिले के पुरवा में घर खर्च के लिए रुपये मांगने को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। पति ने पहले बच्चों के सामने पत्नी को पीटना शुरू किया। बच्चों ने जब मां को बचाने का प्रयास किया, तो उन्हें कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद बरामदे में पत्नी को लाकर उसी के दुपट्टे से गला कस कर हत्या कर दी।

घटना के बाद हत्यारोपी पति मौके से भाग निकला।

शुक्रवार सुबह जब बच्चे घर के बाहर नहीं दिखे, तो पड़ोसी युवक उन्हें देखने आया। बच्चे कमरे में बंद मिले और पत्नी का शव बरामदे में पड़ा हुआ था। हत्या की सूचना पर पुलिस ने जांच की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कस्बे के मोहल्ला तोपखाना निवासी हिना (26) का विवाह 10 साल पहले मौरावां थानाक्षेत्र के गांव पारा निवासी मुन्ना के पुत्र आसिफ से हुआ था। शादी के बाद दो बच्चों में आकिब (3) और बेटी शिफा (7) हुईं।

पति मुंबई में काम करता था। परिवार में आपसी विवाद होने से उसने पत्नी और बच्चों को पुरवा के तोपखाना मोहल्ले में किराए के मकान में रख दिया था।

### शराब के नशे में पत्नी से हुआ था विवाद

चार जुलाई को पति मुंबई से घर आया। शराब के नशे में उसका पत्नी से विवाद हुआ। मामला पुलिस तक पहुंचा, तो पुलिस ने दोनों पक्षों में आपसी संबंध विच्छेद का हलफनामा लगवाकर दोनों को एक साथ न रहने की बात कही। पति आसिफ ने पुलिस से एक रात के लिए साथ रहने की गुजारिश की। इस पर पुलिस मान गई। घर आने के बाद वह पत्नी को पीटने लगा।

### शव बरामदे में पड़ा था और बच्चे कमरे में बंद थे

मां को पिटता देख दोनों बच्चे जब लिपट गए, तो आसिफ ने उन्हें कमरे में बंद कर दिया। पत्नी को बरामदे में लाकर पीटा। फिर उसी के दुपट्टे से गला कसकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। शुक्रवार सुबह घर के बाहर किसी को न देख पड़ोसी अमद घर आया, तो देखा हिना का शव बरामदे में पड़ा था और बच्चे कमरे में बंद थे।

### शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

दरवाजा खोलकर दोनों बच्चों को बाहर निकाला। साथ ही, पड़ोस में रहने वाले मृतका के माता-पिता को घटना की सूचना दी। हत्या की सूचना पर कोतवाल फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पहुंचे। बड़े बच्चे का बयान दर्ज करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि गला दबाकर महिला की हत्या की गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पति लापता है।

# बिजली संकट झेल रहे लोगों ने उपकेंद्र पर की नारेबाजी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

अचलगंज। एक हफ्ते से बिजली संकट झेल रहे लोगों ने मवईया उपकेंद्र पर पहुंचकर नारेबाजी की। साथ ही आपूर्ति जल्द बहाल न होने पर धरना देने की चेतावनी भी दी।

नगर पंचायत अचलगंज के धन्नीपुर वार्ड की बिजली आपूर्ति बगल के गांव गड़ारी के ट्रांसफार्मर से हो रही है। नई नगर पंचायत बनने के बाद सभी वार्डों की आपूर्ति अचलगंज नगरीय फीडर से जोड़ दी गई है। धन्नीपुर में लाइन बिछाने के बाद भी आपूर्ति चालू नहीं की गई। पिछले हफ्ते गड़ारी ट्रांसफार्मर भी धड़ाम हो गया। इससे धन्नीपुर की आपूर्ति भी ठप हो गई।



लोग पांच दिन से मोबाइल रिचार्ज तक के लिए तरस गए। भीषण गर्मी में बिजली संकट झेल रहे लोगों का धैर्य जवाब दे गया और अखिल गुप्ता, विजय शुक्ल, बड़े तिवारी, लखन तिवारी, नीतू अग्निहोत्री, कल्लू सविता, राजेश तिवारी, शोभित, आशु, लखन, राजेश, राजेंद्र, मोनू, संजय, मुरारी व विवेक आदि ने मवईया स्थित उपकेंद्र पर पहुंचकर उसका घेराव किया और नारेबाजी भी की। साथ ही दो दिन के अंदर बिजली आपूर्ति शुरू न होने पर अनिश्चित समय के लिए गेट पर धरना देने की चेतावनी दी। जेई आशीष सिंह ने बताया कि गांव के अंदर तार बदलने है। दो दिन में नगरीय क्षेत्र के तहत बिजली आपूर्ति चालू हो जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### किसान के घर से 10 लाख के जेवर और नकदी चोरी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। नवाबगंज। इब्राहिमपुर उसराहा गांव में चोरों ने किसान के घर को निशाना बनाया। पीड़ित के अनुसार, 40 हजार रुपये और 9.60 लाख कीमत के जेवर चोरी हुए हैं। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमपुर उसराहा निवासी कृपाशंकर शुक्ला पत्नी उर्मिला और पौत्र के साथ रहते हैं। बुधवार रात रात घर के पीछे पेड़ के सहारे चोर छत पर पहुंचे। आंगन में जाल न होने से रस्सी के सहारे नीचे उतर गए। चोरों ने कमरों में रखी अलमारी और बक्से का ताला तोड़कर 9.60 लाख कीमत के जेवर और 40 हजार रुपये की नकदी पार कर दी। गुरुवार सुबह जब नींद खुली और सामान बिखरा देखा तो वह परेशान हो गए। पुलिस ने जांच की। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि जांच की गई है। मामला संदिग्ध लग रहा है।

### दो वाहन चोर पकड़े, पांच बाइकें बरामद

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। चकलवंशी। माखी-रसूलाबाद मार्ग पर गंगा एक्सप्रेसवे के पास बुधवार रात वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी की पांच बाइकें भी बरामद की हैं। माखी थानाध्यक्ष संदीप मिश्रा बुधवार रात माखी-रसूलाबाद मार्ग पर गंगा एक्सप्रेसवे के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी बाइक सवार दो युवक दिखे। वह दोनों बाइक के कागज नहीं दिखा पाए। बाइक नंबर के आधार पर जांच की तो पता चला कि भिम्माखेड़ा गांव निवासी शैलेंद्र ने 15 जून को इसी बाइक के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दोनों से कड़ाई से पूछताछ की तो वाहन चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात कबूली। एक ने अपना नाम जाविर कुरैशी निवासी कुरौली हसनगंज और दूसरा आसीवन थाना के पाठकपुर निवासी आशीष उर्फ दीपक है। दोनों की निशानदेही पर एक बाग में चार बाइकें और बरामद कीं। दो बाइकों के आधे पुर्जे गायब मिले हैं। आरोपियों ने बताया कि दो बाइकों के इंजन व अन्य कीमती पुर्जे बेच दिए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों को जेल भेजा गया है।

### दो पिलर दरकने से पुलिया झुकी, हादसे का खतरा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। परियर। देवीपुरवा-पनपथा मार्ग पर बनी पुलिया के दो पिलर दरक गए हैं। इससे पुलिया का बीच का हिस्सा झुक गया है। गंगा नदी की उपधारा पर बनी इस पुलिया से आवागमन खतरों भरा हो गया है। सदर तहसील क्षेत्र के देवीपुरवा गांव से पनपथा को जोड़ने वाली पुलिया का निर्माण विधायक निधि से वर्ष 2017-18 में हुआ था। पुलिया पनपथा गांव के बाहर से निकली गंगा नदी की उपधारा पर बनी है। महज छह साल में पुलिया के बीच के दो पिलर पानी के तेज बहाव के दरक गए हैं। इससे पुलिया की स्लैब के बीच का हिस्सा झुक गया है। परियर, मानाबंगला, देवीपुरवा, जुड़ापुरवा आदि गांव के लोग आवागमन करते हैं। ग्रामीण जान जोखिम में डाल कर आवागमन कर रहे हैं। सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि पुलिया की जानकारी नहीं है। जल्द निरीक्षण कराकर मरम्मत कराई जाएगी।

### भतीजी से छेड़छाड़ करने वाले चाचा को पांच साल की सजा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। भतीजी से छेड़छाड़ का दोष साबित होने पर न्यायालय ने पीड़िता के चाचा को पांच साल की सजा सुनाई है। उस पर 20 हजार का अर्थदंड लगाया गया है। माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने चार सितंबर 2017 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी तीन साल की बेटी से उसके ही भाई (बच्ची के चाचा) ने छेड़छाड़ की। बच्ची का रोना सुनकर पत्नी पहुंची तो आरोपी भाग निकला। तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य एकत्र कर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की थी। गुरुवार को मुकदमे की सुनवाई पूरी हुई। न्यायाधीश शैलेंद्र सिंह यादव ने शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की दलील व साक्ष्य के आधार पर दोषी को सजा सुनाई।

### मारपीट करने वाले पर पांच हजार का जुर्माना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। मारपीट के एक मामले में न्यायाधीश ने युवक को दोषी पाते हुए पांच हजार का जुर्माना लगाया है। हालांकि उसे अनुसूचित जाति उत्पीड़न में दोषमुक्त किया है। सदर कोतवाली के गदनखेड़ा निवासी मंशाराम की तहरीर के आधार पर पड़ोस में रहने वाले भंड तिवारी पर एससी-एसटी और मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। विवेचक शैलेश यादव ने जांच में आरोपी को दोषी पाते हुए एससी-एसटी न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। गुरुवार को मुकदमे की हुई अंतिम सुनवाई में अभियोजन पक्ष से मनोज कुमार पांडेय की पैरवी और दलीलों से न्यायाधीश सत्यवान सिंह ने भंड तिवारी को मारपीट का दोषी मानते हुए पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। (संवाद)

# सड़क किनारे दुकानों पर पलटा चावल लदा ट्रक, महिला और दो बच्चों की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बेहटा मुजावर। संडीला-उन्नाव मार्ग पर चावल लदा ट्रक डंपर से बचने के प्रयास में नियंत्रित होकर सड़क किनारे लगीं दुकानों पर पलट गया। हादसे में महिला और उसके दो बच्चों की दबकर मौत हो गई। चालक भाग निकला। तीन घंटे तक जाम लगा रहा।

हरदोई जिले के कछौना थानाक्षेत्र के समोधा गांव निवासी राजकुमार भुर्जी की पत्नी सरला (33) करीब छह साल से मां देवकी और पिता परमेश्वर की मौत के बाद मायके बेहटा मुजावर में रहकर पुराने थाना भवन के पास चाय-समोसा की दुकान चला रही थी। इसी दुकान से वह दो बेटों करन (15) और विक्की (13) के साथ दो अविवाहित भाई सरवन व सुमित का पालन पोषण कर रही थी।

पति राजकुमार दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में काम करता है। वह होली में आया था, तब से यहीं पर था। बुधवार रात करीब दो बजे बांगरमऊ से संडीला 50 टन चावल लादकर जा रहा ट्रक सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर से बचने के प्रयास में बाजार के पास अनियंत्रित होकर बाएं तरफ सड़क किनारे पटरी पर उतर गया और करीब 20 मीटर आगे जाकर दुकानों पर पलट गया। हादसे के वक्त सरला दुकान में तख्त पर सो रही थी, जबकि उसके दोनों बेटे पास में ही दिलीप गुप्ता के फास्ट फूड काउंटर पर सो रहे थे। तीनों चावल की बोरियों के नीचे दब गए। सूचना पर बांगरमऊ सीओ अरविंद कुमार और थानाध्यक्ष फूल सिंह पहुंचे। आसपास के लोगों और क्रेन की मदद से बोरियों को हटवाकर करीब एक घंटे बाद तीनों को निकालकर बांगरमऊ सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक भाग निकला। इस दौरान करीब तीन घंटे तक चार किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। सीओ ने बताया कि मृतका के पति राजकुमार की तहरीर पर ट्रक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। ट्रक, बांगरमऊ से चावल लादकर संडीला जा रहा था। ट्रक मालिक और चालक का पता लगाया जा रहा है।

### तीन जिंदगियों पर भारी पड़ गई अफसरों की लापरवाही

बेहटा मुजावर (उन्नाव)। लोक निर्माण विभाग के अफसरों और ठेकेदार की लापरवाही तीन जिंदगियों पर भारी पड़ गई। जिस स्थान पर हादसा हुआ वहां फुटपाथ सड़क से करीब दो फीट नीचे था। सड़क बनाने के बाद यदि फुटपाथ और सड़क का लेबल बराबर करा दिया जाता तो शायद हादसा टल जाता। बांगरमऊ से संडीला जाने वाले मार्ग का जिले की सीमा में 18 किलोमीटर हिस्सा है। पीडब्ल्यूडी करीब एक महीने से इस मार्ग का नवीनीकरण करा रहा है। करीब पांच किलोमीटर मार्ग का निर्माण होना बाकी है। बनने के बाद सड़क फुटपाथ से काफी ऊंची हो गई है। जहां पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा वहां सड़क पटरी से करीब दो फीट ऊंची है। दूसरे वाहन को साइड देते समय वाहन अक्सर दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। इलाकाई लोगों का कहना है कि ट्रक चावल की एक हजार बोरियो (प्रति बोरी 50 किलो) से पूरी तरह लोड था। सड़क से जैसे ही वह दो फीट नीचे फुटपाथ पर उतरा तो एक तरफ झुक गया। पूरा वजन एक तरफ आ जाने से ट्रक दुकानों की तरफ झुका और कुछ दूर जाकर पलट गया। फुटपाथ और सड़क का स्तर यदि बराबर होता तो शायद महिला और दो बेटों की जिंदगी बच जाती। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता सुबोध कुमार ने बताया कि सड़क नवीनीकरण का काम पूरा होने के बाद दो मीटर चौड़े फुटपाथ की भी मरम्मत होनी है। ज्यादा निचले स्थानों पर मिट्टी की भरान कराकर दुरुस्त किया जाना है। हादसे वाले स्थान पर पटरी अगर सड़क से ज्यादा नीचे है तो वहां ठीक क्यों नहीं की गई इस पर जेई से रिपोर्ट लेंगे। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे से पहले राजकुमार भी यहीं सो रहा था

हादसे से कुछ समय पहले मृतका सरला का पति राजकुमार भी इसी दुकान में सो रहा था। लेकिन रात करीब 12 बजे बारिश शुरू होने से दुकान का छप्पर टपकने लगा। उसने सरला के तख्त को दूसरे स्थान पर रखवाया और खुद सड़क के दूसरी तरफ बनी पक्की दुकानों के बाहर बरामदे में सो गया। करीब दो घंटे बाद हादसा हुआ, जिसमें पूरा परिवार खत्म हो गया।

### अगले सप्ताह राजकुमार को बेटे के साथ लौटना था दिल्ली

राजकुमार दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। वह बड़े बेटे करन 15 को अपने साथ रखता था। करन नई दिल्ली के मुखर्जीनगर केंद्रीय विद्यालय में पढ़ता था। उसने इसी साल 10वीं कक्षा पास की थी। होली में वह बेटे का साथ आया था। राजकुमार के मुताबिक, उसे व बेटे को अगले सप्ताह दिल्ली वापस जाना था। बेटे करन का 11वीं में दाखिला कराना था।

# सिपाही को छत से फेंका गंभीर हालत में रेफर



**गाली-गलौज कर रहे पिता-पुत्र ने किया पथराव**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव जिले के आसीवन थाना क्षेत्र के गांव में नशे में गाली-गलौज और पड़ोसी के घर पर पथराव की शिकायत पर पीआरवी के सिपाही और चालक पहुंचे थे। यहां आरोपी पिता-पुत्र ने सिपाहियों पर छत से पथराव किया। सिपाही उन्हें पकड़ने के लिए छत पर गया, तो उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया।

सूचना पर थाने से फोर्स पहुंचा और घायल सिपाही को अस्पताल पहुंचाया, जहां से कानपुर हैलट रेफर किया गया है।

पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। आसीवन थाना के गौरा गांव निवासी हरिओम ने गुरुवार देर रात 112 डायल कर सूचना दी।

### सिपाही को छत से नीचे फेंक दिया

आरोपी इस पर नहीं माने और गाली गलौज करते रहे। उन्हें काबू करने के लिए सिपाही कृष्णदेव और होमगार्ड रामचंद्र छत पर पहुंचे, तो दोनों आरोपियों ने पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट की। उनके सीयूजी और निजी मोबाइल फोन छीन लिए और इसी दौरान सिपाही कृष्णदेव यादव को छत से नीचे फेंक दिया।

### पिता-पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खड़ंजा मार्ग पर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। होमगार्ड रामचंद्र ने थाने पर सूचना दी। पुलिस फोर्स ने घायल सिपाही को मियागंज सीएचसी पहुंचाया, जहां से कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी श्रवण कुमार और उसके पुत्र मनीष को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# क्षेत्राधिकारी व स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में इन दोनों वन विभाग के अधिकारियों द्वारा कहीं ब्लॉक के कर्मचारियों और कहीं स्कूल के अधिकारों के सहयोग से वृक्षों का रोपण किया जा रहा है वहीं पर इस वर्ष वृक्षारोपण करने वाले जनप्रतिनिधियों और अध्यापकों के बोर्ड भी उनके नाम से लगाए जा रहे हैं जिससे वह उनकी देखभाल करते रहें अभी यह होता था कि सामूहिक वृक्षारोपण कर दिया जाता था उसके बाद में देख देख के भाव में सूख जाते या जानवर चर जाते थे और साल में वृक्ष एक भी तैयार नहीं हो पाए थे अब जिनके बोर्ड लगे होंगे कम से कम वह महीने भर में एक दिन में उनको देखने तो आएंगे कि उनके क्या हाल-चाल है इसी कड़ी शुक्रवार सांविलयन विद्यालय औरोताहरपुर में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ककवन ब्लॉक प्रमुख किरण यादव और प्रधानाचार्य मोहिनी सिंह के नाम का बोर्ड लगाया गया है। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी शिव नरेश राजपूत, ब्लॉक प्रमुख ककवन प्रतिनिधि इं विनय यादव, प्रधानाचार्या मोहिनी सिंह, ग्राम प्रधान श्रीमती रुची वर्मा विद्यालय का समस्त स्टाफ छात्र छात्राएं क्षेत्रीय वनाधिकारी बिल्हौर रेंज विजय कुमार श्रीवास्तव, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी अभिषेक मिश्रा, वन रक्षक श्री प्रदीप कुमार यादव एवम बिल्हौर रेंज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# बिल्हौर नगरपालिका ईओ ने जूनियर स्कूल में अधूरे पड़े रेन वाटर हार्वेस्टिंग को देखकर ठेकेदार को फटकारा

**खंड शिक्षा अधिकारी की शिकायत पर वह देखने गई थी**

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

बिल्हौर नगरपालिका में ठेकेदार और के की अपनी मनमानी के चलते नगरपालिका के अधिकारी और जनता परेशान है अभी तक जो निर्माण हुई सड़कों घटिया सामग्री के चलते आए दिन जिले के अधिकारी जांच टीम भेजते रहें वहीं पर विगत कुछ माह पहले रेन वाटर हार्वेस्टिंग खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप जूनियर स्कूल के पास में बनाया गया था काफी समय तक गड्ढा खुदा पड़ा रहा फिर ठेकेदार ने उसको धीरे-धीरे करके बनाया बनाने के बाद मिट्टी का भराव इतना कर दिया कि एक कमरे का दरवाजा खुलना ही बंद हो गया वहीं पर पिछले एक हफ्ते से बारिश के चलते मिट्टी भराव धंस गया है और वहीं से बच्चे निकलते हैं किसी भी समय कोई भी घटना दुर्घटना हो सकती है। कार्यालय की बिल्डिंग का पानी भी उसी जगह से होकर निकलता था वह भी बंद हो गया जिससे शिक्षकों ने किसी तरह पानी निकास कराया इस अधूरे रेन वाटर हार्वेस्टिंग छत से पानी आने के लिए पाइप तक नहीं लगाए गए हैं और कोई भी तमाम अभी काम बाकी है। इस समस्या को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा से शिकायत की थी जिस पर उन्होंने पहुंच कर हकीकत जानी और ठेकेदार को फोन फटकार लगाते हुए कहा जल्द इसको दुरुस्त कराए वरना कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## ओलंपिक के लिए जा रहे खिलाड़ियों से मिले पीएम मोदी, कहा

# 2036 का दावा मजबूत करेंगे आपके अनुभव

**✻ प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की रवानगी से पहले पीएम मोदी ने उनसे शुक्रवार को खास मुलाकात की और उन्हें विजय मंत्र दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा कि उनके द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी 2036 ओलंपिक की मेजबानी का दावा मजबूत करने में काम आएगी। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थायें क्या हैं, उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा , वह 2036 के लिये काम आयेगा। आप यह देखकर आयेंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक में रहा है जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत सात पदक जीते।भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया है जिसमें 21 निशानेबाज हैं।



### पीएम बोले, मुझे भरोसा है खिलाड़ी अपना 100 प्रतिशत देंगे

पेरिस ओलिंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होना है। ओलिंपिक खिलाड़ियों से मोदी ने बातचीत में कहा- मुझे भरोसा खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, ये 140 करोड़ देशवासियों में आशा जगाते हैं। मैं आश?वस्?त हूं कि एथलीट अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करके भारत को गौरवांवित करेंगे। मोदी ने पहली बार ओलिंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली बॉक्सर निखत जरीन सहित कई शूटरों से बातचीत की और उनकी तैयारियों को जाना।

### सिंधु ने नए खिलाड़ियों से कहा कि प्रेशर न लें अपने खेल पर फोकस रखें

पीवी सिंधु ने कहा कि मेरा तीसरा ओलिंपिक है। 2016 रियो ओलिंपिक में सिल्वर मेडल लेकर आई थी। टोक्यो में ब्रॉन्ज मेडल लेकर आई थी। इस बार कलर चेंज करके लौटना चाहती हूं। मोदी ने सिंधु से कहा कि आप नए प्लेयर्स से क्या कहना चाहेंगी। सिंधु ने कहा कि ओलिंपिक में कई लोग प्रेशर में रहते हैं और ओलिंपिक में भाग लेने को लेकर उत्साहित रहते हैं। मेरा कहना है कि आपको फोकस रखना है और अपना 100 प्रतिशत देना है।


### प्रियंका गोस्वामी से पूछा- आपके बालकृष्ण कहां है

वॉकर प्रियंका गोस्वामी से ऋरूमोदी ने बातचीत की शुरुआत करते हुए पूछा, बालकृष्ण कहां हैं। क्या आपके साथ हैं। गोस्वामी ने जवाब दिया, वह मेरे साथ स्विटजरलैंड में ही हैं। यह मेरा और उनका दूसरा ओलिंपिक है। तीन महीने से मैं देश के बाहर ही प्रैक्टिस कर रही हूं। पहले ऑस्ट्रेलिया में ट्रेनिंग किया और अब स्विटजरलैंड में प्रैक्टिस कर रही हूं। दरअसल, प्रियंका अपने साथ अपने बालकृष्ण (भगवान लड्डू गोपाल) की मूर्ति साथ रखती हैं। पीएम ने उनसे कहा कि तुम्हारी शिकायत थी कि तुम्हारा खेल कोई नहीं देखता, अब प्रैक्टिस में लोग आपको खेलते देखते हैं। गोस्वामी ने जवाब दिया कि विदेशों में यह इवेंट अन्य खेलों की तरह ही प्रचलित है। पर आपकी ओर से बढ़ावा देने के बाद देश में भी यह इवेंट काफी प्रचलित हुआ है।

### खेल मंत्री और ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष भी रहीं मौजूद

भारतीय खिलाड़ियों के दल के साथ खेल मंत्री मनसुख मांडविया, खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा भी थीं। मोदी ने नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निखत जरीन और ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु से वर्चुअल बातचीत भी की।

## देश की एक और उपलब्धि, 2023-24 में भारत में हुआ 1.27 लाख करोड़ रुपये का रक्षा उत्पादन



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में 2023-24 के वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड रक्षा उत्पादन हुआ है। इस दौरान देश में 1.27 लाख करोड़ रुपये की कीमत के हथियार और रक्षा उपकरण बने हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि यह अब तक का एक वित्तीय वर्ष में सबसे ज्यादा रक्षा उत्पादन है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया अभियान के तहत यह एक मील का पत्थर है। राजनाथ सिंह ने कहा सरकार भारत को एक शीर्ष वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा %प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया कार्यक्रम साल दर साल नए मील के पत्थर पार कर रहा है। भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। 2023-24 में 1,26,887 करोड़ रुपये का रक्षा उत्पादन हुआ, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 16.8 प्रतिशत ज्यादा है।% राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनियों और रक्षा उत्पादों का निर्माण करने वाली निजी क्षेत्र की कंपनियों को बधाई दी।

### रक्षा निर्यात में भी हुई बढ़ोतरी

सरकार ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में यह अहम है। सरकार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में देश में रक्षा उत्पादन 1,08,684 करोड़ रुपये का हुआ था। सरकार ने बताया कि 2023-24 में जो कुल रक्षा उत्पादन हुआ है, उसमें से 79.2 प्रतिशत रक्षा उत्पादन सरकारी और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा किया गया है। वहीं 20 प्रतिशत उत्पादन निजी कंपनियों द्वारा किया गया है। सरकार के बयान के अनुसार, बीते 10 वर्षों में सरकारी नीतियों और रक्षा उत्पादन क्षेत्र में लाए गए सुधारों के चलते यह उपलब्धि हासिल हुई है। गौरतलब है कि 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात भी बढ़ा है और इस वित्तीय वर्ष में ये 21,083 करोड़ रुपये रहा। वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में यह 32 प्रतिशत ज्यादा है।

## केजरीवाल की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई, सीबीआई को कोर्ट का नोटिस

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा उत्पाद शुल्क नीति मामले से जुड़े एक सीबीआई मामले में जमानत की मांग करने वाली याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया। हाई कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर सीबीआई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सीबीआई को एक सप्ताह के अंदर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली तारीख 17 जुलाई है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को इस मामले में 26 जून को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं। दिल्ली सीएम ने सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए एक जुलाई को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। 26 जून को सीबीआई द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट ने केजरीवाल को तीन दिनों की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया था। जिसके बाद 29 जून को केजरीवाल को कोर्ट ने 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सीबीआई से पहले इसी मामल में ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में लंबी पूछताछ के बाद सीएम केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। ईडी की भी गिरफ्तारी को भी सीएम केजरीवाल ने कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित है।

## निर्मला सीतारमण से मिले चंद्रबाबू नायडू, आंध्र की वित्तीय सहायता बढ़ाने पर विचार करने को कहा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू केंद्रीय बजट की प्रस्तुति से पहले शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। उन्होंने कर्ज के बोझ दबे राज्य की वित्तीय सहायता बढ़ाने पर जोर दिया। सूत्रों ने बताया कि नॉर्थ ब्लॉक में बैठक के दौरान नायडू ने राज्य में चल रही विभिन्न परियोजनाओं पर प्रकाश डाला, जिनके लिए उन्हें वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। सूत्रों ने कहा, ÷मुख्यमंत्री ने राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं और बढ़े हुए आवंटन की मांग के पीछे के तर्क को रेखांकित करते हुए एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया।÷ बैठक के दौरान तेलुगू देशम पार्टी के मंत्री मौजूद थे। राज्य सरकार के डेटा के अनुसार, राज्य सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, आंध्र प्रदेश का ऋण 2019-20 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 31.02 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 33.32 प्रतिशत हो गया है। यह पिछले पांच वर्षों में राज्य की राजकोषीय स्थिति में गिरावट का संकेत देता है।

### नायडू ने इन मुद्दों पर जोर दिया

चंद्रबाबू नायडू ने पोलावरम सिंचाई परियोजना, पिछड़े क्षेत्रों के लिए विशेष सहायता और नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए धनराशि की मांग की है। उन्होंने आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद उत्पन्न हुए मुद्दों के समाधान पर भी जोर दिया। यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह केंद्रीय बजट की प्रस्तुति से पहले हो रही है। सूत्रों ने बताया कि सीतारमण ने चंद्रबाबू नायडू की चिंताओं को सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि वह राजकोषीय बाधाओं के भीतर आंध्र प्रदेश की मांग पर गौर करेंगी। बता दें कि आंध्र प्रदेश सीएम ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की। चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) केंद्र में भाजपा नीत एनडीए सरकार में एक महत्वपूर्ण साथी हैं।

## तेलंगाना में बीआरएस को बड़ा झटका, छह विधायक कांग्रेस में हुए शामिल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद**

तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को एक बड़ा झटका लगा है। गुरुवार को बीआरएस के छह एमएलसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हो गए। पिछले साल विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद से ही बीआरएस के एमएलसी के पार्टी छोड़ने क सिलसिला जारी है। कांग्रेस में शामिल होने वाले छह एमएलसी में दांडे विट्ठल, भानु प्रसाद राव, एम एस प्रभाकर, बोग्गरापु दयानंद, येग्गे मल्लेशम और बसवराजू सरैया शामिल हैं। नेताओं की उपस्थिति में बीआरएस के एमएलसी कांग्रेस में शामिल हुए।

# जनता ही मेरी एकमात्र पार्टी है: अजित पवार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने लोगों से विकास के लिए उनका समर्थन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि राजनीति में कदम रखने के बाद से ही वह अपनी पार्टी से जुड़े हुए हैं। उनके ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप भी साबित नहीं हुए। उन्होंने कहा कि जनता ही उनकी पार्टी है और जनता का कल्याण करना ही उनकी प्राथमिकता है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने एक वीडियो मैसेज में कहा, लोग ही मेरी एकमात्र पार्टी है। मैं जो भी करूं, लोगों का कल्याण ही मेरी प्राथमिकता है। मैं हमेशा लोगों के फायदे के बारे में सोचता हूं। उन्होंने यह वीडियो लोक सभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद भाजपा, राकांपा और शिवसेना वाले सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के भीतर असंतोष की अटकलों के बीच जारी किया।



### लोकसभा चुनाव में राकांपा का खराब प्रदर्शन

लोकसभा चुनाव में महायुति ने महाराष्ट्र की 48 सीटों में से केवल 17 सीटों पर ही जीत हासिल करने में कामयाब रही। भाजपा ने केवल नौ सीटों पर जीत हासिल की, जबकि 2019 में भाजपा ने महाराष्ट्र में 23 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं शिवसेना ने नौ सीटों पर और राकांपा को केवल एक सीट पर जीत मिली।

### अजित पवार ने की जनता से अपील

पिछले हफ्ते विधानसभा में पेश किए गए बजट का बचाव करते हुए अजित पवार ने कहा कि उनके विरोधी उन्हें गालियां दे रहे हैं, क्योंकि वे नहीं चाहते कि विकास का फल नागरिकों को मिले। उन्होंने दावा किया कि उनके ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप कभी साबित नहीं होंगे। यह कहते हुए अजित पवार ने अपने आलोचकों पर गंदी राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया।

### राजनेताओं को वोट देने की अपील की

अजित पवार ने लोगों से केवल भाषणबाजी करने वाले राजनेताओं से दूर रहने और काम करने वाले राजनेताओं को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जो काम करते हैं उनकी आलोचना सबसे ज्यादा होती है। बता दें कि पिछले साल जुलाई में अजित पवार ने अपने चाचा और राकांपा के संस्थापक शरद पवार के खिलाफ विद्रोह कर दिया और भाजरा-शिवसेना के साथ गठबंधन में शामिल हो गए। बाद में उन्हें पार्टी का नाम और पार्टी चिह्न भी मिल गया, जबकि शरद पवार की पार्टी का नाम राकांपा-शरदचंद्र पवार रखा गया।

## भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धि: 128 साल पुरानी बीमारी का स्वदेशी टीका खोजा, शिगेला बैक्टीरिया से रक्षा करेगा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के वैज्ञानिकों ने 128 साल पुरानी बीमारी का तोड़ तलाश लिया है। पिछले कई वर्षों से चल रहे शोध के बाद वैज्ञानिकों ने शिगेला बैक्टीरिया से लड़ने वाला पहला स्वदेशी टीका खोजा है, जो बैक्टीरिया के 16 उप स्वरूपों पर असरदार है। पोलियो की तरह इसकी खुराक भी मौखिक रूप से दी जा सकती है। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने जानकारी दी है कि भारत में कई साल से नवजात शिशुओं में शिगेलोसिस संक्रमण का जोखिम बना हुआ है जो शिगेला बैक्टीरिया की वजह से होता है। दुनिया में पहली बार 1896 में इस बीमारी की पहचान जापान के माइक्रोबायोलॉजिस्ट कियोशी शिगा ने की जिसके चलते इसे शिगेला नाम मिला। यह रोटा वायरस के बाद दूसरा और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है। यह संक्रमण दूषित भोजन या पानी पीने से हो सकता है। आईसीएमआर के कोलकाता स्थित राष्ट्रीय जीवाणु संक्रमण अनुसंधान संस्थान की टीम पिछले कई साल से इस बीमारी के टीका की खोज में जुटी थी जिसमें अब सफलता हासिल हुई है। फिलहाल आईसीएमआर ने इस टीका के उत्पादन और व्यवसाय के लिए देश की प्राइवेट कंपनियों से प्रस्ताव मांगा है।

### जानलेवा हो सकती है बीमारी

दरअसल शिगेला नामक बैक्टीरिया के एक जींस के कारण शिगेलोसिस या फिर शिगेला संक्रमण इंसान की आंतों को चपेट में लेता है। संक्रमित होने के एक से दो दिन के भीतर ही मरीज में लक्षण दिखना शुरू हो जाते हैं। उल्टी, दस्त, कमजोरी जैसे डायरिया के हालात दिखाई पड़ने लगते हैं जिसके गंभीर परिणाम भी मरीजों पर पड़ते हैं। यह स्थिति जानलेवा भी होती है। भारत में बीते कई वर्षों से अलग अलग समय पर इसके मामले सामने आए हैं।

### अस्पतालों में सबसे ज्यादा मामले

आईसीएमआर की 2022 में जारी एंटीमाइक्रोबियल सर्विलांस रिपोर्ट के अनुसार, साल 2021 में देश के 39 अस्पतालों में जिन बैक्टीरिया के सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए गए उनमें शिगेला भी शामिल है। 49.5॥ नमूनों में साल्मोनेला और शिगेला बैक्टीरिया पाया गया। आईसीएमआर ने बताया कि यह टीका शिगेला बैक्टीरिया का एक मल्टी सीरोटाइप विकल्प है जो सभी 16 उप स्वरूपों पर असरदार है। इनमें एस. डिसेन्टेरिया 1 से लेकर 14 एस. फ्लेक्सनेरी और एस. सोनेई उप स्वरूप शामिल हैं। वैज्ञानिक दल के मुताबिक शिगेला की चार प्रजाती और 50 तरह के सीरो टाइप अब तक दुनिया भर में पहचाने गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा आक्रामक स्वरूपों के खिलाफ भारत का टीका बनाया है।

## हिजबुल्लाह ने इजराइल पर 200 रॉकेट दागे, टॉप कमांडर की मौत के बाद किया हमला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

ईरान-समर्थक संगठन हिजबुल्लाह ने इजराइल पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक आतंकी संगठन ने गुरुवार को यहूदी देश पर 200 से ज्यादा रॉकेट दागे हैं। इसके अलावा करीब 20 ड्रोन्स से भी हमला किया गया है। हमले में इजराइल के कई मिलिट्री बेस को निशाना बनाया गया। इजराइली सेना ने कहा कि कुछ मिसाइलें लेबनान से उनके इलाके में गिरीं। इनमें से कई को रोक दिया गया। अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं है। हिजबुल्लाह ने ये हमला अपने एक टॉप कमांडर की मौत का बदला लेने के लिए किया है। दरअसल, इजराइल ने बुधवार को दक्षिण लेबनान के टायरे शहर पर हमला किया था। इसमें हिजबुल्लाह का टॉप कमांडर मुहम्मद निमाह नासिर मारा गया था। हिजबुल्लाह ने भी कमांडर की मौत की पुष्टि की थी। हिजबुल्लाह के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने के लिए तैयार रहेगी।

## सामान्य भविष्य निधि में सरकारी कर्मियों को झटका, ब्याज दर में बढ़ोतरी नहीं, 5 साल से 7.1 फीसदी पर अटकी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने 2024-25 में जुलाई से सितंबर तिमाही के लिए सामान्य भविष्य निधि जीपीएफ पर मिलने वाले ब्याज की दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। पिछले पांच वर्षों से ब्याज दरें एक ही प्वाइंट पर अटकी हैं। वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने तीन जुलाई को जीपीएफ की ब्याज दरों की घोषणा की है। इसमें कहा गया है कि इस तिमाही के लिए भी ब्याज की दर 7.1 फीसदी ही रहेगी। इससे पहले अप्रैल-जून की तिमाही में भी जीपीएफ की ब्याज दर 7.1 फीसदी रही थी।

### एनडीए सरकार से थी ब्याज दरों में बदलाव की उम्मीद...

वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग ने एक जुलाई से 30 सितंबर तिमाही के दौरान जनरल प्रोविडेंट फंड और उससे मिलते जुलते अन्य प्रोविडेंट फंड के लिए ब्याज की दरें घोषित की हैं। सरकारी कर्मियों को इस बार एनडीए सरकार से जनरल प्रोविडेंट फंड की दरों में बदलाव किए जाने की उम्मीद थी, लेकिन वित्त मंत्रालय ने ब्याज की दरों में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया है। लंबे समय से ब्याज दरों को स्थिर रखा गया है।

### कोरोना के दौरान भी नहीं बढ़ाई गईं दरें

वर्ष 2021-22 के दौरान सामान्य भविष्य निधि तथा उसी प्रकार की अन्य निधियों के अभिदाताओं की कुल जमा रकमों पर दी जाने वाली ब्याज दर एक जुलाई 2021 से लेकर सितंबर 2021 तक 7.1 फीसदी रखी गई थी। आर्थिक कार्य विभाग के 19 अप्रैल 2021 को जारी संकल्प में भी सामान्य भविष्य निधि की राशि पर ब्याज दर 7.1 फीसदी तय की गई थी। उस वक्त देश में कोरोना की दूसरी लहर ने अपना कहर बरपा रखा था। तब केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता भी 18 माह से रोका गया था। इसी वजह से कर्मियों को यह उम्मीद थी कि सरकार जीपीएफ की राशि पर मिलने वाले ब्याज की दरों में बढ़ोतरी करेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हो सका।

### इन विभागों में लागू होती हैं दरें

ये दरें सामान्य भविष्य निधि (केंद्रीय सेवाएं), अंशदायी भविष्य निधि (भारत), अखिल भारतीय सेवा भविष्य निधि, राज्य रेलवे भविष्य निधि (रक्षा सेवाएं), भारतीय आयुद्ध विभाग भविष्य निधि, भारतीय आयुद्ध कारखाना कामगार भविष्य निधि, भारतीय नौसेना गोदी कामगार भविष्य निधि, रक्षा सेवा अधिकारी भविष्य निधि और सशस्त्र सेना कार्मिक भविष्य निधि पर लागू होती हैं। जीपीएफ में जमा कर्मियों की राशि पर बैंकों के मुकाबले ब्याज अधिक मिलता है।

# अधिग्रहित मिर्गी से परेशान नहीं हों, यूनानी चिकित्सा से ईलाज संभव: डॉ. लियाकत अली मंसूरी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मिर्गी रोग केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र के मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी वाले भाग में टेपवर्म टीनियासिस सोलियम के परजीवी संक्रमण के कारण होता है। ये परजीवी आंतों में संक्रमण करते हैं ये मनुष्य में तीन तरह के परजीवी होते हैट्ठ टीनिया सोलियम, टीनिया सैगिनाटा और टीनिया एशियाटिका । इनमें से केवल मनुष्य में टीनिया सोलियम ही बड़ी आंतों में संक्रमण करता है। इसे पोर्क टेपवर्म भी कहते हैं । यह उभयलिंगी होते हैं,वयस्क कृमि का शरीर चपटा, रिबन जैसा सफ़ेद 2 से 3 मीटर से भी अधिक लम्बे होते हैं । इसके मुंह के आगे कांटे नुमा चूसक स्कॉलेक्स होते हैं जिनसे ये बड़ी आंतों से खून चूसते हैं। जब ये केंदीय तंत्रिका तंत्र में प्रवेश करते हैं तो न्यूरोलॉजिकल लक्षण जैसे मिर्गी का आना शुरू होता हैं।



### मानव में संक्रमण के दो रूप होते हैं

- प्राथमिक होस्टिंग जिसे टेनिओसिस कहते हैं यह टेपवर्म अधपके सुअर के मांस में सिस्ट होने के कारण मानव की बड़ी आंतों में चले जाते हैं यहां इसका ईलाज बहुत आसानी से हो जाता हैं। इनकी जांच मल में अंडों को माइक्रोस्कोप द्वारा देख कर निदान किया जाता हैं।
- द्वितीयक होस्टिंग इसे सिस्टिसर्कोसिस कहते हैं जो वयस्क कृमियों से संक्रमित व्यक्ति के मल से दूषित भोजन खाने या पानी पीने के कारण होता हैं। यानि सिस्ट के बजाय टेपवर्म के अंडे मनुष्य द्वारा निगल लिए जाते हैं । अंडे मुख्य रूप से बिना लक्षणों के मांसपेशियों में सिस्ट विकसित करते हैं यही अंडे खून के साथ मस्तिष्क में चले जाते हैं वहीं मस्तिष्क में सिस्ट के बनने पर दौरे आने लगते हैं यहां इसका ईलाज अधिक कठिन लेकिन संभव है । इन्हें कंप्यूटेड टोमोग्राफी और न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेसोनेंस जैसी इमेजिंग तकनीकों का उपयोग किया जाता हैं। एंजाइम लिंक्ड इम्यूनोसोर्बेट परख की एंटीबॉडी प्रतिक्रिया का उपयोग करके रक्त के नमूनों की जांच की जाती हैं।

- **लक्षण**: जब परजीवी मस्तिष्क पर आक्रमण करते हैं तो दौरे , सिर दर्द, मतली, उल्टी, और भ्रम, गर्दन में अकड़न,कमजोरी या न्यूरोसाइकियाट्रिक गड़बड़ी होने लगती हैं। अन्य लक्षणों में तंत्रिका सम्बन्धी समस्याएं जैसे रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क या नसों को प्रभावित करती हैं।
- **कारण**: अधपका भोजन, विशेष रूप से सुअर का मांस, या टेपवर्म के अंडों से दूषित पानी, खराब स्वस्थता प्रथाओं के सेवन से संक्रमित होने के कारण होते हैं।
- **परिक्षण**: सेरोलॉजी परिक्षण , न्यूरो इमेजिंग जैसे सी.टी. स्कैन या एम.आर.आई.
- **यूनानी चिकित्सा**: अर्क मुंडी, शर्बत उस्तोखुद्दूस, हब्बे दीदान, हब्बे सराअ आदि का प्रयोग करने से न्यूरोसिस्टिकरोसिस का ईलाज हो जाता हैं। चिकित्सा अनुभवी चिकित्सक द्वारा ही की जानी चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)